

प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

सभी जिलों से प्राप्त खबरें

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- सिरोही

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

शिविर में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधा की मांग उठाई गई



मंडार | पीथापुरा में सोमवार सुबह संबल पखवाड़े के तहत शिविर हुआ। इसमें नाथ परिवार के लोगों ने मांग की कि 45 सालों से हम लोग परिवार सहित निवास करते हैं। आज दिन तक हम लोगों को स्थाई रूप से रहने का हक नहीं मिला है। ना हम लोगों को सरकारी नौकरी का लाभ मिला। हम अनुसूचित जाति के गरीब व्यक्ति हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते हैं एवं पीथापुरा में स्थित ओरण की सरकारी भूमि में हमारे कालबेलिया नाथ समाज की छोटी-सी ढाणी है। कच्चे केलुपोश झोपड़ों में 45 वर्षों से निवासरत हैं। भूमि की किस्म ओरण/गोचर होने से हम बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। अब परिवार सहित रहना मुश्किल है।

सरतरा में पेयजल के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति मिली : प्रधान



कालंदी | सरतरा पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल संबल शिविर हुआ। इसमें जिला प्रमुख अर्जन पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, प्रशासक पेपी देवी, बीडीओ मंछाराम और मधु देवी मौजूद रहे। जिला प्रमुख ने पोरचडी विभाग को वलदरा, मामावली और सिलोईया में जेजेएम योजना से बनी पानी की टंकियों और घर-घर जल आपूर्ति में हो रही अनियमितताओं को तुरंत सुधारने को कहा। सरतरा में रोड लाइट और वोल्टेज की समस्या दूर करने के लिए बिजली विभाग को निर्देश दिए। प्रधान ने बताया कि सरतरा में पेयजल के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। सरपंच प्रतिनिधि गिरीश देवासी ने भी विचार रखे। वलदरा में प्राथमिक विद्यालय खोलने और फाचरिया-वलदरा के बीच 2 से 3 किलोमीटर डामर सड़क बनाने की मांग की। बताया कि वलदरा में शिक्षा व्यवस्था ठीक नहीं होने से गांव के 20 से 250 बच्चे बाहर पढ़ने जा रहे हैं। फाचरिया-वलदरा सड़क बनने से दो दर्जन गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

शिविर में प्रधान ने ग्रामीणों को दिए पट्टे और स्वामित्व के प्रॉपर्टी कार्ड



रेवदर | रेवदर पंचायत समिति के ग्राम पंचायत सोनेला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन सोमवार को हुआ। नायब तहसीलदार जब्बर सिंह देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में प्रधान राधिका अर्जुन देवासी के हाथों पट्टा व स्वामित्व के प्रोपर्टी कार्ड वितरण किया गया। नवप्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत राउमावि सोनेला में नवप्रवेश बालक बालिकाओं का माला पहनाकर प्रधान देवासी द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त बीडीओ भरत सिंह मापेला, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश पुरोहित, सहायक सचिव महेश पुरोहित, सहायक अभियंता गोविंद मीणा, प्रशासक पीराराम मेघवाल, वार्डपंच मुकेश कुमार व केवदाराम चौधरी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

आल्पा में आयोजित शिविर में 25 पेंशन सत्यापन और 15 पट्टे जारी



पोसलिया | आल्पा पंचायत में शिविर का आयोजन भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में किया। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी समेत 14 विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। 25 पेंशन का सत्यापन, स्वामित्व कार्ड 51, पट्टे जारी 15, बीपीएल परिवारों की बैंक डायरी का सत्यापन 13, सीमा ज्ञान 5, नामांकन दर्ज 5, बंटवारा समेत अन्य कार्य का निस्तारण हुआ। सरपंच नारायणलाल रावल ने राज्यमंत्री को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र में कार्य पूरा नहीं होने, तीनों राजस्व गांवों में सीसी सड़क, नालियां क्षतिग्रस्त होने से आमजन को परेशानी हो रही। शिविर में मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार, सहायक विकास अधिकारी भवुताराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी श्वेता कुमारी, कनिष्ठ सहायक छगन लाल मीणा, लाबूराम चौधरी आदि मौजूद रहे।

चूली पंचायत ने 5 पट्टे तो कृषि विभाग ने तीन मृदा कार्ड बांटे



पोसलिया | निकटवर्ती ग्राम पंचायत चूली में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालय परिसर में हुआ। शिविर में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, शिविर प्रभारी तहसीलदार श्याम सिंह चारण और सरपंच चंपालाल मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागों ने भाग लिया। मंत्री ने पांच लोगों को पट्टे बांटे। राजस्व विभाग ने आठ बंटवारे, छह नामांतरण और चार रास्ता विवादों का निस्तारण किया। कृषि विभाग ने तीन मृदा कार्ड वितरित किए, पंचायत ने पांच पट्टे दिए, पेंशन सत्यापन और 26 लोगों का बीपीएल सर्वे किया गया। शिविर में अजीत सिंह रूखाड़ा, नरपत सिंह राडबर, इंद्र सिंह, तिलक मीना, अरुणा मीना, हीरालाल कुमावत, वार्ड पंच और ग्रामीण मौजूद रहे।

Scanned with CamS

भूमि स्वामित्व का स्पष्ट हक मिला तो मिला संबल

सिरोही. रणवीर राजस्थान। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत सोमवार को पंचायत समिमि रेवदर के पीथापुरा एम मे शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में पहुंचकर गीतादेवी छगनराम कोली ने बताया कि उनके परिवार का आवासीय मकान एवं पुश्तैनी आबादी भूमि ग्राम पीथापुरा एम के काली वास में आई हुई है। इस भूमि का पूर्व में उनके पास का कोई स्वामित्व का सक्षम दस्तावेज नही होने से भूमि एवं मकान सम्बन्धित आपसी छुटपुट विवाद होते रहते थे एवं इस मकान व पुश्तैनी आबादी भूमि का निर्विवाद रूप से उपयोग नहीं कर पा रहे है साथ ही उनके द्वारा इस मकान व भूमि पर सरकारी बैंक से लोन लेने के लिए आवेदन करने पर मकान का पट्टा व रजिस्ट्री आदि दस्तावेज मांगे जाते हैं। गीतादेवी को सोमवार को इस मकान व भूमि के स्वामित्व का स्पष्ट हक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अन्त्योदय संबल शिविर 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीथापुरा एम में प्रधान राधिका देवासी, प्रशासक मसरू देवी, पंचायत समिति सदस्या पंखु देवी एवं शिविर प्रभारी के द्वारा दिया गया। गीता देवी ने बताया कि अब उन्हें मकान व भूमि के संबंध में छूट पुट विवादों से निजात मिलेगी एवं सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण



आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। गीता देवी ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत संबल मिला है उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तथा प्रपासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

Scanned with CamS

सरतरा में अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में विभिन्न कार्य निपटाए



वेलांगरी. सरतरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में मंचासीन अतिथि।

वेलांगरी @ पत्रिका. समीपवर्ती सरतरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जिला प्रमुख अर्जन पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, पंचायत प्रशासक पेपी देवी, शिविर प्रभारी बीडीओ मंछाराम, उपतहसीलदार कालन्द्री, जिला परिषद सदस्य मधु देवी मौजूद रहे।

शिविर में विभागों से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा कर जनहित के कार्य को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख ने पीएचडी को वलदरा, मामावली, सिलोईया में जेजेएम स्कीम से बनी पानी टंकी व घर-घर पानी सप्लाई में आ रही अनियमितता को तत्काल दुरूस्त करने व सरतरा में रोड लाइट वोल्टेज समस्या के समाधान करने के लिए बिजली विभाग को निर्देश दिए।

प्रधान ने सरतरा में पेयजल के लिए 30 लाख स्वीकृति की जानकारी दी। इस दौरान लोगों ने नाली मरम्मत कराने, आरओ प्लांट को चालू रखने की मांग रखी। सरपंच प्रतिनिधि गिरीश देवासी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन सुरेश पुरोहित जुगनू ने किया। इस दौरान पौधारोपण किया गया। शिविर में राजस्व, पीएचडी, चिकित्सा, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक, पंचायतीराज, वन, बिजली, कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कार्मिक मौजूद रहे।

08/07/2025 | Sirohi | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

पत्रिका

आल्पा में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित

पोसालिया @ पत्रिका. निकटवर्ती ग्राम पंचायत आल्पा में पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन प्रभारी शिवगंज उपखण्ड अधिकारी नीरज मिश्र के निर्देशन व राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के आतिथ्य में किया गया।

शिविर में विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह, सरपंच नारायणलाल रावल, सहायक विकास अधिकारी भबुताराम मीणा, भू-अभिलेख निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हल्का पटवारी अजय पुनिया, ग्राम विकास अधिकारी श्वेता कुमारी, कनिष्ठ सहायक छगन लाल, लाभूराम चौधरी, तेजाराम वार्डपंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार व समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



पोसालिया. आल्पा शिविर में पट्टे वितरण करते मंत्री देवासी, एसडीएम मिश्र, सरपंच रावल व अन्य।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडा के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन प्रभारी शिवगंज तहसीलदार श्याम सिंह चारण के निर्देशन में किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी अरूणा मीणा ने बताया कि शिविर में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने राज्य व केन्द्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देते हुए हर

08/07/2025 | Sirohi | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

1 वर्ष से बंद पेंशन प्रारंभ होने पर राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया



सिरोही. रणवीर राजस्थान। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत मगरीवाडा में आयोजित शिविर में सुशीला जोशी ने आकर शिविर प्रभारी को अवगत करवाया कि उनकी पेंशन पिछले एक वर्ष से बंद है और पेंशन की इस समस्या से वे बेहद परेशान है इस पर शिविर प्रभारी ने तत्काल भौतिक सत्यापन कर परिवादी की पेंशन प्रारंभ करवाई। पेंशन प्रारंभ होने पर उन्होंने राज्य सरकार व प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Scanned with CamS

52 साल बाद वृद्ध महिला को मिला आवासीय पट्टा तों झलक पड़े आंखों से खुशी के आंसू

आल्पा में आयोजित शिविर में सरकार की योजनाओं से लाभांवित हुए ग्रामीण

शिवगंज. रणवीर राजस्थान। राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पंडीत दीनदयाल अंत्योदय शिविर के तहत सोमवार को उपखंड के ग्राम पंचायत आल्पा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने



अवलोकन कर लाभांवित ग्रामीणों को पट्टों इत्यादि का वितरण किया। इस मौके पर देवासी ने शिविर में भाग ले रहे सभी विभागों के अधिकारियों को पात्र ग्रामीणों को उनके विभाग से संबधित योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए। शिविर में सरपंच नारायणलाल रावल के प्रयासों से एक वृद्धा लक्ष्मी देवी को 52 साल बाद आवासीय पट्टे से लाभांवित किया गया। वर्तमान में यह वृद्धा बेघर होने की वजह से सामुदायिक भवन में अपने तीन पोते पोती के साथ निवास कर रही है। इस मौके पर सरपंच रावल ने मंत्री देवासी को अवगत करवाया कि जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्य पूर्ण नहीं होने की वजह से पंचायत के तीनों राजस्व गांव में सीसी सडक व नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिससे आम जन को काफी दुविधाओं का सामना करना पड रहा है। जिस पर देवासी ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान करवाने का भरोसा दिलाया। शिविर में 25 पेंशन का सत्यापन भी किया गया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह, सहायक विकास अधिकारी भबुताराम मीना, भू-अभिलेख निरीक्षक सुरेन्द्रसिंह, ग्राम विकास अधिकारी श्वेता कुमारी, कनिष्ट सहायक छगनलाल मीना, लाभुराम चौधरी, तेजाराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

Scanned with CamS

अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में उदय करना ही अन्त्योदय संबल शिविर का उद्देश्य: रावल

पिथापुरा पंचायत में शिविर आयोजित



नवज्योति/मंडार।

कस्बे के निकटवर्ती गांव पिथापुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रभारी रेवदर उप तहसीलदार पुखराज रावल एवं अतिरिक्त पंचायत समिति विकास अधिकारी हरीश प्रकाश सोनी द्वारा की गई। इस मौके पर शिविर प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का भी आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गरीब उत्थान के लिए विशेष योजना चलाई जा रही है एवं इस योजनाओं के माध्यम से सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को संबल प्रदान करना चाहती है जिसका हमें अधिकाधिक करवाते हुए मानसून के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का भी आग्रह किया। वहीं उन्होंने पंचायत की ग्राम सभा में उपस्थित रहकर गांव के विकास की रूपरेखा एवं प्रस्ताव देने का भी आग्रह किया। शिविर के दौरान प्रधान राधिका देवासी एवं सरपंच मशरू देवी कोली भी उपस्थित थे।

पट्टे पाकर चेहरे पर दिखी खुशी

शिविर के दौरान पांच लोगों को अपने भूमि के पट्टे वितरित किए गए एवं लंबे समय के बाद अपनी भूमि के पट्टे हाथ में आने पर उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी एवं लाभांवित परिवारों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। वही इस शिविर के दौरान दो पेंशन के आवेदन भी प्राप्त हुए जिनका मौके से

Scanned with CamS

चूली में अंत्योदय संबल शिविर आयोजित



नवज्योति/पोसालिया। निकटवर्ती ग्राम पंचायत चूली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत शिविर प्रभारी शिवगंज तहसीलदार श्याम सिंह चारण के निर्देशन में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी अरूणा मीणा ने बताया कि शिविर में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने राज्य व केन्द्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देते हुए हर योग्य जन को उनका लाभ दिलवाने में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने पांच लोगों को पटटे वितरण किए। शिविर में राजस्व विभाग ने 6 लोगों की बंटवारा प्रकरण, 6 म्यूटेशन का निपटारा तथा 4 प्रकरण रास्ता विवाद का निस्तारण किया। कृषि विभाग ने 3 मृदा कार्ड वितरण किए। पंचायत ने 5 पटटे, 6 पेंशन सत्यापन तथा 26 लोगों का बीपीएल सर्वेक्षण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 25 टीबी स्केनिंग तथा 96 ओपीडी मरीजों की जांच व उपचार तथा दो बच्चों टीकाकरण किया गया। शिविर में प्रभारी अधिकारी तहसीलदार श्याम सिंह चारण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरपतसिंह राडबर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजीतसिंह देवडा, सहायक विकास अधिकारी तिलक मीणा, सरपंच चंपालाल, ग्राम विकास अधिकारी अरुणा मीणा, कनिष्ठ सहायक हीरालाल समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

Scanned with CamS

दैनिक नवज्योति jalore-sirohi - 08 Jul 2025 - Page 2

सरतरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित

दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर आयोजित

वज्योति/कालंद्री।

ोमवार को सरतरा ग्राम पंचायत मुख्यालय र पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय बिल पखवाड़ा के तहत शिविर का ायोजन हुआ। शिविर में जिला प्रमुख र्जन पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल,



चायत प्रशासक पेपी देवी, शिविर प्रभारी ीडीओ मंछाराम, उपतहसीलदार कालन्द्री, ज़ला परिषद सदस्य मधु देवी आदी की ौजूदगी में शिविर का आयोजन किया या। इस दौरान अतिथियों का स्वागत ात्कार किया। साथ ही विभिन्न विकास ाजस्व पीएचडी चिकित्सा स्वास्थ्य आयुर्वेदिक पंचायतीराज वन बिजली कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर जनहित के कार्य को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख ने पीएचडी को वलदरा मामावली सिलोईया में जेजेएम स्कीम से बने पानी टंकी और घर घर पानी देने में आ रही अनियमितता को तत्काल दुरूस्त करने और सरतरा मे रोड लाईट वोल्टेज समस्या के समाधान करने के बिजली विभाग को निर्देश दिए। प्रधान ने सरतरा मे पेयजल हेतु 30 लाख स्वीकृती की जानकारी दी। इस दौरान लोगों ने नाली मरम्मत करने आरओ नियम चालू रखने की मांग रखी। सरपंच प्रतिनिधि गीरीश देवासी ने भी विचार व्यक्त किए।

वलदरा में सामान्य शिक्षा विभाग का प्राथमिक विद्यालय खुलवाने तथा फाचरिया वलदरा करीब दो तीन किलोमीटर डामर सड़क बनाने की मांग रखते हुए कहा कि वलदरा गांव में शिक्षा व्यवस्था समुचित नही होने से गांव से करीब 20-250 बच्चे अन्यत्र पढने जा रहे है। साथ ही फाचरिया वलदरा सड़क बनने से दो दर्जन गांव के लोगों को सीधा फायदा होगा। इस दौरान पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वीडीओ पीराराम, वेलाराम पुरोहित, ओटाराम चौधरी, आरआई ब्रदी पटेल महेन्द्रसिंह, महीपालसिह, शैलसिह, शंकर पुरोहित, डॉ अंकिता नराणोया, जेईएन बिजली पंकज, पीएचडी जेईएन प्रियंका, भैरूदान , मगन मेघवाल, बागाराम मेघवाल, बाबुलाल मेघवाल फुसाराम मेघवाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

तेरिनिक कॉलेज में छात्र

Scanned with CamS

पत्रिका

सरकार इस मामल म गार कर आर परेशानी को दूर कराएं।

सरपंच ने अपनी भैंस का बीमा करवाया, पंचायत के पशुपालकों को करेंगी प्रेरित

आबूरोड @ पत्रिका. ग्राम पंचायत उमरनी की सरपंच बबीता देवी ने अपनी भैंस का मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकरण करवाया। अब वह पंचायत के पशु पालकों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगी। सोमवार को उमरनी पंचायत में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा ने सरपंच को बीमित भैंस की जारी पॉलिसी प्रदान की।

सरपंच बबीता देवी ने कहा कि वह पशुपालक व किसान हैं। पशुपालन विभाग ने योजना में मेरी भैंस का पंजीकरण करवाने में मदद की। सरकार निशुल्क बीमा कर रही हैं। पशु की मौत पर पशुपालक को सरकार की ओर से 40 हजार रुपए मुआवजा दिया जाता हैं। योजना में बड़ा फायदा हैं। हरेक पशुपालक पशुओं का बीमा करवाएं।

08/07/2025 | Sirohi | Page :
Source :
https://epaper.patrika.com

Scanned with CamS

आल्पा में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

मंत्री देवासी ने दी राज्य और केंन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

नवज्योति/पोसालिया।

निकटवर्ती ग्राम पंचायत आल्पा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत शिविर प्रभारी शिवगंज उपखण्ड अधिकारी नीरज मिश्र के निर्देशन और राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के आतिथ्य में सोमवार को शिवर का आयोजन किया गया।

सरपंच नारायणलाल रावल ने बताया कि शिविर में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने राज्य और केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए शिविर में भाग ले रहे 14 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना में पात्र लोगों एवं गांव अंतिम पंक्ति के लोगों योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने पंचायत पट्टों एवं प्रापर्टी स्वामित्व कार्ड का वितरण किया। शिविर में



पंचायत ने 15 पट्टे, 51 स्वामित्व कार्ड, 13 बीपीएल परिवारों की बैंक डायरी सत्यापन, 25 पेंशन सत्यापन, राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान 5 प्रकरण, 5 नामांतरण, तीन आपसी बंटवारे का निस्तारण किया गया। सरपंच नारायणलाल रावल ने मंत्री देवासी को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत समयावधि पर कार्य पूर्ण नहीं होने से पंचायत अधिनस्थ तीनों गांवों में सीसी रोड मय नाली क्षतिग्रस्त है, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। शिविर में उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह, सरपंच नारायणकाळ रावळ, सहायक विकास अधिकारी भवुताराम मीणा, भू अभिलेख निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हल्का पटवारी अजय पुनिया, ग्राम विकास अधिकारी श्वेता कुमारी, कनिष्ठ सहायक छगन काळ, लाभूराम चौधरी, तेजाराम वार्डपंच, भाजपा मंडळ अध्यक्ष प्रताप परमार, समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

Scanned with CamS

जिला प्रमुख पुरोहित ने किया शिविरों का निरीक्षण

नवज्योति/सिरोही।

जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सिंदरथ और सरतरा में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। जिला प्रमुख ने इस दौरान प्रत्येक विभाग की टेबल पर जाकर शिविर में किए जा रहे विभागीय कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों कर्मचारियों को राज्य सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक परिवादी की बात को गंभीरता से सुन निस्तारण कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंत्योदय की संकल्पना के साथ संचालित किया जा रहा है। अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण ही इन शिविरों का लक्ष्य है। सभी अधिकारी लक्ष्यानुरूप प्रगति सुनिश्चित कर आमजन को राहत पहुंचाए। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी बिजली की सुचारू आपूर्ति सहित विभिन्न परिवेदनाओं से जिला प्रमुख पुरोहित को अवगत करवाया जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने व क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर करने की बात कही। इस दौरान लाभार्थियों को आवासीय पटटे, मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,विद्युत मीटर आदि वितरित किए गए। इस दौरान प्रधान हंसमुख मेघवाल, जिला परिषद सदस्य मधु मेघवाल, मगन कोली सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन उपस्थित थे।



Scanned with CamS

सोनेला पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर

ग्रामीणों को पुस्तैनी पट्टों के साथ अपनी समस्याओं से मिली राहत

नवज्योति/मंडार।

कस्बे के निकटवर्ती गांव सोनेला पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी उप तहसीलदार जबर सिंह रहे एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रेवदर प्रधान राधिका देवी ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस अवसर पर प्रधान देवासी ने बताया कि सरकार के द्वारा आम जनता को राहत प्रदान करने एवं मौके से ही समस्या का समाधान करने के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका हमें अधिक से अधिक लाभ लेना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप तहसीलदार जब्बर सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हमें अधिक से अधिक लाभ लेना होगा एवं ग्राम पंचायत में जाकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी हासिल कर उस योजनाओं से लाभान्वित होने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को सोनेला प्रशासक पीराराम मेघवाल के द्वारा भी संबोधित किया गया एवं उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा आयोजित होने वाली ग्राम सभा में हर ग्रामीण को अपने उपस्थिति दर्ज करवानी चाहिए एवं वहां पर ग्राम के विकास के संबंधित प्रस्ताव देने चाहिए, ताकि गांव का संपूर्ण विकास संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी कमलेश पुरोहित ने समस्त ग्राम वासियों को इस शिविर में आकर लाभ लेने पर आभार व्यक्त किया। वही कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित परिवार के सदस्यों को जमीन के पटटे एवं स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



इस दौरान विद्यालय में नवप्रवेशित बालक बालिकाओं का अतिथियों द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भाग लिया।

Scanned with CamS

आज यहां आयोजित होंगे शिविर

सिरोही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत भूतगांव, आमलारी व कृष्णगंज, पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत रूखाडा व रोवाडा, पंचायत समिति पिंडवाडा की ग्राम पंचायत नागपुरा, भूला व मांडवाडा देव, पंचायत समिति आबूरोड की ग्राम पंचायत उपलागढ़, निचलागढ़ व उपलाखेजडा तथा पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत भटाणा, पादर व गुन्दवाडा में शिविर आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

Scanned with CamS



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- बारां

–:: समाचार कतरन – 08 जुलाई 2025 ::–

पत्रिका

पीपलखेड़ा में लगा अंत्योदय संबल पखवाड़े का शिविर



केलवाड़ा @ पत्रिका. पीपलखेड़ी में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर लगाय गया। इसमें ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। यहां आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक ललित मीणा, नायब तहसीलदार मोहन पंकज, समाज कल्याण विभाग से मनरूप समेत अनेक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्ड पंच उपस्थित रहे। शिविर में निलेश कुमार को व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई। वो दिव्यांग होने के कारण चलने फिरने में परेशानी का सामना कर रहा था।

08/07/2025 | Baran | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में नागदा और भोज्या खेड़ी में शिविर संपन्न

दिशा न्यूज। अन्ता.

पंचायत समिति अंता की ग्राम पंचायत नागदा और भोज्या खेड़ी में सोमवार को राजस्थान सरकार द्वारा 24 जून से आम जन के कल्याण हेतु शुरू किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किए गए। इसमें सरकार के 16 विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में एस एन शर्मा तहसीलदार अंता अतिरिक्त विकास अधिकारी अंता चंद्र बदन गौतम, शिवशंकर मीणा, डाक्टर एस पी गर्ग, ब्लाक मुख्य चिकित्साधिकारी अंता, कमलेश मीणा सहायक अभियंता डिस्काम पवस अंता, नागदा सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह हाड़ा सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे। शिविर के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत जाब कार्ड, आयुष्मान कार्ड का लाभान्वितों को वितरण किया गया। भोज्याखेडी शिविर में प्रधान प्रखर कौशल भी मौजूद थे।

एक सशक्त और ईमानदार कलम...
अमिट अक्षर
दैनिक समाचार पत्र
मो. नं. 9462377309

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में हितग्राहियों को मिली राहत

(अमिट अक्षर)

बारां, 07 जुलाई। राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के दिशा-निर्देशन में जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित इन शिविरों से आमजन को त्वरित राहत और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।



शिविर के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. ललित मीणा की उपस्थिति में पीपलखेड़ी निवासी निलेश कुमार किराड़ को व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं, पहाड़ी जागीर निवासी रायसिंह को समाज कल्याण विभाग की पहल से वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। यह अभियान अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 8 जुलाई को थामली, सुन्दलक, सोरसन, चेहड़िया, रायथल, महुआ, कडैयानोहर, मूण्डक्या, राई, झनझनी, टांचा, बडौरा, शेरगढ़, कटावर, निवाड़ी, घट्टी, भंवरगढ़, 9 जुलाई को मिर्जापुर, नियाना, शाहपुरा, भुवाखेड़ी, फलबड़ौदा, छीपाबड़ौद, पटना, बरला, अन्ताना, कस्बाथाना, खाण्डासहरोल, खांखरा, खण्डेला और रामपुरिया टोडिया में आयोजित किए जाएंगे।

दैनिक भास्कर

बारां 08-07-2025

शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



समरानिया| धरती आबा जनभागीदारी अभियान और पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत ढिकवानी में शिविर लगाया गया।

विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों के लिए आयोजित शिविर में पंचायतीराज, राजस्व, कृषि, समाज कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। एडीएम ने शिविर का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। क्षेत्रीय विधायक ने भी शिविर का दौरा कर राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी राधेश्याम सहरिया, हल्का पटवारी नवलकिशोर सहरिया, कानूनगो रुचित लोरी, मामराज सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण मौजूद थे।

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में हितग्राहियों को मिली राहत

पैंतरा न्यूज।

बारां, 7 जुलाई। राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के दिशा–निर्देशन में जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित इन शिविरों से आमजन को त्वरित राहत और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

शिविर के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. ललित मीणा की उपस्थिति में पीपलखेड़ी निवासी निलेश कुमार किराड़ को व्हीलचेयर प्रदान की गई। निलेश लंबे समय से असहाय जीवन जी रहे थे, और उन्हें चलने–फिरने में कठिनाई हो रही थी। अब उन्हें व्हीलचेयर मिलने से जीवन में सुविधा और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। वहीं, पहाड़ी जागीर निवासी रायसिंह को समाज कल्याण विभाग की पहल से वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में मौके पर ही उनका पेंशन स्वीकृति आदेश जारी कर दिया गया, जिससे उन्हें अब नियमित रूप से पेंशन प्राप्त होगी। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को तुरंत लाभान्वित किया गया। यह अभियान अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु चलाया जा रहा है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- राजसमन्द

–:: समाचार कतरन – 08 जुलाई 2025 ::–

पत्रिका

सोसायटी
SOCIETY

राजस्थान पत्रिका 05
उदयपुर, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025

नरदास का गुड़ा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल परखवाड़ा शिविर

चुटकियों में मिला समस्याओं का समाधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



संबल परखवाडे में हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण करते हुए। *देवगढ़*



पखवाड़ा के तहत मजेरा शिविर में बीज वितरण करते अतिथि। *कुंभगलढ़*

देवगढ़. पंचायत समिति देवगढ़ की ग्राम पंचायत नरदास का गुड़ा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर सोमवार को पंचायत स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन एसडीएम अर्चना चौधरी एवं तहसीलदार धर्मेंद्र स्वामी के निर्देशन में आयोजित किया गया।

शिविर में राज्य सरकार के 15 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने ने अपने विभाग से सम्बन्धित ज्यादातर जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन करवाया। इस अवसर पर हरियालो राजस्थान के तहत खेल मैदान नरदास का गुड़ा में शिविर सह प्रभारी राजाराम गुर्जर के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। वहीं, राउमावि नरदास का गुड़ा में प्रवेशोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर शिविर सह प्रभारी राजाराम गुर्जर, सरपंच प्रशासक मन्जु देवी, सामाजिक कार्यकर्ता राजू भाई मेवाड़ा, आरपी हरिसिंह चौहान एवं पीईईओ सुरेशसिंह मीणा मौजूद थे।

कुंभलगढ़. ग्राम पंचायत मजेरा में सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने यथासंभव आमजन के काम निपटाए।

इसमें मुख्य रूप से कृषि विभाग ने 50 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए, चिकित्सा विभाग ने 210 मरीजों का पंजीयन किया और जांच के बाद आवश्यक दवा दी गई। पशुपालन विभाग ने कुल 210 लम्पीरोधी टीके लगाए, विद्युत विभाग ने 10 शिकायतों का निस्तारण किया, राजस्व विभाग ने मात्र एक आवेदन का निस्तारण किया, जबकि आगंतुकों की संख्या 263 रही। इसी प्रकार मौके पर मौजूद महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, जलदाय विभाग सहित सभी विभागों में मौके पर शिकायतों का यथा संभव निस्तारण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे, तहसीलदार बाबूलाल नारनौलिया, विकास अधिकारी मांगीलाल गुर्जर, सरपंच सुरेश मेहता, सचिव राकेश मीणा सहित अधिकारियों, कर्मिकों ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया।

08/07/2025 | Rajsamand | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर राजसमन्द भास्कर 08-07-2025

संबल शिविर : मादड़ी शिविर में बंजारा बस्ती के लोगों को श्मशान भूमि का आवंटन

कुंवारिया| ग्राम पंचायत महासतियों की मादड़ी में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर की अध्यक्षता कुंवारिया तहसीलदार सीताराम बोलीवाल ने की। सूचना मिलते ही ग्रामीण दस्तावेज लेकर पहुंचे। लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं। अधिकारियों ने मौके पर समाधान किया।



बंजारा बस्ती महासतियों मादड़ी के लोग भी शिविर में पहुंचे। ग्रामीणों ने तहसीलदार के सामने बताया कि श्मशान के लिए अब तक कोई भूमि आवंटित नहीं हुई। इस पर तहसीलदार ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच करवाई। पटवारी कुलदीप बोलीवाल, अंशुमान सिंह, सुनील कुमार मीणा और भू-अभिलेख निरीक्षक हरलाल पूर्बिया ने जांच की। राजस्व रिकॉर्ड में श्मशान के लिए कोई भूमि आवंटन नहीं मिला। इस पर प्रस्ताव भेजा गया।

तहसीलदार सीताराम ने उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता से संपर्क किया। पता चला कि कलेक्टर राजसमंद ने ग्राम महासतियों की मादड़ी के खसरा संख्या 870, रकबा 21.3269 हेक्टेयर किस्म चरागाह में से 0.1619 हेक्टेयर भूमि श्मशान के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवंटित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

आदेश की प्रति मंगवाकर पटवार हल्का महासतियों की मादड़ी से नामांतरण दायर कराया गया। इसके बाद आवंटित भूमि का पट्टा बंजारा बस्ती के लोगों को सौंपा गया।

30 ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टे जारी किए और 70 जनों की स्वास्थ्य जांच की

भास्कर न्यूज | लावासलदारगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत घोसुंडी में शिविर लगाया। शिविर का आयोजन तहसीलदार पारसमल बुनकर के सानिध्य में हुआ।



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 30 पट्टे बनाकर ग्रामीणों को वितरित किए। तीन शौचालय के आवेदन तैयार करवाए। दो मृत्यु प्रमाण पत्र, एक जन्म प्रमाण पत्र और एक जॉब कार्ड बनाया। हरियाली राजस्थान अभियान के तहत अब तक 1350 पौधे लगाए जा चुके हैं। राजस्व विभाग ने 15 नामांतरण, 6 विभाजन, 25 वृद्धि पत्र, 15 जाति प्रमाण पत्र और 10 कृषक श्रेणी प्रमाण पत्र तैयार किए। चिकित्सा विभाग ने 70 रोगियों की जांच की। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी, ऑफिस कानूनगो राकेश कुमार पालीवाल, राजस्व निरीक्षक अनिल यादव, पटवारी कालूराम कुम्भावत, मनराम मीणा, पूनम गोदारा, विकास मीणा, ग्राम विकास अधिकारी महेश कुमार गुर्जर, आशा चौहान उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग से महिला पर्यवेक्षक तुलसी मीणा, कला छिपा, कैलाश कंवर, सुमन वैष्णव, सीता कंवर और सुनीता सेन भी मौजूद रहीं। वन विभाग, जल संसाधन, वाटर वर्क्स, कृषि, खाद्य, चिकित्सा और पशुपालन विभाग के कर्मचारी भी शिविर में शामिल हुए।

दैनिक भास्कर
राजसमन्द भास्कर 08-07-2025

शिविर में सुनी ग्रामीणों की समस्या

कुंभलगढ़ | कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत मजेरा में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों के काम मौके पर निपटाए। कृषि विभाग ने 50 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। चिकित्सा विभाग ने 210 मरीजों का पंजीयन कर जांच की। जरूरत के अनुसार दवाएं दी गईं। पशुपालन विभाग ने 210 लम्पीरोधी टीके लगाए। बिजली विभाग ने 10 शिकायतों का समाधान किया। राजस्व विभाग ने एक आवेदन का निस्तारण किया। कुल 263 लोग शिविर में पहुंचे।



महिला एवं बाल विकास, वन और जलदाय विभाग ने भी मौके पर आई शिकायतों का यथासंभव समाधान किया। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे, तहसीलदार बाबूलाल नारनौलिया, विकास अधिकारी मांगीलाल गुर्जर, सरपंच सुरेश मेहता और सचिव राकेश मीणा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंचायत परिसर में पौधारोपण किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- चूरू

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

जिला चूरू दिनांक 08.07.2025

दैनिक भास्कर 08.07.2025

सीएम भजनलाल आज जोड़ी गांव में सभा को संबोधित करेंगे

चूरू | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को जोड़ी गांव आएंगे। वे गांव के स्कूल के मैदान में ग्रामीणों की सभा को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम दोपहर 1 बजे चूरू विधानसभा की जोड़ी ग्राम पंचायत स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। दोपहर 1.10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे।



इसके बाद ग्रामीणों की मीटिंग को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.20 बजे हेलीपैड से गुसांईसर बड़ा (श्रीडूंगरगढ़) के लिए रवाना होंगे। इधर, सीएम के आगमन एवं उनकी सभा को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण ने चूरू व तारानगर में कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली।

शिविर में 85 स्वामित्व पार्सल वितरित किए



राजलदेसर | ग्राम पंचायत सिमसिया में सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। सरपंच परमेश्वरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में लगे शिविर में तहसीलदार जितेंद्रसिंह, उपतहसीलदार पूजा पारीक, एडीओ लक्ष्मीनारायण सैनी, वीडीओ हिम्मतसिंह, कनिष्ठ सहायक भगवानाराम, गिरदावर सुरेंद्रसिंह, पटवारी गोपाल राहड़ आदि ने नामांतरण, रास्तों के विवाद, आपसी बंटवारा, पट्टा वितरण आदि का समाधान करवाया। शिविर में 84 राजस्व के मामले, 20 पट्टे, 85 स्वामित्व पार्सल वितरित किए गए।

सालासर में लगा अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

सालासर | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। ग्राम विकास अधिकारी राजेश बेरवाल ने बताया कि इस दौरान नौ पट्टे, सात आपसी सहमति से बंटवारा, चार टीबी रोगियों को राशन किट प्रदान किए गए। इस मौके पर सुजानगढ़ तहसीलदार राजू देवी बुनकर, बीडीओ रवि कुमार, सहायक विकास अधिकारी कमलकांत बेदी, सरपंच गीता देवी आदि उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका 08.07.2025

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जोड़ी में

चूरू @ पत्रिका. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा दोपहर 12 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे तथा दोपहर 1.10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे।

जिला प्रभारी मंत्री गहलोत आज चूरू में

चूरू @ पत्रिका. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी में पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री गहलोत सुबह 7 बजे जयपुर से प्रस्थान कर 10.30 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

राजस्थान स्टेटमेन्ट 08.07.2025

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को जोड़ी में

(राजस्थान स्टेटमेन्ट)

चूरू। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी में पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को सवेरे 07 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10.30 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जयपुर टाइम्स 08.07.2025

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गहलोत की 'जोड़ी' आज आएगी जोडी पंचायत

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार दोपहर 12 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और दोपहर 1.10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.20 बजे हेलीपेड से गुसांईसर बड़ा (श्री डूंगरगढ़), बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी तरह सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी में पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री गहलोत मंगलवार को सवेरे 7 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10.30 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

अनूपगढ ज्योति 08.07.2025

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज चूरू दौरा



मंगलवार को जोड़ी गांव में कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

चूरू। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार, 8 जुलाई को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार, 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे तथा दोपहर 01.10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.20 बजे हेलीपेड से गुसांईसर बड़ा (श्री डूंगरगढ़), बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जनमानस शेखावाटी न्यूज 08.07.2025

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को जोड़ी में

जनमानस शेखावाटी न्यूज़

चूरू/ मोहम्मद अली पठान। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी में पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को सवेरे 07 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10.30 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

तेज 08.07.2025

अविनाश गहलोत आज जोड़ी में

तेज. चूरू। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी में पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को सवेरे 07 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10.30 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को जोड़ी में

हमारा गगन



चूरू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार, 08 जुलाई को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी आएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार, 08 जुलाई को दोपहर 12 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे तथा दोपहर 01.10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.20 बजे हेलीपेड से गुसांईसर बड़ा (श्री डूंगरगढ़), बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को जोड़ी में

हमारा गगन

चूरू, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को चूरू की ग्राम पंचायत जोड़ी में पहुंचेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री गहलोत मंगलवार, 08 जुलाई को सवेरे 07 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10.30 बजे चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सिमसिया में लगा अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

हमारा गगन

रतनगढ़। ग्राम पंचायत सिमसिया में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया। सरपंच परमेश्वर लाल मेघवाल की अध्यक्षता में लगे शिविर में तहसीलदार महोदय जितेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार पूजा पारीक एडीओ लक्ष्मी नारायण सैनी, वीडिओ हिम्मत सिंह, कनिष्ठ सहायक भगवानाराम, गिरदावर सुरेंद्र सिंह पटवारी गोपाल राहड़ , पर्यावरण



प्रेमी शिवम् प्रजापति,सहित सभी विभागों के अधिकारीयों ने नामांतरण, रास्तों के विवाद, आपसी बंटवारा, पट्टा वितरण आदि अन्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। शिविर में 84 राजस्व के मामले, 20 पट्टे 85 स्वामित्व पार्सल वितरित किए गए। तहसीलदार महोदय ने कहा कि शिविर के दौरान आमजन से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्रवाई का प्रयास किया जाए और सरकार की योजनाओं से पात्र वंचित लोगों को लाभान्वित करें। साथ में पंचायत कार्यलय मे पौधा रोपण किया गया !



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- कोटपुतली बहरोड

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर
कोटपूतली-बहरोड़ भास्कर
08-07-2025

अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण, लोगों को मिले पट्टे



कोटपूतली। शिविर का निरिक्षण करतीं कलेक्टर।

भास्कर न्यूज़ | कोटपूतली

कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने सोमवार को ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में मौजूद विभिन्न विभागों के कार्मिकों से कार्यों की जानकारी ली। पूछा कि अब तक कितने प्रकरण आए और कितनों का निस्तारण हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति को शिविर के माध्यम से राहत मिले। तहसीलदार रामधन गुर्जर ने बताया कि शिविर में पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के विवाद और आपसी सहमति से बंटवारे जैसे राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही अन्य विभागों के कार्य भी हो रहे हैं। कलेक्टर ने आमजन की शिकायतें सुनीं। संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और दस्तावेज भी वितरित किए गए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पेंशन सत्यापन और खाद्य सुरक्षा विभाग को ई-केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने किया अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण

- **लाभार्थी को किया पट्टा वितरण, ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**



कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। सरकार के निर्देशानुसार जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में जिला कलक्टर ने सेवायें दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी ली कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आये और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुये राहत दी जायें। तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुये बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किये जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन के परिवाद सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी प्रदान किये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्रों का पेंशन सत्यापन व खाद्य सुरक्षा विभाग को ई केवाईसी पूर्ण करने को कहा।

ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण

लाभार्थी को किया पट्टा वितरण, ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ कोटपूतली । सरकार के निर्देशानुसार जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद



किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में जिला कलक्टर ने सेवायें दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी ली कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आये और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुये राहत दी जायें। तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुये बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किये जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन के परिवाद सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी प्रदान किये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्रों का पेंशन सत्यापन व खाद्य सुरक्षा विभाग को ई केवाईसी पूर्ण करने को कहा।

कलक्टर ने किया अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण

लाभार्थियों को बांटे पट्टे, ग्रामीणों से संवाद कर अफसरों को दिए निर्देश



न्यूज सर्विस/नवज्योति, **कोटपूतली।** जिले में आयोजित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और विभागीय अधिकारियों से मौके पर हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि शिविरों के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को राहत व योजनाओं का सीधा लाभ मिले। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलक्टर ने शिविर में आए लाभार्थियों को पट्टे, प्रमाण पत्र और दस्तावेजों का वितरण भी किया। उन्होंने शिविर में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

राजस्व प्रकरणों का हो रहा मौके पर निस्तारण: शिविर की प्रगति की जानकारी देते हुए तहसीलदार रामधन गुर्जर ने बताया कि शिविर में अब तक पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के विवाद, आपसी सहमति से विभाजन जैसे राजस्व प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया है। इसके अलावा समाज कल्याण, खाद्य सुरक्षा, चिकित्सा, जलदाय, कृषि और सामाजिक न्याय आदि द्वारा भी आमजन से संबंधित कार्य संपादित किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को पेंशन सत्यापन कार्य, खाद्य सुरक्षा विभाग को लाभार्थियों की ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए कहा।

जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण

लाभार्थी को किया पट्टा वितरण, ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। सरकार के निर्देशानुसार जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में जिला कलक्टर ने सेवायें दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी ली कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आये और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुये राहत दी जायें। तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुये बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किये जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन के परिवाद सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी प्रदान किये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्रों का पेंशन सत्यापन व खाद्य सुरक्षा विभाग को ई केवाईसी पूर्ण करने को कहा।

सफलता की कहानी

पं. दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय सम्बल पखवाड़ा

50 वर्ष पुराना खाता विभाजन आपसी सहमति से हुआ, 15 परिवारों के चेहरों पर आईं मुस्कान



मरूधर विशेष

कोटपूतली-बहरोड़द्य(सीताराम गुप्ता) पं. दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत डूमरोली में शिविर का आयोजन किया गया.

ग्राम पंचायत के सरपंच व हल्का पटवारी के माध्यम से शिविर की जानकारी प्राप्त होने पर 15 सह?खातेदार (रामसिंह, रामपत, दिनेश, चरणसिंह, विक्रम, उमेन्द्र, मुकेश, विश्वाश, कांता, राम रती, प्रियंका, पंकज, सुकर्मपाल, सावित्री, लविशा) कृषि भूमि जो लगभग 50 वर्षों से सहखातेदारी में चली आ रही थी, का विभाजन करवाने पहुंचे.

सह खाताधारकों ने आरएएस प्रशिक्षु दिनेश कुमार एवं शिविर प्रभारी से कहा कि हम सभी खाता विभाजन करवाना चाहते ने लेकिन 50 वर्षों से अधिक समय से खाता विभाजन नहीं हो पा रहा है. इस पर पूर्ण परिवाद की जानकारी प्राप्त कर प्रभारी अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही राजस्व कर्मचारियों, हल्का पटवारी, कानूनगो को प्रकरण की जांच बाबत निर्देशित किया. हल्का पटवारी व कानूनगो द्वारा सभी खाता धारकों को समझाइश कर खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार किया गया एवं शिविर में ही स्वीकृत करवाया गया.सभी 15 सहखातेदार व समस्त परिवार काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि हमारा काफी वर्षों पुराना प्रकरण आज शिविर मे ही आपसी समझाईश से निस्तारण होने से राहत मिली है, इसके लिए हम राजस्थान सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, 50 वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने से हम सभी राजीनामे से रह सकेंगे.

ग्राम पंचायत चतरपुरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अंत्योदय पखवाड़ा कैंप आयोजित





मरूधर विशेष

बानसूर सुरेश कुमार बानसूर ।ग्राम पंचायत चतरपुरा में सोमवार को पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा, सरपंच नीरज कुमार तोन्हगरिया, तहसीलदार अनिल कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार, महिला अधिकारिता विभाग की साथिन हंसा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, चिकित्सा, पशुपालन, जलदाय व कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को ग्राम स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना था। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की "लाड़ो प्रोत्साहन योजना" के अंतर्गत सैलाबंती नामक नवजात बालिका का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा, सरपंच नीरज कुमार व साथिन हंसा देवी द्वारा बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पौधारोपण भी किया गया।

सभी अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ ली और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बेटियों के महत्व को समझने का संदेश व्यापक स्तर पर फैलाया गया।

इस आयोजन के माध्यम से न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई बल्कि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा दिया गया।

जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण

लाभार्थी को किया पट्टा वितरण, ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

मरूधर विशेष



कोटपूतली-बहरोड़(सीताराम गुप्ता)। सरकार के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पंचायत समिति कोटपुतली के केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में जिला कलक्टर ने सेवाएं दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी ली कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आए और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुए राहत दी जाए।

तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन के परिवाद सुन संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए साथ ही शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी प्रदान किए. उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्रों का पेंशन सत्यापन व खाद्य सुरक्षा विभाग को ई केवाईसी पूर्ण सुनिश्चित करने को कहा.

जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण

लाभार्थी को किया पट्टा वितरण, ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



(आयुष-अन्तिमा नेटवर्क)

कोटपूतली-बहरोड़ (श्रीराम इंदौरिया)= सरकार के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पंचायत समिति कोटपुतली के केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

शिविर में जिला कलक्टर ने सेवाएं दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी ली कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आए और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुए राहत दी जाए। तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन के परिवाद सुन संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए साथ ही शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी प्रदान किए. उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्रों का पेंशन सत्यापन व खाद्य सुरक्षा विभाग को ई केवाईसी पूर्ण सुनिश्चित करने को कहा।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- भीलवाडा

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 08-07-2025



बनेड़ा . शिविर में मौजूद अतिथि व कार्यक्रम में आए लोग।



बिजौलिया. शिविर में पट्टा वितरण करते अधिकारी।

क्षय रोग पीड़ितों को शिविर में मिली निक्षय पोषण किट

बनेड़ा | उपखण्ड सर्किल के खेड़लिया और चमनपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाए। खेड़लिया में शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा, जनाधार अपडेट, जन्म-मृत्यु पंजीकरण सहित कई विभागों के कार्यों का मौके पर निस्तारण किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में शिवराज पुत्र डालू भील को शिविर प्रभारी व्यास और नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सोनी ने निक्षय पोषण किट दी। चमनपुरा में विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया की अध्यक्षता में शिविर हुआ। शिविर प्रभारी ने अधिकारियों को आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। शिविर में रवि पुत्र पुषालाल गुर्जर को नायब तहसीलदार सत्यनारायण लुहार और भामाशाह भैरू सिंह रावावत ने निक्षय पोषण किट दी। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रशासक माया गुर्जर, डॉ. मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

पं. दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में क्षयरोगी को मिला उपचार और पोषण सहायता

किस्मत भीलवाड़ा

खेड़लिया पंचायत समिति बनेड़ा की ग्राम पंचायत खेड़लिया में सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन उपखण्ड अधिकारी एवं शिविर प्रभारी श्रीकांत व्यास की उपस्थिति में हुआ। शिविर में क्षय रोग से पीड़ित शिवराज भील पुत्र डालू भील को विशेष रूप से बुलाया गया। कुछ माह पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाँच के दौरान चिकित्सकों द्वारा टीबी की पुष्टि की गई थी, जिसके पश्चात उनका उपचार शुरू किया गया. शिविर में शिवराज भील का स्वास्थ्य परीक्षण कर निक्षय पोषण किट प्रदान की गई, जिससे उन्हें उपचार के साथ पोषण सहायता भी मिल सके। शिवराज भील ने अपने स्वास्थ्य में हो रहे सुधार पर प्रसन्नता जताई और राज्य सरकार तथा शिविर प्रभारी श्री व्यास का आभार प्रकट किया। इस शिविर के माध्यम से अंत्योदय भावना को साकार करते हुए जरूरतमंदों तक चिकित्सा और पोषण सहायता पहुंचाई गई।

हुरडा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर संपन्न, 21 ग्रामीणों को दिए पट्टे

विधायक सांखला से ग्रामीणों ने कहा - "खारा पानी कैसे पिए मीठा पानी पिलाओ"

दास्ताने भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper

गुलाबपुरा (एस.पी.एस सोनी)। भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा कस्बे के निकटवर्ती ग्राम हुरडा में पंडित दीनदयाल अंन्त्योदय संबल पकवाड़ा का आयोजन पंचायत समिति हुडा के सभागार में सोमवार को आयोजित हुआ! शिविर में आसींद हुरडा विधायक जबर सिंह सांखला, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी रोहित चौहान, तहसीलदार रणवीर सिंह आदि ने ग्रामीणों की समस्या को सुना। ग्रामीणों को 21 पट्टे दिए। ग्राम पंचायत द्वारा पटवार मंडल के लिए भूमि आवंटित का पट्टा दिया। 6 व्यक्तियों को जॉब कार्ड दिए! 24 व्यक्तियों की पेंशन सत्यापन की। सीमा ज्ञान 6, पत्थर गड़ी 5, नामांतरण 18, रास्ता प्रकरण 5, बटवारा प्रकरण 3, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बिजली के झूलते तार 3, विद्युत पोल सही करना 2, तारों की संपर्क में आने वाले पेड़ पौधों की छगाई 9 जगह की समस्याओं का समाधान हुआ। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक भी शिविर में विधायक सांखला ने प्रदान किये। शिविर के दौरान विधायक सांखला के समक्ष ग्राम वासियों ने दूषित पेयजल पानी की शिकायत की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस दौरान शिविर में तलब कर विभाग की योजना के बारे में जानकारी ली व समस्या समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक जबर सिंह सांखला के निर्देश पर ग्राम हुरडा में आर ओ. फिल्टर प्लांट लगाने पर सहमति बनी, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पानी मिल सके। उन्होंने विवाह की योजना की डीपीआर की कॉपी लेकर अति शीघ्र समस्या का समाधान करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया।



गुलाबपुरा के निकटवर्ती ग्राम पंचायत उड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में ग्रामीण महिला को पट्टा देते विधायक जबर सिंह सांखला पास खड़े हैं, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी रोहित चौहान। फोटो एस.पी.एस सोनी



गुलाबपुरा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर ग्राम हुरडा में विधायक जबर सिंह सांखला को छायाचित्र देकर अभिनंदन करते ग्राम वासी! फोटो एस.पी.एस सोनी

इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान तहसीलदार हुरडा रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार टोकरवाड सत्यनारायण बिडला, पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी रामदेव बेरवा, सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार टेलर, भाजपा नेता भरत सिंह राठौड़ जहाजपुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य भेरूलाल पाराशर पूर्व सरपंच सोडार श्यामलाल राठी, हुरडा के उपसरपंच मिश्रीलाल खाती, पंचायत समिति सदस्य नेता प्रतिपक्ष उमराव चोरड़िया, मिश्रीलाल बलाई, गणेश देवासी, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष गजराज चौधरी, ग्राम के नारायण जाट, महावीर जाट, रोड़ू मल जाट, रामप्रसाद खटीक, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन सुखवाल, वार्ड पंच प्रतिनिधि रामदेव बलाई, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार सहित शिविर में चंबल पेयजल योजना सहायक अभियंता शीतल गुजराती, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अजय पाल, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता विशाल मीणा, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व सैकड़ो ग्राम वासी मौजूद थे!

पं. दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में क्षयरोगी बालक को मिला उपचार और पोषण सहायता

किस्मत भीलवाड़ा

चमनपुरा पंचायत समिति बनेड़ा की ग्राम पंचायत चमनपुरा में सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी श्री धर्मपाल परसोया की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान आठ वर्षीय रवि गुर्जर पुत्र पूसालाल गुर्जर, जो कि क्षय रोग से पीड़ित है,



को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बनेड़ा पर पूर्व में जांच करवाई गई थी, जिसमें रवि को टीबी की पुष्टि हुई थी। उसका उपचार 26 जून 2025 से शुरू किया गया था। शिविर में डॉ. मुकेश शर्मा द्वारा रवि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें संतोषजनक सुधार पाया गया। इसके उपरांत भामाशाह श्री भैरूसिंह राणावत द्वारा रवि को निक्षय पोषण किट प्रदान की गई। रवि गुर्जर ने अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हुए शिविर प्रभारी और राज्य सरकार का आभार जताया। इस शिविर ने जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध किया।

आपसी विवाद के कारण 40 वर्षों से लंबित 8.36 हेक्टेयर भूमि के 15 सहखातेदारो का समझाइश कर करवाया बटवारा

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में 1033 आयुष्मान कार्ड वितरित किए

दास्तानें भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper

(किशन वैष्णव)

शाहपुरा दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बिलिया में शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी विकास अधिकारी चंद्रप्रकाश स्वर्णकार की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा पत्थरगड्डी के 3, सीमाज्ञान के 5, नामन्तरन के 10, रास्ता विवाद के 2, आपसी सहमती बंटवारे के 2 प्रकरण का निस्तारण किया। पंचायती राज विभाग ने पेंशन सत्यापन,खाद्य सुरक्षा में नये जाम जोड़ने का कार्य किया। कृषि विभाग द्वारा मृदा नमुने के 22 सैम्पल संग्रहीत किए। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा 1033 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया एवं टीबी मरीजो को निक्षय किट वितरित किए। पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा योजना के तहत 55 रनिस्ट्रेशन किए गए वही जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग, महीला बाल विकास विभाग ने राहत दिलाई। शिविर में ग्राम देवरी के महावीर पुत्र देवकरण जाट के आवेदन पर शिविर प्रभारी चंद्रप्रकाश स्वर्णकार एवं कर्मचारियों ने आपसी समझौते से ग्राम घरटा व देवरी के 15 सहखातेदारो के 8.36 हेक्टेयर भूमि का बटवारा करवाया।

4 वर्ष से खाद्य सुरक्षा से वंचित लाभार्थी भेरू लाल भील दर दर भटक रहा.. अब मिला लाभ

शिविर में पहुंचे देवरी निवासी भेरू लाल भील ने शिविर प्रभारी पंचायत समिति विकास अधिकारी चंद्रप्रकाश स्वर्णकार को शिकायत दर्ज कराई। जिसमे लाभार्थी ने बताया की 4 वर्ष से खाद्य सुरक्षा में लाभार्थी होने पर भी उसका लाभ नही ले पा रहा



हूं।लाभार्थी भेरू लाल कई बार खाद्य सुरक्षा में आवेदन कर चुका है लेकिन इसको इसका लाभ नही मिला वही दर दर भटक रहा है खाद्य सुरक्षा का लाभ नही मिला। शिविर प्रभारी पंचायत समिति विकास अधिकारी चंद्रप्रकाश स्वर्णकार ने तुरंत प्रभाव से ग्राम विकास अधिकारी भेरू लाल लक्षकार को निर्देश दिए आवदेन की जांच कर लाभार्थी की समस्या का समाधान कर लाभ दिलाए। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सड़क को एक जगह अधूरी छोड़कर दूसरी जगह से शुरू करने की बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई जिसके बाद अधिकारियों ने शांत करवाया। शिविर प्रभारी स्वर्णकार ने बताया की शिविर में गिरदावर रायमल रेबारी, ग्राम विकास अधिकारी भैरू लाल लक्षकार, कनिष्ट सहायक रामेश्वर लाल बैरवा, पटवारी धनसुखी कुमावत, सुनील कुमार, पंचायत समिति सदस्य सांवर लाल गुर्जर, समाजसेवी अर्जुन बैरवा, रामलाल जाट, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा

शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हाथोंहाथ किया समाधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बनेड़ा. पंचायत समिति बनेड़ा की ग्राम पंचायत चमनपुरा में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया की उपस्थिति में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का हाथोंहाथ निस्तारण करने के साथ ही पात्र लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. बनवारी लाल यादव, डॉ. मुकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक मौजूद रहे। इसी तरह से ग्राम पंचायत खेड़लिया में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया।







ग्रामीणों सरकार की योजनाओं से जोड़ा

अरवड़. ग्राम पंचायत इटड़िया में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। फूलियाकलां उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण व फूलियाकलां तहसीलदार अनिल कुमार चौधरी की मौजूदगी में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग के सीमाज्ञान, पत्थर गढ़ी, विभाजन, रास्ता निस्तारण आदि कार्य हुए। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए गए। तीन फव्वारा संयंत्र के आवेदन लिए। बिजली विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की ओर से पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में वन विभाग की ओर से ग्राम पंचायत में 1200 पौधों का वितरण किया गया।

शिविर में पेंशन व खाद्य सुरक्षा के आवेदन भी आए। चिकित्सा विभाग की ओर से ब्लॉक सीएमएचओ सत्यनारायण शर्मा की मौजूदगी में पोषण किट वितरित किए गए। इस दौरान फूलियाकलां उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण, तहसीलदार अनिल चौधरी, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. एसएन शर्मा, ग्राम पंचायत प्रशासक महादेव गुर्जर, भूअभिलेख निरीक्षक अशोक कुमार मीणा, सिंचाई विभाग से कनिष्ठ अभियंता ललित कुमार टेलर, पटवारी मनोज मीणा, खुशीराम जाट, सहायक प्रशासनिक अधिकारी प. स. शाहपुरा मोहम्मद ताहिर, कनिष्ठ सहायक अविनाश पारीक, बिजली विभाग से कनिष्ठ अभियंता शरद गुप्ता, सहायक कृषि अधिकारी कैलाश चंद्र माली, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश कुमार आरटीया सहित राजस्व, कृषि, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, जलदाय विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अमरगढ़. कस्बे सहित क्षेत्र के भगुनगर व मनोहरपुरा में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान कौशल किशोर शर्मा मौजूद रहे। विधायक गोपीचंद मीणा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर में 11 पट्टे, 20 आवास प्रणाम पत्र जारी किए गए तथा रजिस्ट्री, नामांतरण, पेंशन,सत्यापन, खाद्य,सुरक्षा, जन आधार अपडेट, जन्म मृत्यु पंजीकरण सहित कई विभागों से जुड़े कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को 11 विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों एक ही छत के नीचे विभिन्न योजनाओं से जोड़ा। अमरगढ़ शिविर में ग्रामीणों ने पीएचईडी की ओर से पेयजल सप्लाई आए दिन डगमगाने की शिकायत की। इस पर विधायक मीणा एवं प्रधान शर्मा ने लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी रामकेश मीणा, तहसीलदार रवि कुमार मीणा, नायब तहसीलदार बद्री लाल मीणा, ने शिविर में समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर अमरगढ़ प्रशासक मनभर देवी मीणा, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह चपलोत, पूर्व सरपंच दुर्गा लाल मेघवंशी, पूर्व सीआर श्यामलाल मीणा, मंडल अध्यक्ष धर्मराज मीणा, महेंद्र मीणा गेरुटा, अनिल पाटनी, अजय शेखावत, सहायक अभियंता सुरेश चंद्र मीणा, गिरदावर नंद सिंह कानावत, थाना अधिकारी हेमराज मीणा सहित समस्त विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति bhilwara - 08 Jul 2025 - Page 6

समाधान की पहचान साबित हो रहे अंत्योदय सम्बल शिविर, उमड़ रहे ग्रामीण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा

राज्य सरकार की पहल पर जिला कलक्टर के मार्ग दर्शन में जिले के ग्रामीण अंचलों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत चल रहे शिविर आमजनों के लिए ना सिर्फ वरदान साबित हो रहे बल्कि समाधान की नई पहचान बनकर लोगों को मौके पर ही राहत दिला रहे हैं। संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अधिकारी-कर्मचारी शिविरों में ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

बिजौलिया न्यूज सर्विस के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत गुड्डा में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 04 सीमाज्ञान, 02 पत्थरगढ़ी, 11 नामांतरण, 06 रास्ता प्रकरण, 01 आपसी सहमति से बटवाड़ा प्रकरण का निस्तारण किया गया एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 6 पट्टों का वितरण किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा टी.बी. से ग्रसित व्यक्तियों को 02 पोषण किट वितरण किए गए मृदा कार्ड वितरण 05 किये।

बनेड़ा न्यूज सर्विस के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमनपुरा में आयोजित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर प्रभारी, विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

शिविर में प्रार्थी रवि पुत्र पुसालाल गुर्जर(8) जो कि क्षय रोग से पीड़ित है। कुछ महीने पहले यह सीएचसी बनेड़ा पर उपस्थित हुए। जहां चिकित्सा अधिकारी डॉ. बनवारी लाल नायक ने आशंका होने पर उसकी रक्त एवं बलगम की जाँच करवाई। जाँच में मरीज के क्षय रोग की पुष्टि हुई। रवि गुर्जर का उपचार 26 जून 2025 से प्रारंभ हुआ। मरीज रवि गुर्जर को सोमवार को शिविर में बुलाकर शिविर प्रभारी के समक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें रवि गुर्जर के स्वास्थ्य में सुधार पाया गया।



लुहारिया में आयोजित शिविर में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति



गंगापुर के डेलाना में आयोजित शिविर में पट्टे वितरित करते हुए।



बनेड़ा के खेड़लिया में शिविर में टीबी किट वितरित करते हुए। -नवज्योति



बिजौलिया के गुड्डा में आयोजित शिविर में लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौंपते हुए।

शिविर में इनको निक्षय पोषण किट व वितरण किया गया। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेड़लिया में उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास की उपस्थिति में आयोजित शिविर में क्षय रोग से ग्रसित शिवराज पुत्र डालू भील को सोमवार को शिविर में बुलाकर शिविर प्रभारी द्वारा इनको निक्षय पोषण किट भी वितरण किया गया।

लुहारिया न्यूज सर्विस के अनुसार स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी सी.एल.शर्मा ने अधिकारी व कर्मचारियों से लय समय पर ग्रामीणों के कार्यों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। शिविर में आम रास्ता अतिक्रमण को हटाने, राजस्व रिकार्ड शुद्धि, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, बिजली के झुलते तारों का निस्तारण, कापी पट्टे, मृदा परीक्षण सहित पौधारोपण के कार्य एवं कार्यों की समीक्षा की गई। विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर, तहसीलदार लक्ष्मी लाल शर्मा, गिरधर मान सिंह राठौड़, मुकेश गढ़री, पटवारी शिवराज बलाई, दिनेश कुमार बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी कजोड़ मल, सरपंच पुष्पा देवी सालवी, उप सरपंच भेरू सिंह चुण्डावत कार्यवाहक पीईईओ नारायण लाल सेन, भेरू लाल सालवी सहित गणमान्य एवं कर्मचारी मौजूद थे।

गंगापुर न्यूज सर्विस के अनुसार शिवरति, जांदसा, डेलाना पंचायत में आयोजित शिविर में मौके पर ग्रामीणों के कार्यों का निस्तारण किया। सहाड़ा विकास अधिकारी रितेश जैन ने बताया कि डेलाना ग्राम पंचायत के धूमतू परिवारों को 7 पट्टे विधायक लाडूलाल पिलिया, नायब तहसीलदार प्रेमचंद भील व जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए। वहीं राशन किट, कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीज वितरण किए गए। ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों चिकित्सा विभाग द्वारा निशुल्क टीबी के किट वितरण किए गए। इस मौके पर तहसीलदार शिवम्बा गुप्ता, सरपंच धर्मराज भील, भेरूलाल गढ़री, चंदा देवी जाट, राजेश चौधरी, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

दैनिक नवज्योति bhilwara - 08 Jul 2025 - Page 7

शिविर में जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, लाडपुरा

ग्राम पंचायत श्यामगढ़ में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से वंचित लाभार्थियों के फॉर्म भरे व लाभार्थी जोड़े और ईकेवाईसी की गई और आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषाहार की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र वितरित किए। ग्राम पंचायत द्वारा जॉब कार्ड और बंद पेंशन चालू की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में सेल्फ सर्वे का सत्यापन किया। जिसमें गेहूं की केवाईसी, पेंशन की केवाईसी, जमीन का बटवारा, जमीन में नाम संशोधन, बिजली विभाग, डॉक्टर द्वारा बीपी, शुगर और टीबी की जांच, टैबलेट देते हुए। इस मौके पर शिक्षा विभाग पशुपालन, कृषि विभाग, चिकित्सा, विद्युत, वन विभाग, राजस्व, भू-प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा विभाग, विकास



अधिकारी सुनिता त्यास, अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार सेन, कनिष्ठ सहायक भागीरथ मीणा, पीएचडी, ग्राम सेवक सुनील कुमार चौहान, सरपंच प्रतिनिधि सूरजमल गुर्जर, सरपंच सजनादेवी, पंचायत के मेंबर देवालाल रैगर, शिवराज सिंह, रामेश्वर लाल धाकड़, राशन डीलर राजू लाल धाकड़, लाइन मेन हीरालाल भांभी, ई-मित्र संचालक उमेश कुमार धाकड़, कम्युनिटी रिसर्च पर्सन, रामलाल धाकड़, प्रभु लाल मीणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत के सभी मेंबर व सरपंच और समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

ग्राम लाडपुरा में शिविर आज

लाडपुरा। ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा दिवस शिविर का आयोजन मंगलवार को पंचायत भवन पर किया जाएगा। शिविर में राजस्व विभाग, पंचायतराज विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जलदाय विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग और लाडपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रकाश कंवर एवं ग्राम विकास अधिकारी रतिराम मीणा ने ग्रामवासियों से शिविर में भाग लेने का आह्वान किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- बूंदी

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

बूंदी : अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर आज

बूंदी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर मंगलवार को भी जारी रहेंगे। शिविर 9:30 से शाम 5:30 बजे तक संचालित होंगे।

मंगलवार को बूंदी तहसील की ग्राम पंचायत नयागांव में तहसील रायथल की ग्राम पंचायत रिह्राणा में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत तालेड़ा, अकतासा, जमीतपुरा में कैंप लगेगा। वहीं, तहसील केपाटन की ग्राम पंचायत रोटेदा, चरडाना में, तहसील इंद्रगढ़ की ग्राम पंचायत दौलतपुरा, सखावदा में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत बाछोला, जजावर, सीसोला में, तहसील हिंडौली की ग्राम पंचायत नेगढ़, तालाबगांव, थाना में शिविर आयोजित होंगे।

बड़ूंदा और सुवानियां ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित

न्यूज सर्विस/ नवज्योति,बूंदी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े ने राजस्थान में कई परिवारों के लिए खुशियों के नए द्वार खोले हैं। आवासीय पट्टे मिलने से लोगों को न केवल अपने घर का मालिक बनने का अवसर मिल रहा हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित भविष्य और वित्तीय स्थिरता भी मिल रही हैं।

कांती बाई को मिला आवासीय पट्टा: तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत बड़ूंदा में आयोजित शिविर में कांतीबाई को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया। लंबे समय से पट्टे के अभाव में उन्हें जो परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं, अब उनसे उन्हें मुक्ति मिल गई हैं। अपने घर की खुद मालिक बनकर कांती बाई ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी पहल की खुले दिल से सराहना की। यह पट्टा उनके लिए केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है, जो उन्हें एक स्थिर जीवन जीने में मदद करेगा।

कमल को स्वामित्व से मिली ऋण सुविधा में सहूलियत: इसी कड़ी में, नैनवां पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुवानियां में आयोजित शिविर में धीरपुर निवासी कमल को स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टा देकर लाभान्वित किया गया। इस योजना से मिले लाभ से कमल बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि अब उन्हें ऋण प्राप्त करने में काफी सहूलियत रहेगी, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बेहतर योजनाएं बना सकेंगे। साथ ही, अपने घर का मालिक बनने से उन्हें जो मानसिक शांति और सुरक्षा मिली है, वह अमूल्य हैं। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के अपने उद्देश्य में सफल हो रहा हैं। यह पहल गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, बूंदी।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। प्रातः 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे।

मंगलवार को बून्दी तहसील की ग्राम पंचायत नयागांव में तहसील रायथल की ग्राम पंचायत रिहाणा में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत तालेड़ा, अकतासा, जमीतपुरा में, तहसील के.पाटन की ग्राम पंचायत रोटेदा, चरडाना में, तहसील इन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायत दौलतपुरा, सखावदा में, तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत बा छेला, जजावर, सीसोला में, तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत नेगढ, तालाब गाँव, थाना में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

राठौड़ को मिला सॉयल हेल्थ कार्ड, बदली खेती की तस्वीर

न्यूज सर्विस/ नवज्योति,बूंदी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत लीलेडा व्यासान में आयोजित शिविर राजेंद्र राठौड़ के लिए एक नया सवेरा लेकर आया। इस शिविर में उन्हें कृषि विभाग की ओर से सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किया गया। राठौड़, अब तक अपनी परंपरागत खेती में खाद और पोषक तत्वों का अंदाजे से इस्तेमाल करते आ रहे थे, जिससे अक्सर या तो लागत बढ़ जाती थी या फिर उपज उतनी अच्छी नहीं मिलती थी। लेकिन, सॉयल हेल्थ कार्ड ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का रास्ता दिखाया हैं। इस कार्ड में उनकी खेत की मिट्टी की पूरी जानकारी, जैसे कि उसमें मौजूद पोषक तत्व और आवश्यक खाद की मात्रा का सटीक विवरण हैं।इस जानकारी के आधार पर, राजेंद्र अब अपने खेत में केवल वही खाद और पोषक तत्व डालेंगे जिनकी वास्तव में जरूरत हैं।इससे न केवल खेती की लागत में कमी आएगी, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और मुनाफा अधिक होगा। राजेंद्र राठौड़ ने इस पहल के लिए राज्य सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया हैं।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े



शिविरों मै स्वास्थ्य विभाग की टीम दे रही आमजन को राहत, कर रही जागरूक - डॉ सामर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

बूँदी । पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी रोगियों को निक्षय मित्रों के माध्यम से निक्षय पोषण किट वितरित करवाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ पी सामर के निर्देशों पर आयोजित इन शिविरों के दौरान टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट के साथ आयुष्मान कार्ड प्रदान किये जा रहे है। इसी के साथ आसंक्रामक रोगों को लेकर स्क्रीनिंग, आयुष्मान ई केवाईसी कार्ड वितरण, निशुल्क दवा वितरण, एएनसी जांच, टीकाकरण जैसी सेवाएं भी शिविरार्थियों को प्रदान की जा रही है। सीएमएचओ डॉ.सामर ने सोमवार को बाड़ूँदा मै आयोजित शिविर का निरिक्षण किया ! उन्होंने बताया कि शिविरों का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से भी नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं सभी कार्मिकों को शिविरों में समय पर उपस्थित होने और शिविर आयोजन तक मौजूद रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के निर्देश डॉ सामर ने दिए । शिविर मै मौके पर ही डॉ सामर ने लाभार्थियों को निक्षय पोषण पोषण किटों का वितरण किया और निर्देश दिए की प्रयास करे की शिविर मै जिले के आमजन लाभान्वित हो सकें। डॉ सामर ने शिविर मै मौसमी बीमारियों के नियंत्रण, मच्छरों की रोकथाम, एनसीडी स्क्रीनिंग, एएनसी, डिलीवरी, टीकाकरण, दवा और जांच उपलब्धता, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने बताया कि अनेक भामाशाहों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इन शिविरों में निक्षय पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डॉ सामर ने टीम को निर्देश दिए कि शिविरों में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करे ।

डॉ सामर ने निरिक्षण के दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र बाटूंडा के भवन निर्माण की भूमि का अवलोकन किया ! और कार्य प्रगति की जानकारी ली

आवासीय पट्टों से मिली मालिकाना हक की खुशी

बूंदी (हुक्मनामा समाचार)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े ने राजस्थान में कई परिवारों के लिए खुशियों के नए द्वार खोले हैं। आवासीय पट्टे मिलने से लोगों को न केवल अपने घर का मालिक बनने का अवसर मिल रहा हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित भविष्य और वित्तीय स्थिरता भी मिल रही हैं। कांती बाई को मिला आवासीय पट्टा तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत बड़ूंदा में आयोजित शिविर में कांती बाई को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया।

लंबे समय से पट्टे के अभाव में उन्हें जो परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं, अब उनसे उन्हें मुक्ति मिल गई हैं। अपने घर की खुद मालिक बनकर कांती बाई ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी पहल की खुले दिल से सराहना की। यह पट्टा उनके लिए केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है, जो उन्हें एक स्थिर जीवन जीने में मदद करेगा। कमल को स्वामित्व से मिली ऋण सुविधा में सहूलियत इसी कड़ी में, नैनवां पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुवानियां में आयोजित शिविर में धीरपुर निवासी कमल को स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टा देकर लाभान्वित किया गया।

इस योजना से मिले लाभ से कमल बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि अब उन्हें ऋण प्राप्त करने में काफी सहूलियत रहेगी, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बेहतर योजनाएं बना सकेंगे। साथ ही, अपने घर का मालिक बनने से उन्हें जो मानसिक शांति और सुरक्षा मिली है, वह अमूल्य हैं। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के अपने उद्देश्य में सफल हो रहा हैं। यह पहल गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

बूंदी (हुक्मनामा समाचार)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। प्रात: 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे। 8 जुलाई को यहां लगेंगे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर 8 जुलाई को बून्दी तहसील की ग्राम पंचायत नयागांव में तहसील रायथल की ग्राम पंचायत रिहाणा में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत तालेड़ा, अकतासा, जमीतपुरा में, तहसील के.पाटन की ग्राम पंचायत रोटेदा, चरडाना में, तहसील इन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायत दौलतपुरा, सखा वदा में, तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत बा छोला, जजावर, सीसोला में, तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत नेगढ, तालाब गाँव, थाना में शिविर आयोजित किये जाएंगे।

आवासीय पट्टों से मिली मालिकाना हक की खुशी

बूंदी, 7 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े ने राजस्थान में कई परिवारों के लिए खुशियों के नए द्वार खोले हैं। आवासीय पट्टे मिलने से लोगों को न केवल अपने घर का मालिक बनने का अवसर मिल रहा हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित भविष्य और वित्तीय स्थिरता भी मिल रही हैं। कांती बाई को मिला आवासीय पट्टा तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत बड़ूंदा में आयोजित शिविर में कांती बाई को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया। लंबे समय से पट्टे के अभाव में उन्हें जो परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं, अब उनसे उन्हें मुक्ति मिल गई हैं। अपने घर की खुद मालिक बनकर कांती बाई ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी पहल की खुले दिल से सराहना की। यह पट्टा उनके लिए केवल एक कागज़ का टुकड़ा नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है, जो उन्हें एक स्थिर जीवन जीने में मदद करेगा।

कमल को %स्वामित्व% से मिली ऋण सुविधा में सहूलियत- इसी कड़ी में, नैनवां पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुवानियां में आयोजित शिविर में धीरपुर निवासी कमल को स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टा देकर लाभान्वित किया गया। इस योजना से मिले लाभ से कमल बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि अब उन्हें ऋण प्राप्त करने में काफी सहूलियत रहेगी, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बेहतर योजनाएं बना सकेंगे। साथ ही, अपने घर का मालिक बनने से उन्हें जो मानसिक शांति और सुरक्षा मिली है, वह अमूल्य हैं। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के अपने उद्देश्य में सफल हो रहा हैं।

सॉयल हेल्थ कार्ड से बदली खेती की तस्वीर

बूंदी, 7 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत लीलेडा व्यासान में आयोजित शिविर राजेंद्र राठौड़ के लिए एक नया सवेरा लेकर आया। इस शिविर में उन्हें कृषि विभाग की ओर से सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किया गया। राजेंद्र राठौड़, अब तक अपनी परंपरागत खेती में खाद और पोषक तत्वों का अंदाजे से इस्तेमाल करते आ रहे थे, जिससे अक्सर या तो लागत बढ़ जाती थी या फिर उपज उतनी अच्छी नहीं मिलती थी। लेकिन, सॉयल हेल्थ कार्ड ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का रास्ता दिखाया हैं। इस कार्ड में उनकी खेत की मिट्टी की पूरी जानकारी, जैसे कि उसमें मौजूद पोषक तत्व और आवश्यक खाद की मात्रा का सटीक विवरण हैं। इस जानकारी के आधार पर, राजेंद्र अब अपने खेत में केवल वही खाद और पोषक तत्व डालेंगे जिनकी वास्तव में जरूरत हैं। इससे न केवल खेती की लागत में कमी आएगी, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और मुनाफा अधिक होगा। राजेंद्र राठौड़ ने इस पहल के लिए राज्य सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया हैं।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- करौली

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर

करौली 08-07-2025

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर,

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा • किसानों और ग्रामीणों को राहत मिली, कई काम मौके पर ही हो रहे हैं

9 किसानों के नाम शुद्ध, 3 रास्तों के विवाद सुलझे

मासलपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को जमूरा में शिविर लगा। इसमें किसानों और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। तहसीलदार कौशल गर्ग ने 9 किसानों की जमाबंदी में नामों का शुद्धिकरण किया। इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आ रही दिक्कतें दूर हो गईं। तहसीलदार ने बताया कि कई बार किसानों के नाम गलत होने से योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इसी को देखते हुए शिविर में ऐसे किसानों को चिन्हित कर नाम सही किए गए। कुल 9 किसानों की जमाबंदी में सुधार किया गया।

शिविर में ग्रामीणों ने रास्तों से जुड़ी शिकायतें भी कीं। मौके पर ही तीन विवादों का समाधान किया गया। तहसीलदार ने बताया, शिविर में पंचायत राज, राजस्व, खाद्य एवं सुरक्षा, सामाजिक अधिकारिता, पशुपालन, चिकित्सा और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया।यह पहल किसानों और ग्रामीणों के लिए फायदेमंद रही। अब उन्हें छोटे-मोटे कामों के लिए बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।



मासलपुर। तहसीलदार ने शिविर में किसानों की जमाबंदी में नाम शुद्ध किया।



श्रीमहावीर जी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर लगा।

टीबी मरीजों को पोषण किट दी

करौली। ग्राम पंचायत कुंजेला के आईटी केंद्र पर शिविर लगाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन की ओर से दो टीबी मरीजों को पोषण किट दी गई। किट लवली अग्रवाल ने सौंपी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक जून 2025 से सघन टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू हो चुका है। इसके तहत लोगों को टीबी की गंभीरता के बारे में बताया जा रहा है।शिविर में मौजूद लोगों को निश्चय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मौके पर हितेंद्र फार्मासिस्ट, बृजवासी, मनोज, आशा, रुकवाई, प्रेमवाई, सरोज देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

माचड़ी में सरकारी योजनाओं का लाभ दिया

टोडाभीम। ग्राम पंचायत माचड़ी में सोमवार को शिविर लगाया गया। सरपंच मुक्ति देवी की अध्यक्षता में हुए इस शिविर में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। शिविर का निरीक्षण एसडीएम पूजा मीना, तहसीलदार सीमा गुर्जर और विकास अधिकारी सहीराम मीना ने किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद विभागीय टीमों से सेवा वितरण की जानकारी ली। लाभार्थियों से बातचीत कर फीडबैक लिया और जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम पूजा मीना ने कहा कि अभियान का मकसद हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना रुकावट पहुंचाना है। विभागों के बीच समन्वय और गुणवत्तापूर्ण सेवा देना प्रशासन की प्राथमिकता



है। शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, सामाजिक न्याय, कृषि, विद्युत और पंचायत विभाग की टीमें मौजूद रहीं। इन टीमों ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर के समापन पर एसडीएम पूजा मीना, तहसीलदार सीमा गुर्जर, विकास अधिकारी सहीराम मीना और सरपंच मुक्ति देवी ने मिलकर वृक्षारोपण किया। पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम विकास अधिकारी को सौंपी गई। अधिकारियों ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है।

जमाबंदी में नाम शुद्ध, सीमाज्ञान के मामले निपटे

श्रीमहावीर जी। पंचायत समिति श्रीमहावीर जी के गांव दानालपुर और गांवडी मीना में शिविर लगाए गए। दानालपुर शिविर में बरसों से गलत चल रही जमाबंदी में सुधार किया गया। दरबी पुत्र छोटया योगी, जिनका सही नाम दरब पुत्र छोटया जोगी निवासी हिंगोट है, उनकी जमाबंदी में नाम सुधार कर राहत दी गई। गिरदावर गजानंद गुप्ता, पटवारी रणवीर सिंह डागुर और शिविर प्रभारी महेंद्र कुमार गुप्ता ने यह कार्य किया।

शिविर में बिजली, पीएचईडी, पंचायती राज, वन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभागों ने लोगों की समस्याएं मौके पर ही सुलझाईं। गांवडी मीना शिविर में राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान के 3 मामलों का निस्तारण किया। खाद्य सुरक्षा योजना में आए 7 अपीलों की जांच कर निपटारा किया गया। बुजुर्ग और दिव्यांग जन की पेंशन का सत्यापन मौके पर किया गया।

कृषि विभाग ने 150 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। एक तारबंदी की पत्रावली मैसी योजना में स्वीकृत की गई। बिजली निगम ने ढीले तार ठीक किए और 11 खंभे लगाए। जल जीवन मिशन के तहत 5 लोगों को नए नल कनेक्शन दिए गए। अन्य विभागों ने भी अपने-अपने कार्य किए। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ शिवचरण मीणा, बीडीओ ज्ञान सिंह चौधरी, शिविर प्रभारी महेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी लटूर प्रसाद मीणा, वीडीओ विकास मीणा, सरपंच सीमा विनोद मीणा, गांवडी सरपंच नीलम जाटव, वीडीओ महेंद्र कुमार सहित सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

पत्रिका

SOCIETY
सोसायटी 13 राजस्थान पत्रिका
करौली, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

योजनाओं से किया लाभान्वित, सुनी समस्याएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नादौती. समीपवर्ती कस्बा शहर मे राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में तहसीलदार डी.डी. सारस्वत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही शिविर में आए ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम पंचायत सरपंच राजेन्द्र सिंह राजावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पधारो लाड़ली जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें पांच महिलाओं की बालिकाओं को खिलौने, कपड़े आदि महिला अधिकारिता विभाग की ओर से प्रदान की गई। तहसीलदार सारस्वत ने कर्मचारियों को राजस्व नामातंरण, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे, स्वामित्व पट्टे बांटना, सड़कों की मरम्मत, विद्युत पोल सही करना एवं झुलते तारों को खिंचवाना, पेयजल टंकियों की सफाई, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित यूडीआईडी कार्ड जारी करने एवं एनएफएसए की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड वितरण एवं टीबी मुक्त स्क्रीनिंग में अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की बात कहीं। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को पशुओं का टीकाकरण करने की बात कही। बीसीएमओ डॉ. राजेश मीना ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी बालमुकुंद गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी मुरारीलाल तमोली ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे मे बताया। पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आवेदन तैयार किए गए। शिविर में विद्युत निगम के कनिष्ट अभियंता बिजेन्द्र पहाडिया, हल्का पटवारी बहादुर सिंह गुर्जर, सहायक कृषि अधिकारी उद्यान हरकेश गुर्जर, सहायक कृषि अधिकारी लखन लाल मीना, सीएचओ भुवनेश बैस, आशा सहयोगिनी अनिता बैस मौजूद रहे।



कस्बा शहर में शिविर में निक्षय पोषण किट सौंपते सरपंच व अधिकारी।

08/07/2025 | Karoli | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर करौली 08-07-2025

शिविर में 14 विभागों ने सुनीं समस्याएं

बालाघाट ग्रामीण| ग्राम पंचायत कटारा अजीज के आईटी केंद्र पर शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार मुकुट सिंह गुर्जर ने की। इसमें 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकतर मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, बिजली, पानी और सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें आईं। ग्रामीणों को कई सेवाएं एक ही जगह पर मिलने से राहत मिली। ग्राम विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर में भाग लिया।



पत्रिका

आज ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

करौली. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत मंगलवार को विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि मंगलवार को ब्लॉक करौली में कैलादेवी व लोहर्रा, ब्लॉक मासलपुर में सीलौती, उपखंड टोडाभीम में भनकपुरा, भजेडा व धवान, उपखंड हिण्डौन में झारेडा, सिकरोदा मीना व फुलवाड़ा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में श्रीमहावीरजी व अकबरपुर, उपखंड नादौती में नादौती, कैमा व कैमरी, उपखंड मण्डरायल में नानपुर, महाराजपुरा व मोंगेपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

08/07/2025 | Karoli | Page : 13
Source :
https://epaper.patrika.com/

बटवारा करवाकर परिवादी को की राहत प्रदान

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 07 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत सोमवार को तहसील बालघाट के ग्राम पंचायत कटारा अजीज मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे ग्राम कटारा अजीज के जगदीश एवं नरसीलाल पुत्र रंगे जाति गुर्जर खातेदारी भूमि के खाता संख्या 204



के खसरा 678 का बटवारा करवाने के लिए पिछले कुछ महीनों से प्रयास कर रहे थे किन्तु बटवारा नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि आज राज्य सरकार द्वारा लगाये गए शिविर में बटवारा हो गया है। जिससे हम बहुत खुश है। राजस्व विभाग एवं सरकार को धन्यवाद देते है और उम्मीद करते है कि राज्य सरकार समय-समय पर ऐसे कैम्पों का आयोजन करती रहे। जिससे आम जन को लाभ मिल सके। इस शिविर में ग्राम वासियो द्वारा राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा शिविर आयोजन करने पर धन्यवाद दिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

08 जुलाई को इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 07 जुलाई। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि मंगलवार को ब्लॉक करौली में कैलादेवी व लौहरा, ब्लॉक मासलपुर में सीलौती, उपखंड टोडाभीम में भनकपुरा, भजेडा व धवान, उपखंड हिण्डौन में झारेडा, सिकरोदा मीना व फुलवाडा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में श्रीमहावीरजी व अकबरपुर, उपखंड नादौती में नादौती, कैमा व कैमरी, उपखंड मण्डरायल में नानपुर, महाराजपुरा व माँगेपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन



किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को शिविरों में समय से एवं आवश्यक तैयारी के साथ उपस्थित होने के लिए दिशा प्रदान किये जा चुके है। जिनके अनुसार आपसी समन्वय से सभी विभाग कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि शिविरों के निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारी शिविरों का नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे है।



सीमाज्ञान करवाकर परिवादी को मौके पर दी राहत

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 07 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत सोमवार को तहसील टोडाभीम के ग्राम पंचायत माचडी मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम माचडी के गिर्राज प्रसाद पुत्र मोतीराम जाति मीना द्वारा अपनी खातेदारी भूमि के आराजी खसरा नंबर 744 रकबा 0.17 हैक्टेयर भूमि का सीमाज्ञान करने हेतु आवेदन किया गया। राजस्व टीम ने मौके पर जाकर लोगो की उपस्थिति में सीमाज्ञान किया गया। उन्होंने बताया कि हम सब लोग बहुत खुश है। इस शिविर के आयोजन के लिए मैं एवं ग्रामवासी राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा शिविर आयोजन करने पर धन्यवाद देते है।

खाद्य सुरक्षा में नए राशन कार्ड जुड़ने का प्रमाणपत्र जारी, राशन मिलना शुरू

■ निर्भीक राजस्थान



सूरौठ। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चल रही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीब व कमजोर वर्ग के परिवारों को खाद्य सुरक्षा में जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है जिसके तहत पात्र परिवारों के नाम जोड़कर उन्हें प्रमाण पत्र भी जारी किए जा रहे है । कई वर्षों से गावों में डिजिटल सेवा दे रहे भुकरावली निवासी वीपी सिंह मीना ने बताया कि विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़ने के लिए 3 महीने से आवेदन चल रहे है जिसमें लघु सीमांत, भूमिहीन, श्रमिक डायरी , पेंशनधारी नरेगा जॉब कार्ड जैसे अनेक बिंदुओं संबधित दस्तावेज होने पर ईमित्र पर जाकर फॉर्म ऑनलाइन करवा सकते है । इसके बाद विभाग की टीम एवं बीडीओ द्वारा दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा में जोड़ने का प्रमाण पत्र जारी होगा । राशन कार्ड धारक ईमित्र से प्रमाण पत्र लेकर डीलर से गेहूं प्राप्त कर सकेगा । वीपी मीना ने बताया कि पहले से खाद्य सुरक्षा में जुड़े राशन कार्ड में भी नए बच्चों व विवाहित महिलाओं के नाम जोड़ने का पोर्टल भी चालू है । जिसके लिए विवाहिता की एनओसी एवं बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र लेकर सचिव से वेरीफाई करवाकर नजदीकी ईमित्र पर नाम जुड़वा सकते है ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें- जिला कलेक्टर

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 07 जुलाई। राज्य सरकार द्वारा जनहित में एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्भल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि यह अभियान जनकल्याण के संकल्प के साथ आमजन की सेवा को समर्पित है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना का धरातल पर साकार करना इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है। जिसके तहत आयोजित शिविरों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुँचाना है, इस संबंध में जिला कलेक्टर आमजन को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सक्रिय व सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिये है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्भल पखवाड़ा 09 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बचे हुए समय का अधिकारी पूर्ण उपयोग कर सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचाये व पंडित दीनदयाल के सपने को साकार करने में भागीदार बने। उन्होंने 16 विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया है व विभागवार रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित भी किया है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- सलूंबर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, जिले के कई स्थानों पर लगे शिविर

बलुआ व केजड़ में शिविर, ग्रामीणों को राहत















पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सराड़ा. ग्राम पंचायत बलुआ व केजड़ मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगा। कार्यक्रम में करण जोशी, पंकज चौबीसा, गणेशलाल चौधरी ने ग्रामीणों को शिविर मे अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। उपखंड अधिकारी निलेश कलाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों को वंचित योजनाओं का लाभ दिलाने परिवारों का नामांकन किया। आवासीय पट्टे वितरण किए गए। हरियाळे राजस्थान अभियान के तहत पौधे लगाए। खाद्य सुरक्षा के पेंडिग आवेदन का निस्तारण किया। राजस्व विभाग ने बंटवारे के सीमा ज्ञान, नामांतरण खोले, विद्युत विभाग ने बिजली पोल संबंधी प्रकरण परिवाद का निस्तारण किया। जलदाय विभाग ने लंबित कनेक्शन, पानी की टंकी सफाई, कृषि विभाग द्वारा मृदा नमूने लिए और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया गया। इस दौरा सराड़ा तहसीलदार आस्था रानी बामनिया, विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह चुंडावत, अतिरिक्त विकास अधिकारी केदार नारायण, हरीश कुमार पंड्या, कैलाश मेघवाल, बलुआ सरपंच महेंद्र मीणा, केजड़ सरपंच कमला मीणा, रक्षा जैन, विकास अधिकारी सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।

धरियावद. झड़ोली ग्राम पंचायत के मेवा केंद्र पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने शिविर का अवलोकन कर ग्रामीणों से समस्या सुनी। जिला कलक्टर ने शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से अपने-अपने विभाग की बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट भी ली। बैठक के बाद कलक्टर ने हरियाळे राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने आमजन को अभियान से जुड़कर अधिकाधिक पौधे लगाने को कहा। शिविर में तहसीलदार दीपिका कटारा, विकास अधिकारी सुनील कुमार जोशी, सरपंच गंगा देवी मीणा, ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार सहित जन प्रतिनिधि रहे।

गींगला. मेवल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी एवं भाजपा मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। दोनों पदाधिकारियों ने मेवल मंडल के गुडेल, गींगला, घाटी में आयोजित शिविरों में उपस्थित रह कर जन संवाद किया। राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि पंचायतीराज, पशुपालन, जल संसाधन, विद्युत आदि विभागों की ओर से आमजन के आवेदनों और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान नायब तहसीलदार रोड़ीलाल, पटवारी ऋषभ जैन, मंडल महामंत्री लालूराम पटेल, मंडल मंत्री नाथू सिंह गुडेल, जिला परिषद मदस्य रोडीलाल मीणा, गुडेल सरपंच कंकू बाई, उप सरपंच प्रताप कुंवर, गींगला सरपंच होमी बाई आदि मौजूद रहे।

देवपुरा. जयसमंद ब्लॉक के देवपुरा व धावड़िया ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। कैंप प्रभारी जयसमंद पंचायत समिति विकास अधिकारी दयाचंद यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, सरपंच कांता मीणा, धावड़िया कैंप प्रभारी नायब तहसीलदार रमेश चंद्र ननोमा, सहायक विकास अधिकारी इंद्र सिंह मीणा, सरपंच वालचंद मीणा भू-अभिलेख चंपालाल मीणा, प्रधानाचार्य प्रथा कलासुआ, डॉ. शिवम अरोड़ा ने शिविर में योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के तहत 51 मृदा कार्ड, 57 पेंशन सत्यापन, 102 जाति प्रमाण-पत्र, 105 मूल निवास प्रमाण-पत्र, 10 नवीन पेंशन स्वीकृति, 7 नामांतरण, 10 सीमाज्ञान, 1 आपसी सहमति से बंटवारा, 10 क्षय रोगियों की पहचान, केवाईसी 13, 62 रोगी पशुओं की चिकित्सा आदि किए गए। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र मीणा, पटवारी अशोक कुमार मीणा, एलडीसी कैलाश गर्ग आदि मौजूद रहे।

कूण. क्षेत्र की ग्राम पंचायत शोभजी का गुड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी व विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग में सीमाज्ञान 8, नामांतरण 2, रास्ते के मामले 1, आपसी सहमति से बंटवारा 2, पंचायतीराज विभाग में पेंशन सत्यापन 14, बीपीएल खाता सत्यापन 9, आयुष्मान कार्ड परिवार 2, सर्वे खाद्य सुरक्षा 10, ई-केवाईसी 24 आदि कार्य किए गए। इस दौरान सहप्रभारी अजय आसवानी, उप प्रधान धनराज पटेल, प्रशासक शंकरलाल मीणा, जेईएन युवराज सिंह, ललिता मेघवाल, मोहब्बत सिंह सारंगदेवोत, भंवरलाल मीणा, केशुराम मीणा, पीईईओ प्रतापलाल मीणा, पटवारी जितेंद्र मीणा आदि मौजूद रहे।

लसाड़िया. ग्राम पंचायत देवलिया में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर ने आमजन की समस्याएं सुनी। शिविर मे राजस्व विभाग से सम्बंधित कार्य सीमाज्ञान 11, रास्ता प्रकरण 02, सहमति विभाजन 02, नामांतरण 10 दर्ज होकर निस्तारित हुए। इस दौरान प्रशासक नाथूलाल मीणा, कनिष्ठ अभियंता अविनाश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी लोकेश पुजारी, राजेश्वर भट्ट, नन्दकिशोर नागदा आदि उपस्थित थे।

सेमारी. ग्राम पंचायत सेमारी में सोमवार को शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें नामांतरण 10, बंटवारा 10, पेंशन सत्यापन 12, पट्टे के आवेदन 15, झूलते तारों को खिंचवाना 20, पीएमजेएवाई ई-केवाईसी 5, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण 50 एवं 7 पौधों का वितरण किया गया। शिविर में पूर्व विधायक नानालाल अहारी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पात्र लोगों को लाभ लेने की बात कही। इस दौरान मंडल अध्यक्ष केसरसिंह राठौड़, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कलाल, इंगरलाल पटेल, विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह सहित ब्लॉक के समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

1 ECHS invites a
contractual basis in thre
ESM and 11 months for
Appointment Minim

दैनिक नवज्योति aas pas - 08 Jul 2025 - Page 8

अंत्योदय संबल पखवाड़ा: 207 जाति और मूल निवास प्रमाण पत्र बनाए













नवज्योति/देवपुरा। जयसमंद ब्लॉक के देवपुरा, धावड़िया ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर लगाया। देवपुरा शिविर में कैंप प्रभारी जयसमंद पंचायत समिति विकास अधिकारी दयाचंद यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, सरपंच कांता मीणा, धावडीया कैंप प्रभारी नायब तहसीलदार रमेश चंद्र ननोमा, सहायक विकास अधिकारी इंद्रसिंह मीणा, सरपंच बालचंद मीणा भू अभिलेख चंपालाल मीणा, प्रधानाचार्य प्रभा कलासुआ, डॉ. शिवम अरोड़ा ने शिविर में योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 51 मृदा कार्ड, 57 पेंशन सत्यापन, 102 जाति प्रमाण पत्र, 105 मूल निवास प्रमाण पत्र, 10 नवीन पेंशन स्वीकृति, 07 नामांतरण, 10 सीमाज्ञान, 1 आपसी सहमति से बंटवारा, 10 क्षय रोगियों की पहचान, केवाईसी 13, 62 रोगी पशुओं की चिकित्सा (बड़े पशु), 18 रोगी पशुओं की चिकित्सा (छोटे पशु), 100 लम्पि रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 60 गलघोंटू टीकाकरण 15 ढीले तार को सही किया, 65 तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ों की छगाई, 93 आधार सीडिंग, 168 ई केवाईसी, 5 विद्यालय प्रवेशोत्सव, विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई की गई। ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र मीणा, पटवारी अशोक कुमार मीणा, एलडीसी कैलाश गर्ग, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

नवज्योति/गुड़ली। ग्राम पंचायत गुडली में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत एकदिवसीय शिविर लगाया गया, जिसमे उपखंड मावली से शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार प्रवीण मीणा ,पंचायत समिति मावली से सहायक विकास अधिकारी हरिसिंह राव मौजूद थे। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा नामान्तरण 25, खाता शुद्धीकरण 15, बंटवारा 6, रास्ता 1, चिकित्सा विभाग द्वारा निःशुल्क जांच 178, टीकाकरण 03, 14 लम्बित निवारण किए गए। साथ ही 200 लम्पी के टीकाकरण, 180 गलघोंटू का टीकाकरण पशु पालन विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान सुशील आर्य, चिकित्सा प्रभारी डॉ मनीष पंवार, पटवारी नरेन्द्र सिंह चुंडावत, महिला सुपरवाइजर रजनी झाला, कृषि पर्यवेक्षक कमलेश विजयवर्जिय ,डॉ कृष्ण गोपाल नामा पशु पालन विभाग, भावना डांगी आलोक कुमार शर्मा, समाजसेवी प्रकाश गमेती शांतिलाल कवाडिया मौजूद रहे।

नवज्योति/सेमारी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सेमारी का शिविर तहसील परिसर में हुआ। शिविर में नामांतरण 10, बंटवारा 10, पेंशन सत्यापन 12, पट्टे के आवेदन 15, 20 जगह झूलते तारों को खिंचवाना, 5 पीएमजेवाई ई केवाईसी, 50 मृदा स्वास्थ्य कार्ड 50 एवं 7 पौधों का वितरण किया गया। शिविर में पूर्व विधायक नानालाल अहारी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पात्र लोगों को लाभ लेने की बात कही। शिविर में विकास अधिकारी रिपुसूदन सिंह, सेमारी मण्डल अध्यक्ष केशर सिंह राठौड़, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कलाल, डूंगरलाल पटेल, सुभाष प्रजापति, अविनाश मीणा, सरपंच पारवती देवी, पूर्व सरपंच रूपलाल मीणा सहित ब्लॉक के समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवज्योति/सराड़ा। अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत सराड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत के जड़ शिविर में ग्राम के जड़ के खातेदार जवा चौथीसा पत्नी दिलीप कुमार एवं पूंजा पुत्र नाथुजी डांगी निवासी के जड़ के नाम से राजस्व रिकार्ड में सामलाती कृषि भूमि थी परन्तु हम खातेदारों को राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में बंटवारे की जानकारी नहीं थी। शिविर में पटवारी एवं भू अभिलेख निरीक्षक द्वारा उक्त कैम्प में राजस्व रिकार्ड में बंटवारा कर पृथक पृथक खाता दर्ज करने के संबंध में जानकारी दी गई जिससे हम सहखातेदार उक्त बंटवारा के लिए सहमत हुए। शिविर में सराड़ा तहसीलदार आस्थाराणी बामनिया के समक्ष प्रस्तुत किया। तहसीलदार ने बंटवारा स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में अलग-अलग खाते दर्ज किए गए। नवज्योति/सराड़ा। इसी प्रकार सराड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बलुआ शिविर में ग्राम बलुआ के खातेदार धर्मा पुत्र थावरा एवं रामजी पुत्र थावरा मीणा निवासी बलुआ के नाम से राजस्व रिकार्ड में सामलाती कृषि भूमि थी। सराड़ा तहसीलदार आस्थाराणी बामनिया ने आपसी समझाइश कर सहखातेदारों की आपसी सहमति से राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में विभाजन किया।

नवज्योति/कृण। निकटवर्ती ग्राम पंचायत शोभ जी का गुड़ा के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शिविर प्रशासक शंकरलाल मीणा की अध्यक्षता में किया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि ग्रामीणों ने मिलकर एक रिपोर्ट में दी कि शोभ जी का गुड़ा के राउमावि में शिक्षकों कमी है। शिक्षक की व्यवस्था की मांग की। शिविर प्रभारी ने शिक्षा विभाग से बात कर निस्तारण करने के लिए कहा। साथ ही शोभ जी का गुड़ा पंचायत व राजस्व गांव सोडाला में सीमा जानकारी व चरनोट भूमि से अतिक्रमण हटाने बात की तो शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग से बात कर जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही।

फलासिया। ग्राम पंचायत गरनवास में सोमवार को अंत्योदय संबल शिविर में विद्युत विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों और 33 केवी सिंगल फेस लाइन की मरम्मत की गई। साथ ही, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, जन्म प्रमाण पत्र, गैस कनेक्शन, खाद्य सुरक्षा, आधार सीडिंग, पेंशन सत्यापन, नामांतरण, सीमा निर्धारण और वृक्षारोपण आदि कार्य भी किए गए।

पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र जारी किए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और पशुपालन विभाग द्वारा दवा वितरण किया गया। कृषि विभाग ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों ने गरनवास कैंप में बिजली के तार खम्भों से झूलते होने की शिकायत भी की, जिसे संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए समाधान हेतु निर्देशित किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत गरनवास की प्रशासक लसुड़ी देवी, ग्राम विकास अधिकारी योगेश खराड़ी, कनिष्ठ सहायक सीताबेन कोटेड, रोजगार सहायक छोटालाल लबाना, फलासिया भाजपा मंडल अध्यक्ष भोपालसिंह शक्तावत, पंचायत समिति फलासिया के प्रधान शंभूलाल कसोटा और विकास अधिकारी प्रतापसिंह मीणा भी उपस्थित रहे।

नवज्योति/नवानिया। अन्त्योदय संबल पखवाड़े में आयोजित शिविरों में आमजन को हाथों-हाथ राहत मिल रही है। राजस्व से जुड़े लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किए जा रहे हैं। इस बीच सोमवार को जिला कलक्टर नमित मेहता ने वल्लभनगर क्षेत्र में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।



अभियान के तहत सोमवार को वल्लभनगर उपखण्ड क्षेत्र के किकावास व नवानिया ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुए। ग्राम पंचायत नवानिया में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष गांव के खेल ग्राउंड के पीछे रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर रिपोर्ट पेश की जिसके बाद वल्लभनगर तहसीलदार में मौके पर पहुँच कर मौका पर्चा बनाया व पटवारी को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने वल्लभनगर रोड मुख्य मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी रिपोर्ट दी जिस पर वल्लभनगर उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार ने ग्राम पंचायत से मुख्य मार्ग व सरकारी परिसर के आसपास कचरे के ढेर डालकर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग जलदाय विभाग की भी अनेको समस्याएं प्रशासन के समक्ष पेश की गई। शिविर के दौरान जिला कलेक्टर मेहता ने पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से संबंधित लाभ पत्र भी वितरित किए गए। शिविर में वल्लभनगर एसडीएम सुरेन्द्र बी. पाटीदार, तहसीलदार नरेंद्र चौहान और बीडीओ सुनील चौहान, सरपंच जगदीश सेन, भाजपा जिलामंत्री भंवर भट्ट, वल्लभनगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल डांगी, दुर्गेश जणवा, गेहरीलाल जणवा मौजूद रहे।

नवज्योति/ बांसड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत बांसड़ा ग्राम पंचायत के कार्यालय में शिविर में नामांतरण, आय प्रमाण-पत्र, जाति वि ने प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना, पेंशन, एवं पालनहार योजना, के लाभ दिलाए। इस मौके पर भिंडर पंचायत समिति विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार व्यास, नायब तहसीलदार खेरोदा भेरूलाल, सहायक विकास अधिकारी विजय उपाध्याय, प्रशासक छगनी बाई, कृषि विभाग अधिकारी प्रमोद, पटवारी मनोज कुमार मीणा मनोज शर्मा मौजूद रहे।

नवज्योति/वल्लभनगर। कीकावास ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत शिविर एसडीएम सुरेन्द्र बी पाटीदार की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर में जाती प्रणाम पत्र, उज्ज्वला योजना, पेंशन, पालनहार योजना, चिरंजीवि योजना के लाभ दिलाए गए। शिविर में एसडीएम सुरेंद्र बी पाटीदार, विकास अधिकारी सुनील चौहान, तहसीलदार नरेन्द्र चौहान, सीबीईओ किरण कोटिया, शिविर प्रभारी तहसीलदार रूपेश कुमार, ऑफिस कानूनगो अमर सिंह शक्तावत, पटवारी धर्मेंद्र बड़गोता, प्रधानाचार्य भीमलाल मेघवाल, प्राचार्य कैलाश मेघवाल, सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल जाट, पूर्व सरपंच भेरूलाल डांगी, बाबूलाल डांगी, मांगीलाल गुर्जर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

दैनिक नवज्योति
aas pas - 08 Jul 2025 - Pa

ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

नवज्योति/सलूंबर। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी एवं भाजपा मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी । दोनों पदाधिकारियों ने मेवल मंडल के गुडेल,गींगला, घाटी में आयोजित शिविरों में उपस्थित रह कर जन संवाद किया एवं राजस्व ,चिकित्सा ,शिक्षा,कृषि पंचायत राज,पशुपालन,जल संसाधन,विद्युत आदि विभागों द्वारा आम जन के आवेदनों ओर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया की जानकारी ली । गुडेल में गांव में नालियों की सफाई और गंदे पानी की समस्या के साथ ही दस वर्षों से गांव में नहरों की सफाई और मरम्मत नहीं होने के बारे में बताया ।वहीं ग्रामीणों ने 5 बार गांव के स्कूल में चोरियां होने पर आक्रोश व्यक्त किया । वहीं साबल स्कूल में स्कूल का पट्टा नहीं होने से विद्यालय के विकास की गति ठप्प होने की बात ग्रामीणों ने कही ।

दैनिक भास्कर
उदयपुर जिला 08-07-2025

राजस्व रिकॉर्ड में सहमति से बंटवारा, खातेदारों के चेहरे खिले

भास्कर न्यूज | सलूंबर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सराड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बलुआ में शिविर लगा। ग्राम बलुआ के खातेदार धर्मा पुत्र धावरा और रामजी पुत्र धावरा जाति मीणा की साम्लाती कृषि भूमि थी। दोनों भाइयों ने पहले आपसी सहमति से खेतों का बंटवारा कर लिया था, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में यह दर्ज नहीं था। कई बार तहसील कार्यालय से जानकारी ली, पर आपसी सहमति नहीं होने से रिकॉर्ड में बंटवारा नहीं हो पाया।

शिविर में तहसीलदार आस्थाराम बामनिया की समझाइश के बाद राजस्व टीम ने दोनों खातेदारों की सहमति से जमाबंदी में बंटवारा दर्ज किया। इससे दोनों भाइयों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। उन्होंने राजस्व विभाग का आभार जताया।

इसी दिन ग्राम पंचायत देवपुरा, पंचायत समिति जयसमंद में भी पखवाड़ा शिविर हुआ। शिविर में पेंशन से वंचित पात्र परिवारों का सर्वे हुआ। अनीता जैन, मनोहर लाल, दुर्गा लौहार, नवल, मोहनलाल, पूनमचंद, नारायणलाल, नाथु जैसे कई पात्रों को नई पेंशन स्वीकृत की गई। सरपंच शांता देवी और अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक की मौजूदगी में पेंशन आदेश वितरित किए गए।

ग्राम पंचायत केजड़ में लगे शिविर में कई ग्रामीण लाभांवित हुए। ग्राम केजड़ के खातेदार जया चौबीसा पत्नी दिलीप कुमार और पूंजा पुत्र नाथू डांगी की साम्लाती कृषि भूमि थी। उन्हें भी राजस्व रिकॉर्ड में बंटवारे की जानकारी नहीं थी। शिविर में पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षक ने जानकारी दी। दोनों खातेदार सहमत हुए। तहसीलदार आस्थाराम बामनिया की उपस्थिति में बंटवारा स्वीकृत हुआ। राजस्व रिकॉर्ड में अलग-अलग खाते दर्ज किए गए। खातेदारों ने खुशी जताई और मुख्यमंत्री व राजस्व विभाग का धन्यवाद किया।


कूण


सराड़ी

कूण| ग्राम पंचायत शोभजी का गुड़ा के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन प्रशासक रांकरलाल मीणा की अध्यक्षता में हुआ। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में पशुपालन विभाग, वन विभाग, जनजाति विभाग,महिला बाल विकास योजना विभाग,राजस्व विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग सहित सभी विभागों के कार्य किए। सोडाला, शोभजी का गुड़ा के ग्रामीणों ने चरनोट भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। वेलाफला के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी व श्मशान घाट, गांव के बीच में चबूतरा निर्माण की बात कही। इस पर संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए कहा। ग्रामीणों ने शोभजी का गुड़ा के राठमावि में शिक्षकों की कमी के बारे में बताया। शिविर प्रभारी ने शिक्षा विभाग से बात कर निस्तारण का आश्वासन दिया।

सराड़ी| मेवल में आयोजित अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी एवं भाजपा मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया। दोनों पदाधिकारियों ने मेवल मंडल के गुडेल, गींगला, घाटी में लगे शिविरों में लोगों से जन संवाद किया। राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, पंचायत राज, पशुपालन, जल संसाधन, विद्युत विभाग द्वारा आम जन के आवेदनों और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया की जानकारी ली । जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़, नायब तहसीलदार रोड़ीलाल, पटवारी ऋषभ जैन, शिविर प्रभारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

सफलता की कहानी

नवीन पेंशनरो को राहत प्रदान की, जताया आभार

राजस्थान दर्शन



सलूंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत कैम्प देवपुरा प.स. जयसमन्द दिनांक 7 जुलाई की ग्राम पंचायत देवपुरा में आयोजित किया गया। राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा के आदेशानुसार जिला कलक्टर अवधेश मीना व अतिरिक्त जिला कलेक्टर राज लक्ष्मी गहलोत के निर्देशानुसार आज दिनांक 07 जुलाई को ग्राम पंचायत देवपुरा पंचायत समिति जयसमन्द जिला सलूंबर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा 2025 एवं धरती आबा जन भागीदारी अभियान का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा शिविर के पूर्व में पेंशन से वंचित पात्र परिवारों का सर्वे करवाया गया तथा अनीता जैन/मनोहर लाल, दुर्गा लौहार/नवल,मोहन लाल/पूनमचंद्र,नारायण लाल/नाथु इत्यादि सभी नवीन पेंशनरो को राहत प्रदान की उसके लिये माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार जिला कलक्टर महोदय सलूंबर एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा आम जन के प्रति संवेदनशीलता के लिए बहुत बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस दौरान कैम्प में सरपंच शान्ता देवी, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक की उपस्थिति में पेंशन भुगतान आदेश वितरण कर लाभार्थी को राहत प्रदान की गई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

मौके पर ही मिल रही राहत, शिविरों में उमड़ रहे ग्रामीण

राजस्थान दर्शन

सलूंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत हर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में मौके पर ही आमजन को समस्याओं से राहत मिल रही है। जिला कलक्टर अवधेश मीना द्वारा प्रत्येक शिविर की मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आमजन को समुचित तंत्र से लाभ मिले। इसके साथ ही एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत द्वारा भी सतत फीडबैक लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत देवपुरा शिविर के दौरान विकास अधिकारी दयाचंद यादव और अन्य लोगों द्वारा पौधारोपण किया गया। देवपुरा शिविर में सीमाज्ञान10,नामांतरण 07,आपसी सहमति से बटवारा 1,खाता शुद्धि करण 03,जाति प्रमाण पत्र 102,मूल,प्रमाण पत्र 105,पेंशन सत्यापन 57,पेंशन स्वीकृत 10,जॉब कार्ड वितरण 1,मृदा नमूना संग्रहण



32,मृदा कार्ड - 51,ढीले तार को सही किये 15,टेढ़े पोल सही किये गए 12,तारो के संपर्क में आने वाले पेड़ो की छंगाई 65,PMJAY E-KYC 13, टीबी रोग की पहचान 10,RCH-ANC जांच 07,NCD स्क्रीनिंग 66,विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई 05,विद्यालय प्रवेशोत्सव 05,रोगी पशुओं की चिकित्सा(बड़े पशु) 62,रोगी पशुओं की चिकित्सा(छोटे पशु)18,लम्पि रोग,प्रतिरोधक टीकाकरण 100,गलगोटू टीकाकरण 60,आधार सीडिंग 93,ई- के वाई सी 168 सहित अन्य ग्राम पंचायतों में प्रार्थियों को मौके पर ही विभिन्न विभागों द्वारा राहत दी गई। मौके पर राजस्व, पंचायतीराज, चिकित्सा, एविवीएनएल, पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपखंड अधिकारियों, तहसीलदार, विकास अधिकारी आदि ने व्यक्तिशः उपस्थित रह कर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया। जिले में विविध ग्राम पंचायतों में आयोजित इन शिविरों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। शिविरों में लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, लंबित नामान्तरणों का निपटारा, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना और रास्तों के प्रकरणों का समाधान किया गया। आपसी सहमति से बंटवारे की कार्यवाही भी की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों का सर्वे किया गया तथा इन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन लिए गए। शिविरों में स्वामित्व पट्टे बनाकर पात्र ग्रामीणों को वितरित किए गए। साथ ही, पानी की टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन जारी करने, लीकेज मरम्मत और जल दबाव की जांच का कार्य भी किया गया। इसके अलावा, नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी शिविरों में किया जा रहा है। मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकृत पशुओं के हेतु सर्टिफिकेट तैयार करने और पॉलिसी जनरेट करने का कार्य भी संपादित हुआ। पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण की सेवाएं भी दी गई। शिविरों में एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही, झूलते विद्युत तारों एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों की मरम्मत का कार्य भी इन शिविरों में किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शनिवार, 08 जुलाई को देवगांव, अमलोदा, मल्लाडा, नठारा, नाल हल्कार, थड़ा, अदकालिया, बस्सी झुंझावत, बामनिया, सेमाल,नई झर, चंदा जी का गुड़ा, थामनिया इत्यादि ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

मौके पर ही मिल रही राहत, शिविरों में उमड़ रहे ग्रामीण

सच बेखौफ

सलूंबर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत हर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में मौके पर ही आमजन को समस्याओं से राहत मिल रही है। जिला कलक्टर अवधेश मीना द्वारा प्रत्येक शिविर की मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आमजन को समुचित ढंग से लाभ मिले। इसके साथ ही एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत द्वारा भी सतत फीडबैक लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत देवपुरा शिविर के दौरान विकास अधिकारी दयाचंद यादव और अन्य लोगों द्वारा पौधारोपण किया गया। देवपुरा शिविर में सीमाज्ञान10,नामांतरण 07,आपसी सहमति से बटवारा 1,खाता शुद्धि करण 03,जाति प्रमाण पत्र 102,मूल,प्रमाण पत्र 105,पेंशन सत्यापन 57,पेंशन स्वीकृत 10,जॉब कार्ड वितरण 1,मृदा नमूना संग्रहण 32,मृदा कार्ड रोगी पशुओं की चिकित्सा(बड़े पशु) 62,रोगी पशुओं की चिकित्सा(छोटे पशु)18,लम्पि रोग,प्रतिरोधक टीकाकरण 100,गलगोटू टीकाकरण 60,आधार सीडिंग 93,ई- के वाई सी 168 सहित अन्य ग्राम पंचायतों में प्रार्थियों को मौके पर ही विभिन्न विभागों द्वारा राहत दी गई। मौके पर राजस्व, पंचायतीराज, चिकित्सा, एविवीएनएल, पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सहखातेदारों की आपसी सहमति से राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में विभाजन किया

सच बेखौफ

सलूंबर। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भजन लाल शर्मा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडा, दिनांक 24 जून से 09 जुलाई का आयोजन किया जा रहा है। सलूंबर 7 जुलाई। इसी के तहत पंचायत समिति सराडा की ग्राम पंचायत बलुआ केम्प में ग्राम बलुआ के खातेदार धर्मा पुत्र थावरा एवं रामजी पुत्र थावरा जाति मीणा निवासी बलुआ के नाम से राजस्व रिकार्ड में सामलाती कृषि भूमि थी सहखातेदारों ने द्वारा बताया कि हमारी खातेदारी कृषि भूमि में मौके पर आपसी सहमति से बटवारा कर रखा था। परन्तु हम खातेदारों को राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में बटवारे की जानकारी नहीं थी। इस संबंध में हमने तहसीलदार कार्यालय से जानकारी प्राप्त की परन्तु भाईयों में आपसी सहमति नहीं होने से हम काफी समय से राजस्व रिकॉर्ड में बटवारा नहीं करवा पा रहे थे। हमारी पंचायत बलुआ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडा शिविर लगा जिसमें आस्थारानी बामनिया तहसीलदार सराडा, के समक्ष प्रस्तुत होकर तहसीलदार साहब द्वारा समझाईश कर तहसीलदार के निर्देशन में राजस्व टीम द्वारा सहखातेदारों की आपसी सहमति से राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में विभाजन किया गया। जिससे हम सभी खातेदारों को खुशी हुई एवं राजस्व विभाग का बहुत-बहुत धन्यबाद दिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

राजस्व रिकॉर्ड में हुआ आपसी सहमति से खातेदारी भूमि का बंटवारा, सहखातेदारों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

● पदमावत मीडिया



सलूंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आमजन को राहत पहुंचाने वाले कार्यों की श्रृंखला में एक उल्लेखनीय पहल सामने आई है। पंचायत समिति सराड़ा की ग्राम पंचायत बलुआ में लगे पखवाड़ा शिविर में ग्राम बलुआ के खातेदार धर्मा पुत्र थावरा एवं रामजी पुत्र थावरा जाति मीणा के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सामलाती कृषि भूमि का आपसी सहमति से सफलतापूर्वक विभाजन किया गया। खातेदारों ने बताया कि लंबे समय से उन्होंने खेतों में आपसी सहमति से बंटवारा कर रखा था, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में इसका प्रतिबिंब नहीं था। पूर्व में तहसील कार्यालय से जानकारी लेने के बावजूद आपसी सहमति के अभाव में राजस्व रिकॉर्ड में बंटवारा नहीं हो पा रहा था। पखवाड़ा शिविर के दौरान जब तहसीलदार कार्यालय सराड़ा की ओर से शिविर बलुआ में आयोजित किया गया, तो उपस्थित तहसीलदार आस्थारानी बामनिया ने दोनों सहखातेदारों को समझाइश दी। तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर ही दोनों पक्षों की सहमति से जमाबंदी में खातेदारी भूमि का विधिवत बंटवारा कर दिया। इस कार्य से सभी खातेदारों के चेहरे पर प्रसन्नता लौट आई। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों का आभार जताया और कहा कि इस पखवाड़ा शिविर ने वर्षों से लंबित समस्या का समाधान कर दिया। सभी सहखातेदारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीणों के लिए वास्तविक संबल साबित हो रहे हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

शिविरों में उमड़ रही भीड़, मौके पर ही मिल रही राहत

● पदमावत मीडिया

सलूंबर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कलेक्टर अवधेश मीना द्वारा प्रत्येक शिविर की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से मिले। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजलक्ष्मी गहलोत द्वारा भी नियमित फीडबैक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। देवपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान विकास अधिकारी दयाचंद यादव व अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण किया। इस शिविर में सीमाज्ञान 10, नामांतरण 07, आपसी सहमति से बंटवारा 01, खाता शुद्धिकरण 03, जाति प्रमाण पत्र 102, मूल निवास प्रमाण पत्र 105, पेंशन सत्यापन 57, पेंशन स्वीकृति 10, जॉब



कार्ड वितरण 01, मृदा नमूना संग्रहण 32, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 51, ढीले तारों की मरम्मत 15, टेढ़े पोल सुधार 12, विद्युत तारों से टकरा रहे पेड़ों की छंटाई 65, पीएम-जय ई-केवाईसी 13, टीबी रोग की पहचान 10, आरसीएच-एएनसी जांच 07, एनसीडी स्क्रीनिंग 66, विद्यालय परिसरों की सफाई 05, विद्यालय प्रवेशोत्सव 05, पशु चिकित्सा (बड़े) 62, (छोटे) 18, लंपी रोग टीकाकरण 100, गलघोंटू टीकाकरण 60, आधार सीडिंग 93, ई-केवाईसी 168 सहित कई कार्य किए गए। शिविर में राजस्व, पंचायतीराज, चिकित्सा, एविवीएनएल, पीएचईडी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व विकास अधिकारी स्वयं मौजूद रहकर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। शिविरों के माध्यम से पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, नामांतरण व रास्तों से जुड़े विवादों का समाधान, आपसी सहमति से बंटवारे की कार्रवाई, बीपीएल परिवारों का सर्वे व उन्हें योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त किए गए। पात्र ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टे भी वितरित किए गए। साथ ही, पानी की टंकियों की सफाई, नल कनेक्शन जारी करने, लीकेज मरम्मत व जलदबाव की जांच जैसे कार्य भी शिविर में किए जा रहे हैं। नहरों के पटरों की मरम्मत, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूना व स्वास्थ्य कार्ड वितरण, मंगला पशु बीमा योजना के तहत पंजीकरण, हेल्थ सर्टिफिकेट व पॉलिसी जनरेशन, पशु टीकाकरण व इलाज की सेवाएं भी शिविरों में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों का समाधान कर पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड भी दिए गए। विद्युत व्यवस्था सुधार के अंतर्गत झूलते तार व क्षतिग्रस्त पोलों की मरम्मत की जा रही है।

आज इन ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार, 8 जुलाई को देवगांव, अमलोदा, माल्हाडा, नठारा, नाल हल्कार, थड़ा, अदकालिया, बस्सी झुंझावत, बामनिया, सेमाल, नईझर, चंदा जी का गुड़ा, धामनिया सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

देवलिया शिविर में सहमती बंटवारा करवाया



राजस्थान दर्शन

लसाड़िया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा शिविर ग्राम पंचायत देवलिया में आयोजित किया गया। जिसमे खातेदार जमनी बाई पत्नी नारण मीणा एवं थावरी बाई पत्नी लिम्बा मीणा जाति मीणा निवासी देवलिया तहसील लसाडिया के निवासी है। शामलाती भूमि का मौके पर तो हमने आपस में बराबर भागो में बटवारा कर लिया लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में नहीं करवाया था जिससे हमे बिजली विभाग से कृषि कनेक्शन, आवासीय संपरिवर्तन, भूमि समतलीकरण, सीमा ज्ञान करवाने में कई समस्याओ का सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत देवलिया में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा शिविर में हमने तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या सुनाई। जिस पर तहसीलदार महोदय द्वारा तत्काल पटवारी बालूराम मीणा व भू.अ.नि. लसाडिया दीपक कुमार बामनिया द्वारा मौका निरीक्षण कर मौके अनुसार सहमती बटवारा तैयार करवाकर समस्या का समाधान करवाया। शामलात भूमि के हुए बटवारे से काश्तकारो के चेहरों पर मुस्कान उभर आई एवं प्रशासन को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के तहत शिविर आयोजन कर बरसो से लंबित कार्य पूरा करने पर धन्यवाद् दिया। इसके आलावा राजस्व विभाग से सम्बंधित कार्य सीमाज्ञान 11, रास्ता प्रकरण 2, सहमति विभाजन 2 एवं नामान्तरकरण 10 दर्ज होकर निस्तारित हुये। इस दौरान तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर, एसवीओ डॉ सुनील कुमार मीणा, प्रशासक नाथुलाल मीणा, कनिष्ठ अभियंता अविनाश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी लोकेश पुजारी, राजेश्वर भट्ट, नन्द किशोर नागदा सहित कार्मिक उपस्थित थे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- बांसवाड़ा

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



गनोड़ा @ पत्रिका. इसरवाला ग्राम पंचायत में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन हुआ। पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में पहुंचे, जहां कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।शिविर में बीपीएल सत्यापन, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई कार्य किए गए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर आमजन को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में सहायक विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र खाती, सरपंच कांता देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

Scanned with Ca
Scanned with OKEN Scanner

टांडा मंगला में पौधरोपण



सज्जनगढ़ @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत टांडा मंगला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। तहसीलदार हरीश सोनी व भू-अभिलेख निरीक्षक जगदीश नाई ने निरीक्षण कर पौधे लगाए। कुछ स्थानों पर अनियमितता मिलने पर सचिव को निर्देश दिए गए। ग्रामीणों को वृक्ष संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

शिविर में मिला संबल, योजनाओं से जोड़ा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बड़ोदिया. कस्बे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बागीदौरा प्रधान सुभाष खराड़ी व अध्यक्षता तहसीलदार ने की। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बांसवाड़ा आगार की बसों का संचालन कस्बे से करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। वर्तमान में खराब मार्ग के चलते कई बसें बायपास से गुजरती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती हैं।

ठीकरिया. पंचायत समिति छोटी सरवन की ग्राम पंचायत घोड़ी तेजपुर में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों ने भाग लेकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। पंचायती राज विभाग द्वारा 10 नए जॉब कार्ड, 2 पालनहार लाभ, 12 पेंशन स्वीकृत की गईं। राजस्व विभाग ने 12 नामांतरण प्रकरण व 4 रास्ता विवाद निस्तारित किए। चिकित्सा विभाग के भामाशाह द्वारा टीबी रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की गई। शिविर में तहसीलदार यूसुफ खान, प्रभारी हरीशचंद्र सोनी, सरपंच हरिराम मईड़ा सहित कई अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।


बड़ोदिया


ठीकरिया.

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

बड़ोदिया शिविर में दी योजनाओं की जानकारी



बड़ोदिया| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत सोमवार को बड़ोदिया में शिविर लगा। मुख्य अतिथि बागीदौरा प्रधान सुभाष खराड़ी थे। अध्यक्षता बागीदौरा तहसीलदार ने की। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बांसवाड़ा आगार की बसों का संचालन कस्बे से शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि खराब मार्ग के कारण आगार की कई रूटों की बसें बाईपास से निकल जाती हैं। इससे यात्रियों को परेशानी होती है।

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

29 पंचायतों में अंत्योदय संबल शिविर आज लगेंगे

बांसवाड़ा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को 29 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देंगे। इसमें बांसवाड़ा के कटियोर, लीमथान, बांसवाड़ा शहर, तलवाड़ा के मसोटिया, गढ़ी के सालिया, भीमसोर, साकरिया, सागवाड़िया, अरथूना के आंजना, घाटोल के मिसाया, मुड़ासैल, पाड़ला, कानड़ा, चंदूजी का गढ़ा, चिरावला गढ़ा, बागीदौरा के मंगलिया दईड़ा, नाल, चोखला, गांगड़तलाई के खूंटा गलिया, चरकनी, आनंदपुरी के मुंद्री, ढनकु, सज्जनगढ़ के सातसेरा खुर्द, डूंगर कलां, डूंगरा खुर्द, कुशलगढ़ के बावड़ी निनामा, शोभावटी, चौखवाड़ा, छोटी सरवा में शिविर लगाए जाएंगे।

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में ग्रामीणों को मिला त्वरित समाधान

हाथों-हाथ मिले लम्बित सीमांकन, आपसी सहमति से भूमि का बंटवारा और नामांतरण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बांसवाड़ा

अमरथून में अंत्योदय संबल शिविर प्रशासक राजेंद्र कुमार चरपोटा, पूर्व सरपंच धीरजमल एवं शिविर प्रभारी कौशल जैन प्रशासनिक अधिकारी की अगुवाई में हुआ। प्रारम्भ में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में लम्बित पत्थर गढ़ी और सीमांकन, नामांतरण प्रकरण, कुतेजांत रिपोर्ट, आपसी सहमति से भूमि का बंटवारा, बीपीएल परिवारों का सर्वे ओर गरीबी मुक्त गांव योजना, स्वामित्व पट्टे बना कर वितरण, पानी की टंकियों की साफ सफाई, लम्बित नल कनेक्शन, लीकेज की मरम्मत और जल दबाव की जांच, नहरों के पटरों की सफाई और मरम्मत, नर्सरी से पौधे वितरण, मृदा नमूनों की जांच, मंगला पशु योजना की हैल्थ जांच, इलाज और टीकाकरण, एनएफएसए लम्बित प्रकरण का निस्तारण, आयुष्मान कार्ड वितरण, विद्यालयों में प्रवेशोत्सव और नामांकन वृद्धि सहित झूलते तारों, विद्युत पोल सही करवाना शामिल रहा। राजस्व विभाग के कलाल शंकर बुनकर, नीलेश त्रिवेदी, अभिषेक व्यास, दलजी पाटीदार, पंचायती राज विभाग से कान्तिलाल चरपोटा, रामचन्द्र कलासुआ, गोविन्द लाल भाभोर, खातुराम चरपोटा ने हाथों-हाथ समस्या-समाधान किए। कृषि पर्यवेक्षक धीरजमल, वन विभाग से मणिलाल रावत, खाद्य विभाग से मुकेश चरपोटा, हरदू भाई ने भी राहत दी। इन्दिरा डामोर, भरत राणा, बसन्ती कटारा ने चिकित्सा विभाग का प्रतिनिधित्व किया। पशुपालन विभाग से फूलशंकर डामोर, जनजाति विभाग से रणछोड़ चरपोटा, शिक्षा विभाग से पीओ प्रधानाचार्य अरुण व्यास के सानिध्य में रकम चंद चरपोटा, कचरू लाल चरपोटा, चुन्नीलाल दायमा, शिशुपाल कामोल, पर्वत सिंह, हरिशंकर, मानसिंह ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसी प्रकार इसरवाला ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में इसरवाला एवं पंचायत के गांवों के निवासियों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हाथों-हाथ दिया गया। अधिकारियों ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान 12 परिवारों का बीपीएल में सत्यापन, 4 पेंशन के आवेदन, 2 खाद्य सुरक्षा के, 2 मृत्यु प्रमाण पत्र, 2 जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य कार्य हाथों-हाथ किए गए। शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी प्रकाशचंद्र खाती, सरपंच कांता देवी, वीडिओ तुलसीराम बामनिया, एलडीसी प्रकाश कटारा, जेटीए अशोक निनामा, एईएन वेद प्रकाश, गिरदावर पटवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



बांसवाड़ा। अमरथून में अंत्योदय संबल शिविर में लाभार्थियों को राहत देते अधिकारी। - चिराग बीमाल



गनोड़ा। इसरवाला में आयोजित शिविर में आमजन को योजनाओं का लाभ प्रदान करते अधिकारी। - दिनेश व्यास

ओबरी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत रामड़ा ब्राह्मणिया में जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 16 विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका स्थल पर ही त्वरित समाधान किया। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आवेदन व शिकायतों पर मौके पर ही कार्यवाही की गई, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार, विशिष्ट अतिथि भाजपा महामंत्री चिराग मेहता, पूर्व महामंत्री चंदन सिंह चौहान, नाथू भाई पाटीदार, सरपंच कुसुम परमार, कांति शंकर उपाध्याय एवं गिरिराज सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस शिविर से ग्रामवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला।

आज और कल यहां लगेंगे शिविर

बांसवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को बांसवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कटियोर, लिमथान, बांसवाड़ा नगर परिषद,



ओबरी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गामड़ा ब्राह्मणिया में आयोजित जनसेवा शिविर में मौजूद अतिथि। - चंदेश कलाल

तलवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मसौतिया, गढ़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मालीया, भीमसोर, साकरिया, सागवाडिया में, अरथूना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आंजना में, घाटोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मिसाया, मुंडा सेल, पाड़ला, कानडा, चंदूजी का गढ़ा, चिरावला गढ़ा में, बागोदौरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मांगलिया दाईड़ा, नाल, चैखला में, गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खूंटा गालियां, चरकनी में, आनंदपुरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुंदी, धनकु में, सज्जनगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सात सेरा खुर्द, डूंगर कलां, डूंगरा खुर्द, कुशलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बावड़ी निनामा, शोभा वटी, चौखवाड़ा, छोटी सरवा में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 9 जुलाई को गढ़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आसोड़ा, सामागड़ा, राठडिया पाड़ा, अरथूना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसरपुरा, रेवाना में, घाटोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बड़ाना, कनपूरा, ठिकरिया चंद्रावत, बडालियां, बागोदौरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत वडलीपाड़ा, खोखरवा, गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोनाडूंगर, सल्लोपाट, आनंदपुरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मडकोला मोगजी, कड़दा, सज्जनगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत शकरवाड़ा, महूडी, पालीकला, कुशलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोटड़ा, खजुरा, गोपालपुरा, बिजोरी बड़ी एवं छोटी सरवन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गागरवा में शिविर आयोजित होंगे।

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

सरेड़ी बड़ी शिविर में कांतिलाल जोशी एवं पवन को मिला मकान का पट्टा और प्रोपर्टी कार्ड

सरेड़ी बड़ी शिविर दोनों के लिए लेकर आया खुशहाली



बांसवाड़ा। सोमवार को जिले की गढ़ी पंचायत समिति क्षेत्र की सरेड़ी बड़ी ग्राम पंचायत में लगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत लगा शिविर कांतिलाल पुत्र मीठालाल जोशी के लिए खुशहाली लेकर आया, जब उसे ग्राम विकास अधिकारी ने उसे अपने मकान के पट्टे एवं स्वामित्व योजना के फायदे समझाए और जानकारी दी और उसे मौके पर ही कार्यवाही पूर्ण करवाकर आसानी से मकान का पट्टा जारी कर स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रोपर्टी कार्ड वितरित किया।

इस पर कांतिलाल जोशी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया वही शिविर में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों का धन्यवाद दिया कि बिना किसी परेशानी के मुझे योजना का लाभ प्रदान कर दिया गया।

इसके अलावा इसी प्रकार की कार्यवाही करते हुए सरेड़ी बड़ी शिविर पवन पुत्र रणछोड़ निनामा के लिए भी खुशहाली लाया जब उसे मकान का पट्टा जारी करते हुए स्वामित्व योजना का प्रोपर्टी कार्ड वितरित किया गया।

सफलता की कहानी केसर की जुबानी



बांसवाड़ा। मुझे लम्बे समय से सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का भुगतान नहीं हो रहा था एवं ई-मित्र के माध्यम से आवेदन नहीं हो पा रहा था, तभी माननीय श्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में ग्राम विकास अधिकारी महोदय के द्वारा मुझसे अपनी पेंशन के दस्तावेज प्राप्त कर योजना के फायदे समझाए तभी माननीय श्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा राजीव गांधी सेवा केंद्र करणपुर पर आयोजित शिविर में दिनांक 07.07.2025 को पहुँची वहा मे विकास अधिकारी महोदय से मिला उन्होंने मुझे योजना की जानकारी दी और मौके पर ही मेरा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की स्वीकृति जारी करवाई मैं माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं मुख्यमंत्री महोदय जी एवं जिला प्रशासन एवं उपखंड प्रशासन का दिल से धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने एक आम आदमी की समस्या को देखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा जैसी योजना चलाई। मैं शिविर में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी का भी धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने मुझे बिना किसी परेशानी एवं जल्द योजना का लाभ प्रदान किया।

देवजी को मिला आवासीय पट्टा

बांसवाड़ा। पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत आज दिनांक 07.07.2025 को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत अमरथुन में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अमरथुन के निवासी श्री देवजी /मानजी द्वारा उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि लम्बे समय से उन्हें आवासीय पट्टा की आवश्यकता है। जिसे दिलाने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा सम्बन्धित विभाग को निर्देश देकर हाथों-हाथ शिविर में फाईल तैयार कराकर श्री रूपा/हिरा को आवासीय पट्टा प्रदान कर राहत प्रदान की गई।



श्री देवजी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, जिला प्रशासन उपखण्ड प्रशासन, तहसीलदार विकास अधिकारी एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने इनकी परेशानी को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़े में लाभ दिलाया।

मंगलवार और बुधवार को यहां लगेंगे शिविर

बांसवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत 8 जुलाई मंगलवार को बांसवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कटियार, लिमथान, बांसवाड़ा नगर परिषद में, तलवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मसौतिया में, गढ़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सालीया, भीमसोर, खकरिया, खगवाड़िया में, अरथूना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आजना में, घाटोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मिसाया, मुंडा सेल, पाड़ला, कानडा, चंदूजी का गढ़ा, चिरायला गढ़ा में, बागीदौरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मांगलिया दाईड़ा, नाल, चौखला में, गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खूंटा खालिया, चरकनी में, आनंदपुरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुंडी, धनकु में, सज्जनगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सात सेरा खुर्द, डूंगर कलां, डूंगरा खुर्द में, कुशलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बावड़ी निनामा, शोभा चटी, चौखवाड़ा, छोटी सरवा में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 9 जुलाई बुधवार को गढ़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आसोड़ा, सामा गढ़ा, राठ दिया पाड़ा में, अरथूना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसरपुरा, रैयाना में, घाटोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बढ़ाना, कनपूरा, टिकरिया चंद्रावत, बड़ालिया में, बागीदौरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बड़ली पड़ा, खोखरवा में, गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोना डूंगर, सल्लोपाट में, आनंदपुरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मडकोला मोगजी, कड़दा में, सज्जनगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत शकरवाड़ा, महुडी, पलीकला में, कुशलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोटड़ा, खजुरा, गोपालपुरा, बिजोरी बड़ी में एवं छोटी सरवन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गागरवा में शिविर आयोजित होंगे।

Scanned with OKEN Scanner



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- जोधपुर

–:: समाचार कतरन – 08 जुलाई 2025 ::–

राजस्थान पत्रिका

जोधपुर, मंगलवार, 8 जुलाई, 2025

मेलबा में फॉलोअप शिविर आयोजित



धुंधाड़ा @ पत्रिका. झंवर तहसील की ग्राम पंचायत मेलबा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत फॉलोअप शिविर का आयोजन किया गया। विकास अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि शिविर में बंटवारा, नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण, स्वामित्व योजना के पट्टे वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि शिविर में पेयजल एवं बिजली की शिकायतों का निस्तारण किया गया।

दैनिक नवज्योति

केतु मदा : पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर में 15 साल बाद हुआ गवरीदेवी का नामांतरण

नवज्योति/बालेसर।

पंचायत समिति सेखाला की ग्राम पंचायत केतु मदा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान 15 साल बाद गवरीदेवी का नामांतरण दर्ज हुआ, जिसमें गवरीदेवी ने सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। सोमवार को केतु मदा पंचायत मुख्यालय पर शिविर प्रभारी पूजा चौधरी के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें हल्का पटवारी आसाराम मीणा एवं भू अभिलेख निरीक्षक गणेश सिंह राजपुरोहित ने गवरी देवी के आवेदन की जांच कर शिविर स्थल पर ही नामांतरण दर्ज कर राहत प्रदान की। गौरतलब है कि 30 जून 2010 को खातेदार रेवतराम पुत्र मीठाराम की मृत्यु हो गई थी। एकमात्र वारिस गवरीदेवी के नाम 15 वर्ष बाद भी नामांतरकरण दर्ज नहीं हो पाया था, जिसके चलते इन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि आदान अनुदान सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था, शिविर में अब नामांतरण दर्ज हो जाने के बाद उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी



चंचल राज शर्मा, आरपी हरचंद, पशु चिकित्सा अधिकारी अभिजीत सूत्रधार, पूर्व सरपंच कंवरसिंह गोगादेव, सरपंच सायर देवी, कृषि पर्यवेक्षक किशोरसिंह एएनएम रीना प्रजापत, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र परिहार, कनिष्ठ सहायक राजेंद्र सिंह, राघेश्याम, अर्जुन सिंह सहित कर्मचारी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

दैनिक प्रातःकालीन
सच्ची रिपोर्ट

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : सफलता की कहानी

'घर का हक - हाथों में प्रमाण' : स्वामित्व योजना ने बदली ज़िंदगी, भर दिया आत्मविश्वास

दैनिक सच्ची रिपोर्ट



जोधपुर, । राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूनियों की बासनी और ग्राम पंचायत डांवरा में आयोजित जनकल्याण शिविरों में स्वामित्व योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को उनके घरों का कानूनी स्वामित्व प्रमाणित प्रोपर्टी कार्ड सौंपे गए। वर्षों से जो लोग बिना दस्तावेज़ के अपने मकान में रह रहे थे, उन्हें जब हाथों में स्वामित्व का अधिकार पत्र मिला, तो आंखों में आंसू और चेहरे पर संतोष दोनों ही झलकते दिखे।

पूनियों की बासनी में उदाराम को मिला घर का मालिकाना हक

ग्राम पंचायत पूनियों की बासनी में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी श्रीमती कृष्णा इंकिया (तहसीलदार) के निर्देशन में स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को उनके प्रोपर्टी कार्ड वितरित किए गए। श्री उदाराम/आसुराम निवासी सांवत कुआ कलां को शिविर स्थल पर ही उनके मकान का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्री हरिराम चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी श्री कमल रोज, आरआई श्री महेंद्र भार्गव, पटवारी बालाराम, ऊषा सारण एवं वार्ड पंच नैनाराम सियाग उपस्थित रहे।

श्री उदाराम ने मुस्कुराते हुए कहा– "अब मेरे पास अपने घर का कानूनी दस्तावेज है। यह सिर्फ एक कागज नहीं, बल्कि मेरे आत्मसम्मान और सुरक्षा की पहचान है। मैं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी और पूरी टीम का धन्यवाद करता हूँ।"

डांवरा की इच्छादेवी को मिली जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी - घर का प्रोपर्टी कार्ड

ग्राम पंचायत डांवरा (पंचायत समिति बावड़ी) में आयोजित शिविर में श्रीमती इच्छादेवी पत्नी पारसराम (जाति महाजन), निवासी सांवरा को ढुष्ठ हश. 102 के अंतर्गत प्रोपर्टी कार्ड प्रदान किया गया। उनकी आबादी भूमि पर वर्षों से मकान बना था, पर कोई स्वामित्व प्रमाण नहीं था। जब उन्हें शिविर में सरकारी स्वामित्व कार्ड सौंपा गया, तो वे भावुक हो गईं और खुशी के आंसुओं के साथ सरकार को धन्यवाद दिया। श्रीमती इच्छादेवी ने रुंधे गले से कहा – "आज तक मेरे पास मकान का कोई दस्तावेज नहीं था। आज पहली बार मुझे मेरा अधिकार मिला है। मैं राज्य सरकार की आभारी हूं, जिन्होंने मेरे जीवन को सम्मान से जोड़ दिया।"

दैनिक सच्ची रिपोर्ट

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : सफलता की कहानी

नामांतरण, समाधान और सहमति - एक शिविर, कई समाधान

दैनिक सच्ची रिपोर्ट

जोधपुर, । राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिलेभर में आयोजित शिविरों ने फिर यह प्रमाणित किया कि जब शासन संवेदनशील हो और प्रशासन सजग, तो वर्षों पुराने राजस्व मामलों का समाधान भी कुछ ही घंटों में संभव हो जाता है। केतु हेमा, बड़ा कोटेचा और बालरवा में आयोजित शिविरों में तीन अलग-अलग प्रकरणों में लाभार्थियों को त्वरित राहत प्रदान की गई, जिससे न केवल जमीन संबंधी अधिकार मिले, बल्कि सामाजिक सुरक्षा से भी सीधा जुड़ाव हुआ।

केतु हेमा में 15 वर्ष पुराना नामांतरण हुआ दर्ज - गवरी देवी को मिली योजनाओं की सौगात

ग्राम पंचायत केतु हेमा में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी सुश्री पूजा चौधरी (तहसीलदार, सोखाला) के निर्देशन में ग्राम केतु मदा की खातेदार गवरी देवी को वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिली। उनके पति रेवतराम पुत्र पिछाराम का 30 जून 2010 को निधन हो गया था, किंतु 15 वर्षों बाद भी नामांतरण दर्ज नहीं हुआ था। इस कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि आदान-अनुदान जैसी योजनाओं से वे वंचित थीं। शिविर में हल्का पटवारी श्री आशाराम मीणा द्वारा मौके पर जांच की गई और भू-अभिलेख निरीक्षक श्री गणेशसिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में नामांतरण दर्ज कर नकल प्रदान की गई। गवरी देवी ने कहा– "यह मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं। वर्षों से मैं जो सपना देख रही थी, वह आज शिविर में पूरा हुआ। राज्य सरकार और अधिकारियों को मेरा ढेर सारा आशीर्वाद।"

बड़ा कोटेचा में वर्षों पुराना जमीनी विवाद सुलझा - अनवर खान और रूस्तम खान में बनी सहमति ग्राम पंचायत बड़ा कोटेचा में शिविर प्रभारी श्री गिरिराज किशोर के नेतृत्व में आयोजित शिविर में श्री अनवर खान ने श्री रूस्तम खान के साथ चल रहे जमीनी विवाद के निपटारे हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। श्री गिरिराज किशोर ने पटवारी श्री किशोर खोरवाल को भेजकर मौके की जानकारी ली और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवाद का समाधान करवाया। इसके अतिरिक्त, पेंशन, पालनहार, कन्यादान एवं विशेष योग्यजन सहायक उपकरण जैसी योजनाओं तथा राज्य सरकार के सामाजिक सुरक्षा मोबाइल ऐप की जानकारी भी लाभार्थियों को दी गई। अनवर खान ने कहा– "हम कई सालों से परेशान थे, लेकिन आज इस शिविर में प्रशासन ने जो भूमिका निभाई, उससे हमें न्याय और संतोष दोनों मिला।"

बालरवा में 7 वर्ष बाद मुकनाराम के नाम विरासत दर्ज - पांच उत्तराधिकारियों को मिली राहत ग्राम पंचायत बालरवा के शिविर में शिविर प्रभारी श्री सूरजपाल सिंह (तहसीलदार) के मार्गदर्शन में मुकनाराम पुत्र बागाराम के 7 वर्षों से लंबित विरासत नामांतरण का समाधान हुआ। मृतक के पुत्र श्री घनश्याम व दिनेश द्वारा शिविर में प्रस्तुत आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व कार्मिकों ने पांच उत्तराधिकारियों के नाम विरासत का नामांतरण दर्ज कर नकल सौंपी। घनश्याम ने मुस्कुराते हुए कहा– "आज हमें वर्षों बाद अधिकार मिला है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- प्रतापगढ

—:: समाचार कतरन – 08 जुलाई 2025 ::—

पत्रिका

जिला कलक्टर ने किया झड़ोली शिविर का निरीक्षण : योजनाओं के तहत प्रगति की ली जानकारी, अंतिम छोर तक पहुंचे योजनाओं की जानकारी

अधिकारियों को आमजन के हितार्थ कार्य करने के निर्देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



प्रतापगढ़. जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने सोमवार को धरियावद उपखंड की ग्राम पंचायत झड़ोली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मौके पर उपस्थित सभी विभागों के स्टॉल पर दी जा रही सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया एवं शिविर में उपस्थित आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं को पहुंचाना है, इसलिए कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए। कलक्टर ने पंचायती राज विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों से पौधारोपण की जानकारी ली व कहा कि लक्ष्य अनुरूप पौधारोपण किया जाए एवं मानकों के अनुसार सभी कार्य किए जाए इस कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जाए। जिला कलक्टर ने एनएफएसए पोर्टल पर केवाईसी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पोर्टल पर डाटा समयबद्ध रूप से अद्यतन किया जाए। उन्होंने सौंडल हेल्थ कार्ड की मैपलिंग के बारे में जानकारी लेते हुए अब तक डिस्ट्रीब्यूशन किए कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को रास्ते के प्रकरणों को मौके पर जाकर नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आए ग्रामजनों विशेष रूप से महिलाओं की बीपी, शुगर सहित मेडिकल स्क्रीनिंग कराई जाए। उन्होंने स्थानीय विद्यालय में पौधारोपण भी किया। शिविर में दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों तक प्रचार-प्रसार कर उन्हें शिविर से जोड़े। इस अवसर पर तहसीलदार दीपिका कटारा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

धरियावद में बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित

प्रतापगढ़. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 157 धरियावद में बूथ लेवल अधिकारीयों का प्रशिक्षण सोमवार को पंचायत समिति सभागार में किया गया। जिसमें तहसील क्षेत्र धरियावद के 50 बूथ लेवल अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्रवीण सिंह भाटी, प्रधानाचार्य राउमावि चित्तौडिया व खेमराज मीणा भू.अ. निरीक्षक के द्वारा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी धरियावद के निर्देशन में मतदाता सुची के अद्यतन के दौरान सर्वे और बूथ लेवल अधिकारियों के कर्तव्यों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिला कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। कलक्टर ने बूथ लेवल अधिकारियों से उनके कर्तव्यों और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। एसडीएम धरियावद ने बताया कि इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 157 धरियावद में तहसील क्षेत्र धरियावद में मंगलवार को (50) बूथ लेवल अधिकारियों एवं 9 जुलाई को 47 बूथ लेवल अधिकारीयों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 14 जुलाई को तहसील झल्लारा के (76) बूथ लेवल अधिकारीयों और 15 जुलाई को तहसील लसाडिया के (77) बूथ लेवल अधिकारीयों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मंडी भाव

08/07/2025 | Partapgarh | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 7 से 9 जुलाई तक शिविरों में मनाया जा रहा बेटी जन्मोत्सव

बेटी जन्म पर खुशियां, बजे बधाई गीत, बेटी के नाम पेड़ लगाया

भास्कर न्यूज | प्रतापगढ़



राज्य सरकार की पहल पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ बेटी जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को लुहारिया पंचायत समिति में आयोजित शिविर में बेटी के जन्म को उत्सव का रूप देते हुए ग्रामीणों में जागरूकता फैलाई गई। बालिकाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और समान की सोच बदलने का संदेश दिया गया।

संरक्षण अधिकारी महिला अधिकारिता विभाग नेहा माथुर ने बताया कि पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 7 से 9 जुलाई तक जिले में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 7 जुलाई को प्रतापगढ़ की ग्राम पंचायत लुहारिया में बेटी जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। सरपंच शंकरलाल मीणा, सचिव विजयराज मीणा, पर्यवेक्षक त्रिलोक राज सिंह सिसोदिया, महिला पर्यवेक्षक टीना नागदा, परामर्शदाता लक्ष्मी चौहान और डिंपल राजपूत समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी : शिविर में अधिकारियों ने लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी, इसके तहत अब बेटी के जन्म पर दी जाने वाली सहायता राशि 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख कर दी गई है। साथ ही शिक्षा सेतु योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क 10वीं व 12वीं की पढ़ाई के लिए ओपन स्कूल से जोड़ने की बात भी कही। बेटी के नाम एक वृक्ष अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण और बेटी दोनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत धरियावद उपखंड की ग्राम पंचायत झड़ोली में लगे शिविर का कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय स्टॉलों पर पहुंचकर योजनाओं की प्रगति जानी और आमजन से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक तरीके से मिले। उन्होंने पौधरोपण, एनएफएसए पोर्टल अपडेट, मेडिकल स्क्रीनिंग, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण और राजस्व प्रकरणों के मौके पर निस्तारण को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने स्थानीय विद्यालय में पौधरोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया।

बीईओ मीणा ने बासलाई व उठेल शिविरों का किया निरीक्षण



बड़ीसादड़ी | पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बासलाई और उठेल में आयोजित शिविरों का ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डीएल मीणा ने निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समुचित तैयारी के साथ शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। शिविरों में नामांतरण, रास्तों के विवाद, स्वामित्व पट्टों का वितरण, विद्युत सुधार, जल संरचनाओं की मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता से लिए जा रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, टीबी स्क्रीनिंग, एनसीडी परीक्षण, खाद्य सुरक्षा योजना, यूडीआईडी कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। साथ ही पशु टीकाकरण और विद्यालयों में छतों की सफाई, बच्चों को पौधरोपण हेतु प्रेरित करने जैसे निर्देश भी दिए।

कलक्टर ने झड़ोली में किया अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण









पत्रिका

लगाए जा रहे शिविर | पंडित दीनदयालन उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

शिविरों में मनाया जाएगा बेटी का जन्मोत्सव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

प्रतापगढ. राज्य सरकार की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबंल पखवाड़े में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से 7 जुलाई को प्रतापगढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत लुहारिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। संरक्षण अधिकारी महिला अधिकारिता विभाग नेहा माथुर ने बताया की जिले में दिनांक 7 से 9 के बीच आयोजित होने वाले केंपो में बेटी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस क्रम में लुहारिया में आयोजित कैंप में सरपंच शंकर लाला मीणा, सचिव विजय राज मीणा, पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता त्रिलोक राज सिंह सिसोदिया, महिला पर्यवेक्षक टीना नागदा, परार्मशदाता पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र लक्ष्मी चौहान व डिपंल राजपूत व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। पर्यवेक्षक सिसोदिया ने बेटी जन्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया।

इस बजट में सरकार द्वारा योजनान्तर्गत 7 किश्तों में दी जाने वाली अनुदान राशि को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रूपए कर दिया गया है। उन्होनें बताया की विभाग की शिक्षा सेतु योजना के तहत भी बालिकाओं और महिलाओं को राजस्थान स्टेट ओपन से निःशुल्क 10वी और 12वीं के लिए प्रवेश भी 1 जुलाई 2025 से प्रांरभ हो चुके हैं। इस अवसर पर पर्यावरण बचाओ संदेश के साथ ही बेटी जन्म पर बेटी के नाम एक वृक्ष लगाने का संदेश भी दिया गया। इसके साथ ही पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।



प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

आज यहां लगेंगे शिविर

ग्राम पंचायत में कार्य योजना के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न सुविधाओं व योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार उपलब्ध करवाया जा रहा है। कलक्टर ने अधिकारियों को पखवाड़े के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 8 जुलाई, मंगलवार को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मानपुर, पारसोला, गोपालपुरा,अंबाव, धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धमोतर , कुलमीपूरा, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोटा धामनिया, तलैया, दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लापरिया रुंडी, बोरी अ, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पीपालदा, काकरवापाडा व छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत स्वरूपगंज, रंभावली, बसेड़ी कुंडाल में शिविर आयोजित होंगे।

08/07/2025 | Partapgarh | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर प्रतापगढ़ 08-07-2025

जिले की 15 पंचायतों में आज लगेंगे संबल शिविर

प्रतापगढ़ | जिले में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 8 जुलाई को विभिन्न पंचायत समितियों की 15 ग्राम पंचायतों में शिविर होंगे। कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया के मार्गदर्शन में यह शिविर स्थानीय स्तर पर सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं।शिविर धरियावद, धमोतर, सुहागपुरा, दलोट, पीपलखूंट और छोटीसादड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में लगेंगे। इनमें पेंशन, जन आधार, बीमा, श्रमिक पंजीयन और महिला कल्याण से जुड़ी सेवाएं मौके पर ही दी जाएंगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने और ग्रामीणों को सुविधा देने के निर्देश दिए हैं।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- जालोर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 20 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

रानीवाड़ा से प्रवीण राठौड़ की रिपोर्ट।

जालोर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान सोमवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया। इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित पखवाड़े के दौरान सोमवार को जालोर उपखण्ड की तीखी, माण्डवला व बिशनगढ़, आहोर उपखण्ड की आईपुरा, वेडिया व देच्छू, बागोड़ा उपखण्ड की वाडाभाडवी व वाडानया, भीनमाल उपखण्ड की फागोतरा व जेरण, जसवंतपुरा उपखण्ड की सावीधर व बूगांव, रानीवाड़ा उपखण्ड की रानीवाड़ा कलां व मेडा, चितलवाना उपखण्ड की केसूरी व सुराचंद तथा सांचौर उपखण्ड की पांचला, मेडा जागीर, विरोल व प्रतापपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

मंगलवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 8 जुलाई, मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 20 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

मरूधर आईना
www.marudharaaina.com

जालोर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान सोमवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया ।

इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित

पखवाड़े के दौरान सोमवार को जालोर उपखण्ड की तीखी, माण्डवला व बिशनगढ़, आहोर उपखण्ड की आईपुरा, वेडिया व देच्छू, बागोड़ा उपखण्ड की वाडाभाडवी व वाडानया, भीनमाल उपखण्ड की फागोतरा व जेरण, जसवंतपुरा उपखण्ड की सावीधर व बूगांव, रानीवाड़ा उपखण्ड की रानीवाड़ा कलां व मेडा, चितलवाना उपखण्ड की केसूरी व सुराचंद तथा सांचौर उपखण्ड की पांचला, मेडा जागीर, विरोल व प्रतापपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

मंगलवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 8 जुलाई, मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा ।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

20 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

नवज्योति/जालोर।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान सोमवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया। पखवाड़े के दौरान सोमवार को जालोर उपखण्ड की तीखी, माण्डवला व बिशनगढ़, आहोर उपखण्ड की आईपुरा, वेडिया व देच्छू, बागोड़ा उपखण्ड की वाडाभाडवी व वाडानया, भीनमाल उपखण्ड की फागोतरा व जेरण, जसवंतपुरा उपखण्ड की सावीधर व बूगांव, रानीवाड़ा उपखण्ड की रानीवाड़ा कलां व मेडा, चितलवाना उपखण्ड की केसूरी व सुराचंद तथा सांचौर उपखण्ड की पांचला, मेडा जागीर, विरोल व प्रतापपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वहीं रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

आज इन ग्राम पंचायतों में होंगे शिविर

मंगलवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 8 जुलाई, मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 20 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

भौंपू की आवाज

जालोर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान सोमवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित

पखवाड़े के दौरान सोमवार को जालोर उपखण्ड की तीखी, माण्डवला व बिशनगढ़, आहोर उपखण्ड की आईपुरा, वेडिया व देच्छू, बागोड़ा उपखण्ड की वाडाभाडवी व वाडानया, भीनमाल उपखण्ड की फागोतरा व जेरण, जसवंतपुरा उपखण्ड की सावीधर व बूगांव, रानीवाड़ा उपखण्ड की रानीवाड़ा कलां व मेडा, चितलवाना उपखण्ड की केसूरी व सुराचंद तथा सांचौर उपखण्ड की पांचला, मेडा जागीर, विरोल व प्रतापपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

मंगलवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 8 जुलाई, मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 20 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

सच मीडिया

जालोर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान सोमवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित

पखवाड़े के दौरान सोमवार को जालोर उपखण्ड की तीखी, माण्डवला व बिशनगढ़, आहोर उपखण्ड की आईपुरा, वेडिया व देच्छू, बागोड़ा उपखण्ड की वाडाभाडवी व वाडानया, भीनमाल उपखण्ड की फागोतरा व जेरण, जसवंतपुरा उपखण्ड की सावीधर व बूगांव, रानीवाड़ा उपखण्ड की रानीवाड़ा कलां व मेडा, चितलवाना उपखण्ड की केसूरी व सुराचंद तथा सांचौर उपखण्ड की पांचला, मेडा जागीर, विरोल व प्रतापपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

आज को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 8 जुलाई, मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला नागौर

—:: समाचार कतरन – 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर
नागौर भास्कर 08-07-2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर में जनता को मिला योजनाओं का लाभ



आलनियावास. संबल शिविर में पौधें वितरण करते विधायक।

भास्कर न्यूज|आलनियावास

पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान किया गया। डेगाना विधायक अजय सिंह किलक ने लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। शिविर में ग्राम पंचायत आलनियावास की ओर से पट्टे, प्रॉपर्टी आईटी और पौधे वितरित किए गए। जलदाय विभाग ने 5 नए जल कनेक्शन जारी किए। कृषि विभाग ने 20 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। कृषि से जुड़े आवेदनों का निस्तारण किया गया। शिविर में खेत तक रास्ता खुलवाने के लिए एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। पीएम श्री विद्यालय में कम वोल्टेज की समस्या से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलने की शिकायत पर प्रधानाचार्य करमा राम कडेला ने अलग कनेक्शन की मांग की। शिविर में विधायक अजय सिंह किलक, प्रधान भेरूंदा जसवंत सिंह थाटा, उपखंड अधिकारी सुरेश के एम रिया बड़ी, सहायक विकास अधिकारी नंदकिशोर टॉक, नायब तहसीलदार राधिका चौधरी, सरपंच पुष्पा देवी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर
मेड़ता भास्कर 08-07-2025

दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी

भास्कर न्यूज | रोल

ाम पंचायत रोल में सोमवार को ीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय खवाड़ा शिविर का आयोजन किया। राजस्व विभाग ने भूमि के ंटवारे, नामों में शुद्धिकरण और न्म प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याएं ुनीं। विद्युत और जल विभाग से ुड़ी शिकायतें भी दर्ज की गईं। एसडीएम अभिलाषा ने डिस्कॉम और पीएचईडी विभाग के धिकारियों को मौके पर जाकर ुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हसीलदार पेमाराम चौधरी ने ग्राम चायत परिसर में पौधारोपण किया।



रोल. ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण करते तहसीलदार व अन्य

शिविर में बीडीओ महावीर प्रसाद, प्रशासक मनफूल सिंह डिडेल, ग्राम विकास अधिकारी परमेश्वर डूकिया, पटवारी श्रवणराम गोदारा, देवाराम चौयल, सहीराम डिडेल, विजेंद्र जलवाणिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कुचेरा | अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत अड़वड़ ग्राम पंचायत में सोमवार को अटल सेवा केंद्र पर शिविर लगा। उपखंड अधिकारी अभिलाष चौधरी ने निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। राजस्व विभाग ने 4 बंटवारे, 35 नामांतरण और 18 शुद्धि प्रकरणों का निस्तारण किया। चिकित्सा विभाग की ओर से 310 मरीजों को दवाएं दी गईं और टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित की गई। ग्राम विकास विभाग ने 2 जॉब कार्ड, 60 पेंशन व 8 जन्म-मृत्यु प्रकरणों का कार्य किया। शिविर में कृषि, बिजली, महिला व बाल विकास सहित कई विभागों ने ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया।

Scanned with OKEN Scanner

पत्रिका

अंत्योदय पखवाड़े के शिविर में मिले पट्टे, पौधे वितरित



आलनियावास. मृदा कार्ड वितरण करते विधायक व अन्य

आलनियावास @ पत्रिका. कस्बे के सूचना केंद्र पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। विधायक अजयसिंह किलक ने पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए चारागाह पर उद्यान विकसित करने की बात कही और आमजन को पौधे वितरित किए। शिविर में 2-मैप के तहत 27 पट्टे वितरित किए गए, जलदाय विभाग ने 5 नए जल कनेक्शन के आवेदन लिए, 20 आयुष्मान और चिकित्सा कार्ड बांटे गए। कृषि विभाग ने 20 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए और ड्रिप सिंचाई के आवेदनों का निस्तारण किया गया। कई लाभार्थियों की रुकी हुई पेंशन भी चालू करवाई गई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुरेश केएम, प्रधान जसवंतसिंह, नायब तहसीलदार राधिका चौधरी सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

08/07/2025 | Merta | Page : 8
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with OKEN Scanner

पत्रिका

अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों ने समस्याएं रखीं



गच्छीपुरा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को पट्टे वितरित करते जन प्रतिनिधि व अन्य।

गच्छीपुरा @ पत्रिका . ग्राम पंचायत गच्छीपुरा में सोमवार को नायब तहसीलदार सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभिन्न विषयों पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें जल जीवन मिशन के तहत वार्ड 7, 8, 13 व 14 में पेयजल समस्या, वार्ड 14 में ट्रांसफार्मर हटवाने, चकमादास की 6 हजार बीघा भूमि का पटवार हल्का बदलने, गांव का नाम गच्छीपुरा करने और रेलवे फाटक संख्या सी-60 खोलने जैसी मांगें प्रमुख रहीं। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा 31 नए पट्टे वितरित किए गए, साथ ही 32 लोगों को पुराने पट्टों के साथ स्वामित्व कार्ड सौंपे गए। इस अवसर पर सरपंच सुरेश मेघवाल, एडीओ भंवरलाल विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी भेरुराम गोदारा, उप सरपंच महेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

08/07/2025 | Merta | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with OKEN Scanner

पत्रिका

अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान

पोषण कीट वितरित किए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

डेगाना @ पत्रिका. ग्राम पंचायत खींवताना में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश माचरा और सरपंच भंवरी देवी चोयल ने टीबी मरीजों को निक्षय पोषण कीट वितरित किए। उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि मरीजों को नियमित दवाइयों के साथ-साथ पोषण की आवश्यकता होती है, जिससे उनका शरीर स्वस्थ रहे। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर कैलाश डूकिया ने निक्षय मित्र योजना की महत्वता को बताते हुए कहा कि यह न केवल रोगियों की मदद करता है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. श्रवणराम राव ने बताया कि उपखंड क्षेत्र में टीबी मरीजों के लिए पोषण कीट वितरित किए जा रहे हैं और अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाए जा रहे हैं। खंड प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकिशोर सारण ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें यूडीआईडी कार्ड, पीएमजेवाई योजना, गर्भवती महिलाओं की जांच और टीवी मरीजों की स्क्रीनिंग शामिल हैं। शिविर में टीबी के लक्षण और उपचार की जानकारी बाबूलाल ने दी। इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर राकेश, दीपा चौधरी, प्रीति चौधरी एएनएम और आशा शारदा मंजू उपस्थिति रहीं।

08/07/2025 | Merta | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with OKEN Scanner

पत्रिका

प्रत्येक जरूरतमन्द को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ



कुचेरा. अड़वड़ में शिविर के दौरान पौधरोपण करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

अड़वड़ में अंत्योदय सम्बल शिविर

कुचेरा @ पत्रिका. सरकारी योजनाओं का फायदा हर जरूरतमन्द को मिलना चाहिए। गांव ढाणी में रह रहे लोगों को सरकार की मंशा अनुरूप सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। यह विचार जायल उपखण्ड अधिकारी अभिलाषा चौधरी ने पण्डित दीनदयाल अंत्योदय सम्बल योजना के तहत अड़वड़ ग्रामपंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में व्यक्त किए। शिविर में पंचायतीराज, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, अजमेर विद्युत वितरण निगम, आयुष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

ये हुए कार्य

शिविर में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 20 जन्म - मृत्यु पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं 80 सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन किया गया। राजस्व विभाग की ओर से नामांतरण व नाम शुद्धिकरण तथा रास्ता प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर उनकी पूर्ण परवरिश का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी कैलाश डुकिया, सरपंच सीता राम, भाजपा नेता हनुमान चौधरी सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया।

08/07/2025 | Nagaur | Page : 10
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with OKEN Scanner

पत्रिका

अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

ग्रामीणों के लम्बित कार्यों का मौके पर हुआ निस्तारण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रोल. शिविर के दौरान लाभार्थियों को पट्टे वितरण करते अधिकारी

रोल. ग्राम पंचायत परिसर में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा जायल तहसील की दोतीणा व अड़वड़ ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया गया । विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया। शिविरों में राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, पंचायत राज, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, श्रम, कृषि, विद्युत, जलदाय, खाद्य एवं आपूर्ति जैसे विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रोल कस्बे में जायल उपखंड अधिकारी अभिलाषा चौधरी ने कहा कि अधिक से अधिक पात्र वंचित अभ्यर्थियों को जोड़कर लाभांवित कर अभियान को सफल बनाएं। तहसीलदार पेमाराम पूनियां ने शिविर में होने वाले कार्यों एवं विभिन्न विभागों की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान 16 जमीन सम्बन्धी बंटवारे, 10 नाम शुद्धिकरण, पट्टे वितरण, पेंशन सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास सहित कई कार्यों का मौके पर निस्तारण किया। ब्लॉक विकास अधिकारी महावीर प्रसाद, पंचायत प्रशासक मनफूल सिंह डिडेल , ग्राम विकास अधिकारी परमेश्वर लाल ,रोल चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र सिंह कालवी, ऑफिस कानूनगो सीताराम फरड़ोदा ,डॉ विनीत सोनी ,पटवारी श्रवण राम गोदारा, विजेंद्र जलवाणियां,सहित कई कार्मिक मौजूद रहे। तहसीलदार पेमाराम पूनिया ने पंचायत समिति परिसर में पौधरोपण कर पंचायत कार्मिकों को पौधों की रक्षा की जिम्मेदारी दी।

Admission Open
BCA|BSc|BA
BBA|BCom Hons
MCA|MSc
MA|MCom
High Job oriented Special Courses
Free Competition Classes for 3 years
Quality Education
पविष्कार
कॉलेज (ऑटोनोमस) नयपुर
8875008831

08/07/2025 | Nagaur | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक नवज्योति nagaur - 08 Jul 2025 - Page 9

लोगों की समस्याओं का मौके पर ही हो रहा निस्तारण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, कुचामनसिटी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में लोगों के परिवादों को सुन उनका निदान कर रहे हैं। राजस्व सहित राज्य सरकार के 16 विभागों के अधिकारी मौके पर ही कार्य निपटाकर लोगों को राहत प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पलाड़ा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला कलक्टर डीडवाना कुचामन डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने की। जिला कलक्टर ने शिविर आयोजन का उद्देश्य ग्रामवासियों को बताया गया और लाभार्थियों को पट्टा वितरण, स्वामित्व कार्ड आदि का वितरण किया। श्रीमती मधुलिका शेखावत उपस्वास्थ्य केंद्र पलाड़ा को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। प्रशासक लीना कंवर ने शिविर के दौरान आम जन की समस्याओं से जिला कलक्टर को अवगत कराया गया। पंचायत समिति सदस्य विजय सिंह पलाड़ा ने ग्रामवासियों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए कहा एवं आम जन की समस्याओं का तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की सहायता से मौके पर निस्तारण करवाया।

डेगाना। ग्राम पंचायत खींवताना में सोमवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश माचरा एवं सरपंच भवरी देवी चाँयल ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी के मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित किए। उपखण्ड अधिकारी ने टीबी के मरीज को नियमित दवाई के साथ साथ पोषण किट लेना जरूरी बताया। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर कैलाश डूकिया ने बताया कि निक्षय मित्र योजना सरकार की एक प्रभावी पहल है जिससे न केवल रोगियों को सहायता मिलती है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। इसी क्रम में खींवताना सरपंच भवरी देवी को निक्षय मित्र बनाया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर श्रवण राम राव ने अभियान के बारे में बताया। वहीं खंड प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकिशोर सारण ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में बाबूलाल ,नर्सिंग ऑफिसर राकेश, दीपा चौधरी, प्रति चौधरी, एएनएम और आशा शारदा मंजू उपस्थिति रहे।

रोल। ग्राम पंचायत रोल में सोमवार को प्रशासक मनफूलसिंह डिडेल की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा पट्टा वितरण, पेंशन सत्यापन, चिकित्सा विभाग द्वारा लोगों की शुगर व बीपी की जांच, टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण व स्क्रीनिंग, आभा आईडी कार्ड वितरण, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण, जरूरतमंदों को दवा वितरण, कृषि विभाग द्वारा सॉइल कार्ड वितरित किए। जावल एसडीएम अभिलाषा ने शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामप्रकाश जाखड़, डीएसओ अंकित पचार, तहसीलदार पेमाराम पूनिया, बीडीओ महावीर प्रसाद, एसिस्टेंट बीडीओ सुशील भाकर, रसद विभाग के ईओ रामावतार पूनिया, बिजली विभाग के एक्सईएन आरआर भाटी, जेईएन ज्योति स्वरूप, डॉ. राजेन्द्र सिंह कालवी, डॉ. विनीत सोनी, डॉ. लोकेन्द्र धायल, पीडीईओ नरेन्द्र डिडेल, आरआई सीताराम फरड़ोदा, पटवारी श्रवण गोदारा, वीडीओ परमेश्वर, कृषि सुपरवाइजर सुनीला उपस्थित रहे।









आलनियावास। पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान किया। डेगाना विधायक अजय सिंह किलक ने कहा कि हर व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। शिविर में ग्राम पंचायत आलनियावास की ओर से पट्टे, प्रॉपर्टी आईटी और पौधे वितरित किए। शिविर में 5 नए जल कनेक्शन, 20 मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित कई कार्य हुए। पीएम श्री विद्यालय में कम वोल्टेज की समस्या से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलने की शिकायत पर प्रधानाचार्य करमा राम कडेला ने अलग कनेक्शन की मांग की। शिविर में प्रधान भेरूंदा जसवंत सिंह थाटा, उपखंड अधिकारी सुरेश के एम, नंदकिशोर टाँक, नायब तहसीलदार राधिका चौधरी, सरपंच पुष्पा देवी शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी भगवान सिंह, पटवारी रामनिवास बोरानिया, वीडीओ नोरतमल, कनिष्ठ सहायक छगनलाल दरट, ब्रह्मदेव शर्मा, वार्ड पंच जितेंद्र गौड, घनश्याम सैनी, संतोष नाथ, पूर्व उपसरपंच जुगराज बावरी और रामकिशन लाटा भी शिविर में उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा – 2025

राजस्थान सरकार

सफलता की कहानी



शिविर में मिला तीन लाभार्थियों को पेंशन की सुरक्षा का संबल



आज दिनांक 07.07.2025 को ग्राम पंचायत सांजू में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर तीन परिवाद प्राप्त हुए।

प्रथम प्रकरणः– शिवराम पुत्र घासीराम मेघवाल निवासी सांजू द्वारा परिवाद दर्ज करवाया गया कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन 17–18 महीनों से नहीं आ रही है।

द्वितीय प्रकरणः– प्रेमा देवी पत्नी रेखाराम निवासी सांजू द्वारा दर्ज परिवाद के अनुसार उनकी पेंशन भी पिछले एक साल से उनको प्राप्त नहीं हो रही है।

तृतीय प्रकरणः– रेखा देवी पत्नी मनोज कुमार गिंवारिया निवासी सांजू ने परिवाद दर्ज करवाया कि उनकी विशेष योग्यजन पेंशन पिछले 08 महीनों से प्राप्त नहीं हो रही है।

शिविर में उपस्थित श्री ओमप्रकाश जी माचरा, उपखण्ड अधिकारी डेगाना एवं शिविर नोडल अधिकारी श्री सतीश कुमार राव, तहसीलदार डेगाना ने उक्त प्रकरणों में तुरन्त ज्ञान लेते हुए शिविर में उपस्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिकों द्वारा उक्त तीनों प्रकरणों की पेंशन जांच करवाई गई तो पाया गया कि प्रथम एवं द्वितीय प्रकरण के परिवादियों की पेंशन वार्षिक सत्यापन के अभाव में बन्द हो गई है तथा तृतीय प्रकरण के परिवादी की पेंशन में खाता संख्या गलत दर्ज होने के कारण उनकी पेंशन रिटर्न हो रही है।

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार उक्त तीनों प्रार्थियों के पेंशन को शिविर में ही रि–ओपन करवाई गई। शिविर में ही संबंधित लाभार्थियों को उनके पीपीओ प्रमाण–पत्र तथा उनके बकाया पेंशन की एरियर पेंशन का सैंक्शन लेटर प्रदान किया गया।

उक्त लाभार्थियों ने स्वयं को प्राप्त उक्त संबल हेतु राजस्थान सरकार के पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर और मुख्यमंत्री महोदय को धन्यवाद् ज्ञापित किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- अजमेर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर आज

नाहरपुरा @ पत्रिका. निकटतम ग्राम ग्राम पंचायत मायापुर में राजीव गांधी सेवा सेवा केंद्रों में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया जाएगा। कालू सिंह रावत ने बताया कि राजस्व विभाग से संबंधित जैसे रास्तों का खुलासा, अतिक्रमण ,लंबित सीमांज्ञान, पत्थरगढ़ी , नामांतरण, आपसी सहमति से बंटवारा,स्वामित्व मकान पट्टे, बिज़ली के झूलते तारो को खिंचवाना व टूटे व तिरछे विद्युत पोल को सही कराने, लंबित नल कनेक्शन व अधूरी पेयजल लाईन , ख़राब हैंडपंप को दुरस्त करवाने, पानी निकासी अवरोधको व नालों की सफाई, पशु टीकाकरण, अतिक्रमण हटाने सहित अन्य कार्य होंगे।

शिविर का अधिकारियों ने किया अवलोकन

नाहरपुरा @ पत्रिका. निकटतम ग्राम पंचायत दांतडा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर जारी है। उपखंड अधिकारी राजीव बड़गुर्जर, तहसीलदार भागीरथ चौधरी, बीडीओ सोहनलाल डारा प्रशासक रणजीत नुवाद ने शिविर का अवलोकन किया। बड़गुर्जर ने बताया कि राजस्व विभाग के अंतर्गत सीमाज्ञान प्रकरण 5 नामांतरण 21 रास्ता प्रकरण 4 मृदा स्वास्थ्य कार्ड 10 खाद्य सुरक्षा योजना में लाभान्वित 51 पखवाड़ा अवधि के दौरान स्वामित्व कार्ड /पटटा वितरण 55 पशु टीकाकरण 100 बीपीएल परिवार चयन , पौधों का वितरण 1470 विद्यालय में पुस्तक वितरण किया गया। 184 खाद्य सुरक्षा



आधार सीडिंग 70, खाद्य, ई केवाईसी में 40 पेंशन भौतिक सत्यापन किए गए। ललित सिंगाड़िया को सम्मानित किया गया। विकास अधिकारी सोहन लाल डारा, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी घनश्याम मोयल , पीईईओ इंद्रवती, कृषि अधिकारी राजेश कुमार , कृषि पर्यवेक्षक ओम प्रकाश जेईएन प्रदीप, ग्राम विकास अधिकारी हनुमान भैरा सहित अन्य मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति anchal - 08 Jul 2025 - Page 6

शिविर में हाथोंहाथ निपटाए काम, मिली राहत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

न्यूज़ सर्वेत/नवज्योति, रूपनगढ़

समीपवर्ती श्रीनिंबार्क तीर्थ ग्राम में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी और उपखंड अधिकारी निशा सहारण की मौजूदगी में क्षय रोग से पीड़ित लीलावती को राजकीय निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण किट उपलब्ध नहीं होने की पीड़ा सुनाई तो एसडीएम ने तत्काल चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं रोगियों की पहचान के बाद पोषण किट नहीं मिलने वाले 26 रोगियों को किट दिए गए। यूआईडी कार्ड दो जनों के बने तथा 73 जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देश देकर ढीले तारों को ठीक करने तथा जलदाय विभाग को पानी की टंकी की सफाई व ग्राम में बिछी हुई पाइपलाइन के लीकेज को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा पशुओं का टीकाकरण भी किया गया। नामांतरण के 27 और सीमा ज्ञान के 11 मामले निस्तारित किए गए। पांच रास्ता के प्रकरण भी निपटाए गए। 100 पशुओं का टीकाकरण किया गया और 18 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गए। तीन जनों के बीपीएल चयन का लाभ मिला तथा खाद्य सुरक्षा की आधार सीडिंग 127 जनों की की गई। 72 पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें विस्तृत की गई तथा 550 पौधे वितरण किए गए। शिविर में तहसीलदार किशनगढ़ अजीत कुमार बूंदिला और अतिरिक्त विकास अधिकारी शक्ति सिंह आदि ने सेवाएं दीं।

और अब भींवाराम को भी मिलेगी पेंशन: पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जाजोता में शिविर आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी दीप शिखा की मौजूदगी में भींवा (87) पुत्र सोलू निवासी भैरवाई ने उसका जनाधार कार्ड नहीं होने से उसकी पेंशन सालों से बंद पड़ी है। उपखंड अधिकारी ने तुरंत ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को तत्सम्बंधी निर्देश दिए। वृद्ध भींवा का तुरंत जनाधार कार्ड बनाकर उसे जोड़ने तथा हाथों-हाथ पेंशन के लिए उसे पात्र बना दिया गया। इस दौरान रूपनगढ़ तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज और नायब तहसीलदार सुभाष रोज भी मौजूद थे। उपखंड अधिकारी दीप शिखा समेत पूरी प्रशासनिक टीम का भींवा ने कंठ से आभार जताया। इस कार्य में समाज कार्य एवं अनुसंधान केंद्र तिलोनिया की टीम ने भी उसका सहयोग किया।

अरांई। सान्देलिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा, तहसीलदार हरिराम के सानिध्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में वर्षों पुराने भूमि विवाद का आपसी सहमति से बंटवारा हुआ। एसडीएम शर्मा ने बताया कि सांदेलिया के काश्तकारों खातेदार राजी देवी पत्नी श्योजी जाट व श्योजी जाट पुत्र रतना जाट ने पिछले 12 वर्षों से अटके बंटवारे के बारे में बताया। जिस पर एसडीएम ने बंटवारे का आवेदन करवाकर तहसीलदार को निर्देश दिए। तहसीलदार हरिराम ने कार्रवाई करते आपसी सहमति से बंटवारा कर विवाद का निपटारा करवाया। शिविर में राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, नामान्तरण, आपसी सहमति से बंटवारा, पशुपालन विभाग ने टीकाकरण, पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व कार्ड/पट्टे, खाद्य विभाग ने आधार सीडिंग एवं ईकेवासी संबंधी कार्य मौके पर किये। महिला अधिकारिता विभाग ने बेटी जन्मोत्सव, बेटी के नाम से पौधारोपण एवं नारी चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह, गिरदावर, प्रशासक प्रेम देवी आदि मौजूद थे।

भिनाय। ग्राम पंचायत रातांकोट में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अध्यक्षता उपखंड अधिकारी राजीव खड़गूजर, तहसीलदार भागीरथ चौधरी, बीडीओ सोहनलाल डारा व प्रशासक रणजीत नूवाद की मौजूदगी में आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी राजीव राजीव खड़गूजर ने अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी खड़गूजर ने बताया कि कैंप में राजस्व विभाग के अंतर्गत सीमाज्ञान प्रकरण 5, नामांतरण 21, रास्ता प्रकरण 4, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 10, खाद्य सुरक्षा योजना में लाभान्वित 51 पखवाड़ा अवधि के दौरान स्वामित्व कार्ड/पट्टा वितरण, 55 पशु टीकाकरण, 100 बीपीएल परिवार चयन, 1470 विद्यालय पुस्तक का वितरण और 184 खाद्य सुरक्षा में आधार सीडिंग 70 खाद्य सुरक्षा में नवीन आवेदन जोड़े गए। राउमावि दांतड़ा में अजमत ललित सिंगाड़िया द्वारा एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उपखंड अधिकारी द्वारा सम्मानित कर छात्रा का हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी घनश्याम मोकल, पीईओ इंद्रवती लूभम, जेईएन विद्युत निगम सरोधना डॉ. रेणु मामनानी, सहायक पटवारी दिनेश सिंह शेखावत, कृषि अधिकारी राजेश कुमार, कृषि पर्यवेक्षक ओमप्रकाश, जेईएन पीएचईडी प्रदीप, ग्राम विकास अधिकारी हनुमान भैरा, कनिष्ठ लिपिक रतन लाल, गोविंद सिंह पंचायत समिति सदस्य, उप सरपंच करण सिंह, समाज सेवी किशोर सिंह, वार्डपंच महेंद्र प्रजापत, गोपाल सोलंकी, अमित रांकावत, जगदीश मेघवंशी विद्यालय सहायक आदि मौजूद थे। शिविर में आमजन के विभिन्न कामकाज निपटाए गए।

झूंठा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गिरी में शिविर आयोजित किया गया। प्रभारी राजपुर विकास अधिकारी भंवरलाल सिंगाड़िया के सानिध्य में आयोजित शिविर में मीठे पानी, बिजली, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, चिकित्सा संबंधी, विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। शिविर में विकास अधिकारी भंवरलाल सिंगाड़िया, जलदाय विभाग के नाथूराम सीरवी, भू राजस्व फक कम्बोदर सिंह, को-ऑपरेटिव विभाग भरत सिंह, कृषि पर्यवेक्षक सुखलाल गुर्जर, गिरी पटवारी जगदीश बोहरा, ग्राम सेवक खूंजेश, सरपंच रमेश सिंह रावत आदि मौजूद थे।

किराप। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत किराप, मानपुरा, मायला में शिविर का आयोजन किया गया। विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने शिविर का अवलोकन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता से लोगों के कार्य करने का आह्वान किया। उपखण्ड अधिकारी मसूदा, विकास अधिकारी सन्देश पाराशर, सरपंच रतनी देवी, पंचायत समिति सदस्य मूल कंवर, भागचंद गुर्जर, ताराचंद भार्गव ने लोगों की समस्या सुन निदान किया। इस दौरान नामांतरण बटवारे के पांच व रास्ते के पांच प्रकरण निपटाए। 20 पट्टे भी वितरित किए। शिविर में मानपुरा ग्राम पंचायत सरपंच हरचंद रावत, मायला ग्राम पंचायत सरपंच मानक देवासी, भाजपा खरवा मण्डल अध्यक्ष भगवान सिंह रावत, हरदेव सिंह रावत, मण्डल महामंत्री बलवीर सिंह चौहान, ध्रुव सिंह राठौड़, मण्डल उपाध्यक्ष शिवप्रसाद वैष्णव, विजय सिंह रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

पड़ाणा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में 5 दशक पुराना प्रकरण सुलझा। शिविर में सीमा ज्ञान व नामांतरण के 5, पत्थरगढ़ी के 2, रास्ता प्रकरण के 2 सहित कई मामले सामने आए। इनका शिविर में निस्तारण किया। इस दौरान भाजपा महामंत्री सुभाष वर्मा, अर्जुन सिंह, विनाय प्रधान सम्पतराज लोढ़ा, सरपंच बालचंद कावड़िया, उपसरपंच प्रतिनिधि दुद्दाराम गुर्जर, देवेन्द्र शर्मा, सुरेश जाणिड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

संदड़ा। निकटवर्ती गांव झाला की चौकी ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया। ग्राम पंचायत द्वारा पट्टों का वितरण किया गया। पीईओ नीलम कुमारी यादव ने ग्रामीणों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इस दौरान शिविर प्रभारी ओमप्रकाश बोराणा, झाला की चौकी सरपंच आशा गहलोत, रमेश सिंह, जगदीश सामरिया, विक्रम सिंह, आनंद सिंह, संगीता चौधरी, वार्ड पंच धर्मेंद्र नाथ, खेम सिंह, कालू सिंह, नरपत सिंह, खुम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

स्यार। निकटवर्ती ग्राम पंचायत हरपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत दो बालिकाओं का जन्मदिन मनाया। इस दौरान नारी चौपाल का भी आयोजन किया। शिविर स्थल पर कन्या वाटिका के तहत एक पौधा मेरे नाम के सरपंच मधुरा देवी धाकड़ ने दो पौधे लगाए। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, सरपंच मधुरा देवी धाकड़, हरपुरा स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. परमेश्वर गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी राजेश मीणा, सरेंद्र सोनी, सरपंच प्रतिनिधि बालूराम धाकड़, पटवारी अरविन्द सिंह राठौड़, पटवारी कानाराम गुर्जर सहित हरपुरा पंचायत के कचोलिया, हरपुरा, कसाण के ग्रामीण मौजूद रहे।


रूपनगढ़


अरांई


रूपनगढ़


सेंदड़ा


स्यार


पड़ाणा


किराप


जेठाना


झूंठा

दैनिक नवज्योति anchal - 08 Jul 2025 - Page 7

पात्र व्यक्ति हक से ना रहें वंचित

निमोद में शिविर का अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, केकड़ी

अतिरिक्त जिला कलक्टर केकड़ी चन्द्रशेखर भण्डारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत उपखंड केकड़ी के ग्राम पंचायत निमोद शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

शिविर मे अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इन शिविरों का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ देना है। इसके लिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति को उसका हक वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से लेकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से कैंप की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली एवं सभी को निर्देशित किया कि समय पर कैंप में आने वाली समस्याओं का समाधान करें। शिविर मे सभी विभागों ने अपनी योजनाओ से आमजन को लाभान्वित किया। किसानों को खाद एवं बीज के मिनी किट तथा प्रोपर्टी कार्ड का वितरण किया गया



केकड़ी। शिविर का निरीक्षण करते अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्र शेखर भंडारी। -सुरेंद्र जोशी।

शिविर में 396 परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा, पौधे लगाए

भिनाय। पडांगा व रताकोट पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर मे योजना में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ पहुंचाकर लाभांवित किया गया।

शिविर मे राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान के 8, पत्थरगढ़ी के 3, कुरेंजात के 2, नामान्तकरण के 5, रास्तों के 10 प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा के 4 प्रकरण का निस्तारण व पशुपालन विभाग द्वारा 233 छोटे-बड़े पशुओं की चिकित्सा, 100 लम्पी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 60 गलघोंटू टीकाकरण करवाते हुए 37 पशुपालकों को लाभांवित किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में 343 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा गरीबी मुक्त गांव योजनान्तर्गत 4 परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया व 6 परिवारों का द्वितीय चरण हेतु सर्वे किया गया। महानरेगा योजना में 7 कार्य, 15वां वित्त आयोग में 2 कार्य, राज्य वित्त आयोग षष्ठम के 2 कार्य पूर्ण करवाए गये, मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 2000 पौधे लगाए गए। वहीं स्वामित्व योजना अंतर्गत 4 परिवारों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजना के अन्तर्गत 13 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। कृषि विभाग द्वारा 25 मृदा नमूनों का संग्रहण, 5 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया। शिविर में राजीविका ने 396 परिवारों को स्वयं सहायता समूह में जोड़ा।

शिविर में प्रधान सम्पतराज लोढ़ा, एसडीएम सुनील कुमार झिंगोनियां, भिनाय विकास अधिकारी अर्जुन सिंह, सहायक विकास अधिकारी अजीत कुमार कावड़ियां, पंचायत रताकोट में नीलम राठौड़, तहसीलदार, भिनाय, अतिरिक्त विकास अधिकारी बुद्धराज प्रजापत, जिला महामंत्री सुभाष वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सुरेश जांगिड़, नागेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

शिविर में मौके पर ही पट्टा मिलने पर खिला चेहरा

भास्कर न्यूज | नसीराबाद

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत बिठूर में शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों के परिवादों की सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण कर राहत प्रदान की। शिविर में ग्राम पचमता निवासी मोसिन खान ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए व्यवसायिक दुकानों का पट्टा विलेख जारी करने की प्रार्थना की। जिस पर एसडीएम यादव और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए प्रार्थी मोसिन खान को हाथों हाथ व्यवसायिक दुकानों का पट्टा जारी कर सुपुर्द किया। शिविर में हाथोंहाथ पट्टा मिलने से प्रार्थी का चेहरा खुशी से खिल गया। उसने एसडीएम सहित कर्मचारियों का धन्यवाद किया। शिविर में तहसीलदार ममता यादव सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

शिविर में समस्याओं का मौके पर ही समाधान करें

अतिरिक्त जिला कलेक्टर भंडारी ने निमोद शिविर का किया निरीक्षण

भास्कर न्यूज | केकड़ी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भंडारी ने ग्राम पंचायत निमोद में लगे शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि पात्र लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। शिविर में मौजूद सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से प्रगति रिपोर्ट ली। निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान करें। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं के जरिए आमजन को लाभ पहुंचाया। किसानों को खाद और बीज के मिनी किट दिए गए। प्रॉपर्टी कार्ड का भी वितरण किया गया। आमजन से अपील की कि तय तारीख को ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लें।

जाजोता पंचायत में शिविर : 87 वर्ष के वृद्ध की पेंशन शुरू करवाकर दी राहत

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

जाजोता पंचायत के अटल सेवा केंद्र पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम दीपशिखा एवं तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज, नायब तहसीलदार सुभाष रोज एवं अन्य समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के कार्मिक उपस्थित हुए।

शिविर में ग्राम भैरवाई निवासी भीवा उम्र 87 वर्ष ने एसडीएम को लंबे समय से बंद पड़ी पेंशन को पुनः चालू करवाने के लिए निवेदन किया। प्रार्थी ने बताया कि उसका एकमात्र जीवन यापन का साधन पेंशन ही है। जो भी बंद पड़ी है। एसडीएम ने अधिकारियों को प्रार्थी की पेंशन चालू करने के निर्देशित किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा प्रार्थी के दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रार्थी के जनाधार में अपडेशन करते हुए पेंशन का सत्यापन कर प्रार्थी की पेंशन पुनः चालू करवाई गई। इसमें एसडब्लूआरसी तिलोनिया की टीम का भी विशेष सहयोग रहा। पेंशन चालू होने पर प्रार्थी का चेहरा खिल उठा।



रूपनगढ़. ग्राम जाजोता में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बारह साल पुराने भूमि विवाद को सुलझाया

भास्कर न्यूज | अरांई

ग्राम पंचायत सांदोलिया में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में उपखण्ड अधिकारी आस्था शर्मा, तहसीलदार अरांई हरिराम, अतिरिक्त विकास अधिकारी दौलत सिंह, नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह, प्रशासक प्रेम देवी, गिरदावर, पटवारी सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में तहसीलदार अरांई ने सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों और किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, नामान्तरण, आपसी सहमति से बंटवारा, पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण, पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व कार्ड और पट्टे, खाद्य विभाग द्वारा आधार सीडिंग और ईकेवासी से जुड़े कार्य मौके पर किए गए। जिला कलक्टर अजमेर के निर्देश पर महिला अधिकारिता विभाग ने बेटी जन्मोत्सव, बेटी के नाम पौधारोपण और नारी चौपाल जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए। शिविर के दौरान एक प्रेरणादायक समाधान सामने आया। ग्राम पंचायत सांदोलिया के खातेदार श्योजी जाट पुत्र रतना जाट और उनकी पत्नी राजी देवी ने उपखण्ड अधिकारी आस्था शर्मा को बताया कि खसरा नंबर 1570/791, कुल रकबा 1.6180 हैक्टेयर भूमि का बंटवारा 12 वर्षों से अटका हुआ था। आपसी सहमति नहीं होने से विवाद बना हुआ था। उपखण्ड अधिकारी ने तुरंत तहसीलदार हरिराम को निर्देश दिए। तहसीलदार ने मौके पर ही दोनों पक्षों को समझाया। सीमाज्ञान की स्पष्टता, पत्थरगढ़ी की सुविधा और अनावश्यक नामों से मुक्ति जैसे लाभ बताए। दोनों पक्ष सहमत हुए और वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया।

इस समाधान से दोनों परिवारों को राहत मिली। गांववासियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा। न्याय और सेवा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा। काश्तकारों ने बताया कि शिविर के कारण उनकी कई समस्याएं मौके पर ही हल हो गईं। यदि शिविर नहीं होता तो उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते। सभी अधिकारी एक साथ मौजूद होने से समय की बचत हुई। काश्तकारों ने उपखण्ड अधिकारी, तहसील प्रशासन और राज्य सरकार का आभार जताया।

शिविर में आपसी सहमति से सुलझा कई वर्षों पुराना जमीन का विवाद

फतहगढ़ पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित

भास्कर न्यूज | सरवाड़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 के तहत फतहगढ़ ग्राम पंचायत में आयोजित राजस्व शिविर में वर्षों पुराना भूमि विवाद आपसी सहमति से सुलझ गया। यह मामला ग्राम फतहगढ़ के काश्तकार पूजा, प्रहलाद, पोखर लाल, मून जांगिड़ व सांवरलाल-रामेश्वरलाल से जुड़ा था।



सरवाड़ फतहगढ़ में आयोजित शिविर में अधिकारियों की ओर से काश्तकारो को राजस्व प्रमाण पत्र देते हुए।

मामले को लेकर सभी ने उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर को बताया कि वे खसरा नंबर 425, रकबा 0.61 हेक्टेयर भूमि का आपसी बंटवारा करवाना चाहते हैं। पारिवारिक मनमुटाव के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था। उपखंड अधिकारी तंवर ने मामले को लेकर तहसीलदार सरवाड़ बंटी देवी राजपूत को निर्देश दिए। जिस पर तहसीलदार ने मौके पर ही सभी काश्तकारों को विभाजन से होने वाले लाभों की जानकारी दी। सीमाज्ञान की स्पष्टता, पत्थरगढ़ी की सुविधा, बैंक ऋण की सुविधा और अनावश्यक नामों से मुक्ति जैसे फायदे बताए गए। प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से प्रभावित होकर सभी काश्तकारों ने आपसी सहमति से तत्काल भूमि विभाजन के लिए हामी भरी। मौके पर ही राजस्व कार्यवाही पूरी की गई। जिससे वर्षों पुराना विवाद समाप्त हुआ। परिवारों को राहत मिली।

गांववासियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा। न्याय और सेवा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा। काश्तकारों ने कहा कि यदि यह शिविर न होता तो उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते। उन्होंने तहसील प्रशासन, शिविर प्रभारी और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

शिविरों में आकर योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : विधायक शत्रुघ्न गौतम

सावर |पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर सोमवार को पंचायत पारा मुख्यालय में आयोजित किया गया।

शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत 4 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ ही अन्य विभागों के अंतर्गत लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया। विधायक शत्रुघ्न गौतम ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे कैंपों में अधिक से अधिक योजनाओं में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

शिविर में मुख्य अतिथियों द्वारा हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर में एसडीएम सुभाष हेमानी जिला देहात मण्डलमंत्री रायचंद बागड़ी, जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत ,भाजपा बावन माता मण्डल अध्यक्ष राजवीर हावा,सावर पंचायत समिति विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, तहसीलदार बंटी राजपूत, नायब तहसीलदार अर्पिता चौधरी उपस्थित रहीं। संचालन स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच ने किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला – बाड़मेर

–:: समाचार कतरन – 08 जुलाई, 2025 ::–

राजस्थान पत्रिका 08–07–2025

आपसी सहमति से हुआ कृषि भूमि का बंटवारा



शिव @ पत्रिका. ग्राम पंचायत रापेजी की बस्ती मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संकल्प पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की ओर से प्रस्तुत की गई परिवेदनाओं का शिविर प्रभारी ने उचित समाधान के निर्देश दिए। शिविर प्रभारी उम्मेदाराम कुमावत ने बताया कि शिविर में पेंशन स्थापन कार्य के तहत वृद्धजनों की पेंशन स्थापन की गई। ग्रामीणों को आबादी भूमि में निर्मित मकान वाले परिवारों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए। साथ ही ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया। तहसीलदार विकास सारण ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों में नामांतरण, आपसी सहमति से कृषि भूमि का बंटवारा सहित कई कार्य होते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में रापेजी की बस्ती निवासी 16 किसानों की आपसी सहमति से कृषि भूमि का बंटवारा हुआ जिससे किसानों को अपनी कृषि भूमि का हक मिला। इस दौरान सरपंच बच्चो, सहायक विकास अधिकारी देवीसिंह सहित कई जन उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 08–07–2025

ग्रामीणों का कार्य त्वरित गति से हो यही सरकार की पहली प्राथमिकता: ईनाणिया



बाड़मेर. आटी शिविर में जॉबकार्ड वितरण करते हुए।



फागलिया. लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

भास्कर न्यूज | बाड़मेर

ग्राम पंचायत आटी में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन सरपंच छैल कंवर की अध्यक्षता में हुआ। ग्राम विकास अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि इस दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, लंबित नामान्तरणों, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारा, प्रकरणों का निस्तारण, जॉबकार्ड सहित कई प्रकार के प्रकरण आए।।

कार्यक्रम के दौरान विकास अधिकारी प्रदीप कुमार ईनाणिया ने आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन का काम पंचायत मुख्यालय पर त्वरित गति से हो। यही सरकार की पहली प्राथमिकता हैं। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार विष्णु कुमार भारद्वाज ने शिविर की उपयोगिता की जानकारी दी। पूर्व सरपंच खुमाणसिंह राठौड़, रतनसिंह, आर आई देवाराम, पटवारी निर्मला, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश, प्रधानाचार्य विकास संखलेचा, सरपंच प्रतिनिधि जालमसिंह राठौड़, एएनएम रामू लेगा, भोजराजसिंह, अलसिंह, हरदासराम, गेमाराम, नैनाराम, रमेश कुमार,निर्मला, भवानी शंकर गर्ग, खीमकरण खींची मौजूद रहे।

सेड़वा/ फागलिया| पंचायत समिति के अंत्योदय संबल शिविर सोमवार को गौड़ा, आदर्श केकड़, जाटों का बेरा और बावरवाला ग्राम पंचायतों में लगे। उपखंड अधिकारी सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई ने गौड़ा ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में मौजूद 16 विभागों के अधिकारियों से योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। हर योजना के अधिकतम 5 लाभार्थियों के नाम और मोबाइल नंबर निर्धारित प्रपत्र में भरने के निर्देश दिए।

गौड़ा में शिविर को संबोधित करते हुए एसडीएम विश्नोई ने कहा कि जो आम जनता को रास्ता देंगे, उनको भगवान भी रास्ता देगा। उन्होंने बताया कि रास्ता अभियान के तहत उपखंड सेड़वा में सरकारी जमीनों पर 78 चालू स्थाई रास्तों को चिह्नित कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। 61 बंद रास्तों को मौके पर खुलवाया गया। इससे आम लोगों को राहत मिली।

विश्नोई ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ लें। शिविर में उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने विभागवार योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थियों को मौके पर लाभ भी दिया गया।

इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति फागलिया रामाराम, नायब तहसीलदार सेड़वा जितेन्द्र कुमार, पटवारी गौड़ा लक्ष्मण विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सेड़वा बगतेश विश्नोई सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 08–07–2025

रास्ता खोलो अभियान' राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्ते खुलवाए



भास्कर न्यूज | गुड़ामालानी

राजस्थान सरकार के निर्देश पर गुड़ामालानी उपखंड में रास्ता खोलो अभियान की शुरुआत हुई। उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीना के मार्गदर्शन में तहसील गुड़ामालानी और नोखड़ा में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई। सोमवार को पटवार मंडल निम्बलकोट के राजस्व ग्राम सियागों की ढाणी में राजस्व टीम ने पुलिस प्रशासन की मदद से एक बंद रास्ता खुलवाया। इस रास्ते के खुलने से सैकड़ों लोगों को आने-जाने में राहत मिली। स्थानीय लोगों ने राजस्व विभाग का आभार जताया। इस कार्रवाई में तहसीलदार नोखड़ा पारस कुमार राणा, भू-अभिलेख निरीक्षक मेघाराम पूनड़, पटवारी मोहन माहेश्वरी और पुलिस बल शामिल रहे। तहसीलदार राणा ने चेतावनी दी कि अगर दुबारा अतिक्रमण किया गया तो धारा-91 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें तीन माह की जेल का प्रावधान है। अभियान के अगले चरण में राजस्व ग्राम आदर्श गोलिया और श्री टीकमगढ़ में बंद रास्ते खुलवाने की योजना है। उपखंड अधिकारी मीना ने लोगों से अपील की कि अतिक्रमित रास्तों की जानकारी उपखंड कार्यालय में दें। ताकि रास्ते खुलवाकर आमजन को राहत दी जा सके। यह अभियान राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अतिक्रमण हटाने और रास्तों को सुगम बनाने की दिशा में अहम कदम बन रहा है।

दैनिक भास्कर 08–07–2025

कागजों में काना था, शिविर में बना थाना, वर्षों से बंद रास्ता खुलवाया

भास्कर न्यूज | बाड़मेर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बिसारणिया में शिविर लगा। शिविर में तहसीलदार विनोद कड़वासरा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में एक बुजुर्ग किसान की बड़ी समस्या का तुरंत समाधान हुआ। किसान ने बताया कि उसके राजस्व रिकॉर्ड में नाम काना दर्ज है, जबकि सही नाम थाना है।

शिविर प्रभारी और पटवारी हल्का ने तुरंत ग्रामीणों और सरपंच से जानकारी ली। पुष्टि हुई कि सही नाम थाना ही है। तहसीलदार ने पटवारी को सभी दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट तैयार करने को कहा। दस्तावेजों की जांच के बाद मौके पर ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। बुजुर्ग किसान को संशोधित दस्तावेज सौंपे गए।

बीजराड़ मुख्यालय पर जन सेवा शिविर लगा। शिविर में वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाकर बड़ी राहत दी गई। ग्राम सुकलिया, पटवार मंडल बीजराड़ निवासी नवाब राम पुत्र पूर्णिमाराम ने खसरा संख्या 1269/911 पर स्थित कटान मार्ग को खुलवाने की शिकायत की। बताया कि यह रास्ता बीजराड़ से प्रेमसिंह की ढाणी तक जाता है।

दैनिक नवज्योति 08–07–2025

बीजराड़ में वर्षों से बंद रास्ते को खुलवाकर दिलाई राहत

अंत्योदय संबल शिविर बना समाधान का माध्यम

नवज्योति/बाड़मेर।

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बीजराड़ मुख्यालय पर आयोजित शिविर में एक महत्वपूर्ण समस्या का समाधान करते हुए वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया गया। शिविर के दौरान ग्राम सुकलिया, पटवार मंडल बीजराड़ निवासी नवाब राम पुत्र पूर्णिमा राम ने खसरा संख्या 1269/911 पर स्थित कटान मार्ग को खुलवाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि यह रास्ता बीजराड़ से प्रेमसिंह की ढाणी तक जाता है, जिस पर शकूर पुत्र रंजीतराम, निवासी सुकलिया ने लंबे समय से अतिक्रमण किया था, जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध था। प्रशासन की



ओर से शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शिविर स्थल से ही मौके पर राजस्व टीम भेजी गई। मौके की स्थिति का निरीक्षण कर हाथों-हाथ ट्रैक्टर मंगवाकर अतिक्रमण हटवाया गया और रास्ता पुनः आमजन के आवागमन के लिए खोल दिया गया। नवाबराम ने वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। इस त्वरित कार्रवाई से आमजन में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास और भी दृढ़ हुआ है।

सफलता की कहानी : काना का सही नाम हुआ थाना

शिविर में मिली राहत, बुजुर्ग किसान के चेहरे पर लौटी मुस्कान

नवज्योति/बाड़मेर।

राज्य सरकार की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय बिसारणीया में बहुविभागीय जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार विनोद कड़वासरा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर की सबसे उल्लेखनीय सफलता एक बुजुर्ग किसान की समस्या का त्वरित समाधान रही। बुजुर्ग किसान ने शिकायत की कि उसके राजस्व रिकॉर्ड में नाम काना दर्ज है जबकि उसका सही नाम थाना है। शिविर प्रभारी एवं पटवारी हल्का ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों तथा सरपंच से जानकारी ली, जिसमें स्पष्ट हुआ कि सही नाम थाना ही है। तहसीलदार ने तत्परता दिखाते हुए पटवारी को समस्त



दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि के उपरांत मौके पर ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर बुजुर्ग किसान को संशोधित दस्तावेज सौंपे गए। इस कार्यवाही से बुजुर्ग किसान की आंखों में आभार और चेहरे पर संतोष की मुस्कान देखने को मिली। इस त्वरित न्याय से ग्रामीणों में राज्य सरकार के प्रति विश्वास और भी गहरा हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार जताया कि आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

दैनिक नवज्योति 08–07–2025

आमजन शिविरों का अधिकाधिक फायदा उठाएं: विश्नोई

रास्ता खोलो अभियान के तहत 78 रास्ते राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज, 61 रास्ते खुलवाए

नवज्योति/बाड़मेर।

सेड़वा उपखंड में सोमवार को ग्राम पंचायत गौड़ा, आदर्श केकड़, जाटो का बेरा और बावरवाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत गौड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए उपस्थित आमजन से शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने शिविर में विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के साथ संपादित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र में भरने के निर्देश दिए। गौड़ा ग्राम पंचायत में आमजन को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी विश्नोई ने कहा कि रास्ता अभियान में उपखंड सेड़वा में अब तक सरकारी भूमियों पर चालू स्थाई 78 रास्तों को चिह्नित कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया और 61 बंद सरकारी रास्तें मौके पर खुलवा कर आम जनता को राहत दी। विश्नोई ने आम जनता से अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ लेने की अपील की। उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने संपादित कार्यों और विभागवार गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभार्थियों को लाभांवित किया। इस अवसर पर शिविरों में सहायक विकास अधिकारी राणाराम, नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार, पटवारी लक्ष्मण विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल, बगतेश विश्नोई सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे।



आमजन, अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ उठाएं : परिहार

बाबरवाला में अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन

नवज्योति/बाड़मेर। पंचायत समिती फागलिया ग्राम पंचायत बाबरवाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया। शिविर में मौजूद सभी 16 विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी से अवगत करवाया। विकास अधिकारी अणदाराम शिविर में मौजूद लोगों से अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर बीडीओ अणदाराम शिविर में मौजूद लोगों के अभाव अभियोग सुने और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निस्तारण कर आम जनता को राहत देने के निर्देश दिए। मंगला पशु बीमा योजना, रास्ता खोलो अभियान, खाता,तरमीम शुद्धि, कृषि जोतों के बंटवारे, विद्युत, पेयजल कनेक्शन, उन्नत खाद-बीज, मृदा स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच का लाभ लेने, जल संरक्षण और पौधारोपण की आम जनता से अपील की। इस मौके पर शिविर ने पौधारोपण भी करवाया। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार, पटवारी हंसराज, ग्राम विकास अधिकारी गोपाल तथा समस्त विभागीय अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अति. विकास अधिकारी प्रभुसिंह परिहार ने किया।

दैनिक मरू लहर 08–07–2025

आमजन शिविरों का अधिकाधिक फायदा उठाएं:विश्नोई

रास्ता खोलो अभियान के तहत 78 रास्ते राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज, 61 रास्ते खुलवाएं

मरुलहर न्यूज

बाड़मेर। सेड़वा उपखंड में सोमवार को ग्राम पंचायत गौड़ा, आदर्श केकड़, जाटो का बेरा और बावरवाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत गौड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए उपस्थित आमजन से शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने शिविर में विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के साथ संपादित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र में भरने के निर्देश दिए। गौड़ा ग्राम पंचायत में आमजन को संबोधित करते हुए उपखंड



अधिकारी विश्नोई ने कहा कि रास्ता अभियान में उपखंड सेड़वा में अब तक सरकारी भूमियों पर चालू स्थाई 78 रास्तों को चिह्नित कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया और 61 बंद सरकारी रास्ते मौके पर खुलवा कर आम जनता को राहत दी।

विश्नोई ने आम जनता से अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ लेने की अपील की। उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने संपादित कार्यों और विभागवार गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभार्थियों को लाभांवित किया। इस अवसर पर शिविरों में सहायक विकास अधिकारी रामाराम, नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार, पटवारी लक्ष्मण विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल, बगतेश विश्नोई सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे। सेड़वा उपखंड क्षेत्र में मंगलवार को ग्राम पंचायत पांडरवाली, बामडला डेर, चिचड़ासर और अरटी में शिविर आयोजित होंगे।

बीजराड़ में वर्षों से बंद रास्ते को खुलवाकर दिलाई राहत

अंत्योदय संबल शिविर बना समाधान का माध्यम

मरुलहर न्यूज

बाड़मेर। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बीजराड़ मुख्यालय पर आयोजित शिविर में एक महत्वपूर्ण समस्या का समाधान करते हुए वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया गया।

शिविर के दौरान ग्राम सुकलिया, पटवार मंडल बीजराड़ निवासी नवाब राम पुत्र पूर्णिमा राम ने खसरा संख्या 1269/911 पर स्थित कटान मार्ग को खुलवाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि यह रास्ता बीजराड़ से प्रेमसिंह की ढाणी तक जाता है, जिस पर शकुर पुत्र रंजीतराम, निवासी सुकलिया ने लंबे समय से अतिक्रमण किया था, जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध था।

प्रशासन की ओर से शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शिविर स्थल से ही मौके पर राजस्व टीम भेजी गई। मौके की स्थिति का निरीक्षण कर हाथों-हाथ ट्रैक्टर मंगवाकर अतिक्रमण हटवाया गया और रास्ता पुनः आमजन के आवागमन के लिए खोल दिया गया।

नवाबराम ने वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। इस त्वरित कार्रवाई से आमजन में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास और भी दृढ़ हुआ है। यह पखवाड़ा न केवल समस्याओं के समाधान का मंच बन रहा है, बल्कि सामाजिक न्याय और सुशासन की दिशा में सार्थक कदम भी सिद्ध हो रहा है।

सफलता की कहानी

काना का सही नाम हुआ थाना

अंत्योदय शिविर में मिली तत्काल राहत, बुजुर्ग किसान के चेहरे पर लौटी मुस्कान

मरुलहर न्यूज

बाड़मेर। राज्य सरकार की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय बिसारणीया में बहुविभागीय जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार विनोद कड़वासरा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर की सबसे उल्लेखनीय सफलता एक बुजुर्ग किसान की समस्या का त्वरित समाधान रही। बुजुर्ग किसान ने शिकायत की कि उसके राजस्व रिकॉर्ड में नाम काना दर्ज है जबकि उसका सही नाम थाना है।

शिविर प्रभारी एवं पटवारी हल्का ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों तथा सरपंच से जानकारी ली, जिसमें स्पष्ट हुआ कि सही नाम थाना ही है।

तहसीलदार ने तत्परता दिखाते हुए पटवारी को समस्त दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि के उपरांत मौके पर ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर बुजुर्ग किसान को संशोधित दस्तावेज सौंपे गए। इस कार्यवाही से बुजुर्ग किसान की आंखों में आभार और चेहरे पर संतोष की मुस्कान देखने को मिली।

इस त्वरित न्याय से ग्रामीणों में राज्य सरकार के प्रति विश्वास और भी गहरा हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार जताया कि आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

दैनिक मरू मंच 08–07–2025

आमजन शिविरों का अधिकाधिक फायदा उठाएं : विश्नोई

रास्ता खोलो अभियान के तहत 78 रास्ते राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज, 61 रास्ते खुलवाएं

मरू मंच न्यूज

बाड़मेर। सेड़वा उपखंड में सोमवार को ग्राम पंचायत गौड़ा, आदर्श केकड़, जाटों का बेरा और बावरवाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत गौड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए उपस्थित आमजन से शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने शिविर में विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के साथ संपादित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र में भरने के निर्देश दिए। गौड़ा ग्राम पंचायत में आमजन को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी



विश्नोई ने कहा कि रास्ता अभियान में उपखंड सेड़वा में अब तक सरकारी भूमियों पर चालू स्थाई 78 रास्तों को चिह्नित कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया और 61 बंद सरकारी रास्ते मौके पर खुलवा कर आम जनता को राहत दी। विश्नोई ने आम जनता से अंत्योदय संबल शिविरों का लाभ लेने की अपील की। उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने संपादित कार्यों और विभागवार गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभार्थियों को लाभांवित किया। इस अवसर पर शिविरों में सहायक विकास अधिकारी राणाराम, नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार, पटवारी लक्ष्मण विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल, बगतेश विश्नोई सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे। सेड़वा उपखंड क्षेत्र में मंगलवार को ग्राम पंचायत पांडरवाली, बामडला डेर, चिचड़ासर और अरटी में शिविर आयोजित होंगे।

बीजराड़ में वर्षों से बंद रास्ते को खुलवाकर दिलाई राहत

अंत्योदय संबल शिविर बना समाधान का माध्यम

मरू मंच न्यूज

बाड़मेर। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बीजराड़ मुख्यालय पर आयोजित शिविर में एक महत्वपूर्ण समस्या का समाधान करते हुए वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया गया।

शिविर के दौरान ग्राम सुकलिया, पटवार मंडल बीजराड़ निवासी नवाब राम पुत्र पूर्णिमा राम ने खसरा संख्या 1269/911 पर स्थित कटान मार्ग को खुलवाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में बताया कि यह रास्ता बीजराड़ से प्रेमसिंह की ढाणी तक जाता है, जिस पर शकूर पुत्र रंजीतराम, निवासी सुकलिया ने लंबे समय से अतिक्रमण किया था, जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध था।

प्रशासन की ओर से शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शिविर स्थल से ही मौके पर राजस्व टीम भेजी गई। मौके की स्थिति का निरीक्षण कर हाथों-हाथ ट्रैक्टर मंगवाकर अतिक्रमण हटवाया गया और रास्ता पुनः आमजन के आवागमन के लिए खोल दिया गया।

नवाबराम ने वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। इस त्वरित कार्रवाई से आमजन में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास और भी दृढ़ हुआ है।

यह पखवाड़ा न केवल समस्याओं के समाधान का मंच बन रहा है, बल्कि सामाजिक न्याय और सुशासन की दिशा में सार्थक कदम भी सिद्ध हो रहा है।

सफलता की कहानी

कागा का सही नाम हुआ थाना

अंत्योदय शिविर में मिली तत्काल राहत, बुजुर्ग किसान के चेहरे पर लौटी मुस्कान

मरू मंच न्यूज

बाड़मेर। राज्य सरकार की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय बिसारणीया में बहुविभागीय जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार विनोद कड़वासरा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर की सबसे उल्लेखनीय सफलता एक बुजुर्ग किसान की समस्या का त्वरित समाधान रही। बुजुर्ग किसान ने शिकायत की कि उसके राजस्व रिकॉर्ड में नाम काना दर्ज है जबकि उसका सही नाम थाना है। शिविर प्रभारी एवं पटवारी हल्का ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों तथा सरपंच से जानकारी ली, जिसमें स्पष्ट हुआ कि सही नाम थाना ही है।

तहसीलदार ने तत्परता दिखाते हुए पटवारी को समस्त दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि के उपरांत मौके पर ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर बुजुर्ग किसान को संशोधित दस्तावेज सौंपे गए। इस कार्यवाही से बुजुर्ग किसान की आंखों में आभार और चेहरे पर संतोष की मुस्कान देखने को मिली। इस त्वरित न्याय से ग्रामीणों में राज्य सरकार के प्रति विश्वास और भी गहरा हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार जताया कि आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- फ़लौदी

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित

38 खातेदारों की सहमति से हुआ भूमि का बंटवारा, मृदा कार्ड भी वितरित किए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सेतरावा. क्षेत्र के जैतसर गांव में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी सेतरावा तहसीलदार रामनिवास गोदारा की देखरेख व सरपंच गोपालसिंह राठौड़ की उपस्थिती में आयोजित इस शिविर में विभिन्न प्रकरण निपटाए गए। इस दौरान राजस्व गांव जैतसर में जैतसिंह की ढाणियों में एक वर्षो पुरानी संयुक्त खातेदारी की जमीन का बंटवारा किया गया। जिसमे वक्त सेटलमेंट के समय से आज तक इस कृषि भूमि में 38 सह खातेदारों की हिस्सा था। ग्रामीण काफी समय से इस जमीन का आपसी सहमति से बंटवारा करवाना चाह रहे थे।

शिविर से पूर्व खातेदारों द्वारा तहसीलदार को ऑनलाइन आवेदन कर जैतसर में खसरा संख्या 816 में सह खातेदारी की जमीन बंटवारा करने की मांग की गई। जिस पर तहसीलदार रामनिवास गोदारा द्वारा भू राजस्व निरीक्षक हरीराम विश्नोई व पटवारी आसकरण सिंह को बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर मौका रिर्पोट तैयार करने के निर्देश दिये गये। सोमवार को यह शिविर इन खातेदारों के लिये सफलता की सौगात लेकर आया। शिविर में सभी 38 खातेदारों ने शिविर प्रभारी रामनिवास गोदारा के समक्ष उपस्थित होकर इस बंटवारे के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर हाथ खड़े करते हुये अपनी सहमति दी। इसके बाद प्रस्ताव को सर्वसहमति के साथ तहसीलदार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस ऐतिहासिक बंटवारे का प्रस्ताव स्वीकृत होने पर ग्रामवासियों की ओर से उपसरपंच मदनसिंह, कालूसिंह, इन्द्रसिंह, पूर्व उपसरपंच फतेहसिंह, दीपसिंह, गुमानसिंह, भगवानसिंह, नकतसिंह, भोमसिंह, प्रेमसिंह, सज्जनसिंह, भोमसिंह, जोगसिंह, जेतुसिंह, सवाईसिंह, राजुसिंह, ज्ञानसिंह सहित सभी खातेदारों ने राज्य सरकार का आभार जताया हैं। वहीं शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। गांव में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा शिविर में तहसीलदार रामनिवास गोदारा द्वारा किसान नरपतसिंह व फतेहसिंह को मृदा नमूना संग्रहण के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए गए।



सेतराया.जैतसर शिविर में स्वीकृति पत्र प्रदान करते शिविर प्रभारी।



देणोक. सियोलनगर में शिविर में समस्याओं का निस्तारण करते हुए।

ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण

देणोक @पत्रिका. क्षेत्र के सियोल नगर ग्राम पंचायत मुख्यालय आज सोमवार को आयोजित पं. दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में पहुंचे ग्रामीणों की कई समस्याओं का हाथोंहाथ निस्तारण करके राहत प्रदान की। इस दौरान शिविर प्रभारी तहसीलदार हातिम खान, उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्र शर्मा ने शिविर में आमजन की समस्याएं सुनकर उचित समाधान का आश्वासन दिया। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार विभिन्न प्रकार योजनाओं के माध्यम से आमजन व किसानों को मजबूती देना चाहती है। स्थानीय विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। हर किसान पंचायत समिति मुख्यालय या जिला मुख्यालय नहीं जा सकता है। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, सरपंच सहित अन्य सभी विभागीय कर्मचारी मौजूद रहते हैं इनसे मिलकर किसान अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं व सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।निस.

15 साल बाद हुआ विधवा महिला गवरी देवी का नामांतरण

बालेसर/सेखाला @पत्रिका

पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत केतु मदा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में 15 साल बाद विधवा महिला गवरी देवी का नामांतरण दर्ज हुआ। सोमवार को ग्राम पंचायत केतु मदा मुख्यालय पर आयोजित शिविर में विधवा महिला गवरी देवी ने बताया कि उनके पति के निधन के बाद 15 वर्ष बीत गए हैं, लेकिन अभी तक जमीन का नामांतरण नहीं भरा गया है। पटवारी के चक्कर लगाकर परेशान हो गई हैं। नामांतरण नहीं होने से उनको प्रधानमंत्री किसान निधि योजना, केसीसी , कृषि आदान अनुदान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। विधवा महिला की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी पूजा चौधरी ने तुरंत प्रभाव से हल्का पटवारी आसाराम मीणा एवं भू अभिलेख निरीक्षक गणेश सिंह राजपुरोहित को निर्देश दिए तथा गवरी देवी के आवेदन की जांच कर शिविर स्थल पर ही नामांतरण दर्ज कर राहत प्रदान की। शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी चंचल राज शर्मा, आरपी हरचंद, पशु चिकित्सा अधिकारी अभिजीत सूत्रधार, पूर्व सरपंच कंवर सिंह, सरपंच सायर देवी, कृषि पर्यवेक्षक किशोर सिंह एएनएम रीना प्रजापत, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र परिहार, कनिष्ठ सहायक राजेंद्र सिंह, राधेश्याम, अर्जुन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



केतु मदा शिविर में 15 वर्ष बाद नामांतरण भरने की प्रति देते हुए



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- झुंझुनूं

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर
झुंझुनूं 08-07-2025

शिविर • बिरमी में 29 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण, रास्ता कटान के 2 प्रस्ताव तैयार

अंत्योदय संबल शिविरों में लाभार्थियों को मातृ वंदन योजना से जोड़ा, पशुओं को टीके लगाए

भास्कर न्यूज | खुडाना

ग्राम पंचायत काजला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच योगेश कुमार ने की। राजस्व विभाग ने 7 खेतों का सीमा ज्ञान कराया। 6 प्राथमिक डीक्री की गईं। महिला बाल विकास विभाग ने 7 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जोड़ा। पंचायती राज विभाग ने 10 पट्टे जारी किए। विद्युत विभाग ने 2 खम्भों के तार खींचे। सहायक विकास अधिकारी अशोक कुमार, गिरदावर अनिल कुमार, वीडिओ मुकेश कुमार, पटवारी कंचन धायल, डॉक्टर सरिता कुमारी जांगिड़, कृषि पर्यवेक्षक भजनलाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गुलझारीलाल, सीबीईओ वेदप्रकाश रांगेय मौजूद रहे।

इधर, ग्राम पंचायत खांदवा में शिविर लगाया गया। अध्यक्षता सरपंच सुनीता यादव ने की। विशिष्ट अतिथि प्रधान हरिकृष्ण यादव रहे। पंचायती राज विभाग ने 10 भूखंड पट्टे व प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए। 15 पेंशन सत्यापन, 7 बीपीएल सत्यापन किए गए। 5 पेड़ लगाए गए। राजस्व विभाग ने 1 खेत का सीमा ज्ञान कराया। 5 नामांतरण किए गए। पशुपालन विभाग ने 48 पशुओं का उपचार किया। 120 पशुओं का टीकाकरण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 1 आयुष्मान कार्ड बनाया। 4 टीबी रोगियों की पहचान की। 145 लोगों की ओपीडी जांच की। 5 की शुगर जांच की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 4 प्रधानमंत्री मातृ वंदना लाभार्थियों को लाभ दिया।

29 मामलों का मौके पर निपटारा, 4 को पट्टे मिले

मंडावा | ग्राम पंचायत बिरमी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न विभागों ने कुल 29 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने चार परिवारों को स्वामित्व के पट्टे जारी किए। खाद्य सुरक्षा के लिए आए 13 आवेदनों को स्वीकृत कर लाभार्थियों को लाभ दिया गया। महिला अधिकारिता विभाग ने गोद भराई, अन्नप्राशन और प्रवेश उत्सव मनाया। राजस्व विभाग ने नाम शुद्धि के 7 और रास्ता कटान के 2 प्रस्ताव तैयार किए। शिविर में विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण मीणा, सरपंच छगन सिंह, पंचायत समिति सदस्य किरोड़ीमल पायल, पूर्व सरपंच भगवान सिंह, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनीता घायल, महिला पर्यवेक्षक पुष्पा, सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार और राजेश सैनी, ग्राम विकास अधिकारी नाथू सिंह मौजूद रहे। शिविर के दौरान अतिथियों ने पौधरोपण भी किया।

सूरजगढ़ | किढ़वाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। इसमें 20 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए। शिविर की अध्यक्षता सरपंच रामचंद्र झाझड़िया ने की। बीडीओ गणेशाराम जाखड़ मौजूद रहे। स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड और पट्टे दिए गए। शिविर में तीन नामांतरण किए गए। आठ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी हुए। 46 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। 120 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

जसरापुर | तातीजा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सरपंच केसर देवी की अध्यक्षता में शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार प्यारेलाल चाकला की देखरेख में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर थे। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुनील कुमार, बबलू अवाना थे।

पत्रिका

ा
ुलाई 2025

तातीजा,बसई व गोरीर में लगे शिविर, पात्र व्यक्तियों को रिहायसी मकानों के मिले पट्टे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



खेतड़ी. तातीजा में आयोजित शिविर में आवासीय मकानों का पट्टा देते विधायक खेतड़ी ।

खेतड़ी . ब्लॉक में सोमवार को ग्राम पंचायतों तातीजा, बसई व गोरीर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए तहसीलदार खेतड़ी सुनील कुमार मील ने बताया कि तातीजा में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक खेतड़ी इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने हरियाळो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत तातीजा द्वारा जारी आवासीय मकानों के पट्टे वितरित किए गए। गोरीर ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में परिवारों को प्रॉपर्टी पार्सल के तहत पट्टे वितरित किए गए। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास के तत्वावधान में सुपरवाइजर कमलेश मंडार के सानिध्य में विधायक धर्मपाल गुर्जर ने तीन महिलाओं की गोद भराई एवं एक नवजात शिशु का अन्नप्राशन करवाया गया।इस मौके गोरीर में आपसी सहमति से दो खाता विभाजन भी किये गए। इस मौके पर उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी, तहसीलदार सुनील कुमार मील,विकास अधिकारी महादेव सिंह काजला, नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला व विजय पाल सिंह, सरपंच तातीजा केशर देवी, सरपंच गोरीर सपना मान व सरपंच बसई टिंकू कंवर ,ग्राम विकास अधिकारी राधेश्याम श्याम सैनी, बलवंत कल्याण, राकेश यादव व महेंद्र सिंह यादव, सुभाष तातीजा, भागीरथ मान, रवि सिंह शेखावत सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

08/07/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

बिरमी में आयोजित शिविर में 29 प्रकरणों का निस्तारण



मंडावा@पत्रिका. पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत बिरमी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त 29 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा चार परिवारों को स्वामित्व के पट्टे जारी किए गए, साथ ही खाद्य सुरक्षा हेतु प्राप्त 13 आवेदनों का मौके पर ही अनुमोदन कर लाभार्थियों को प्रदान किया गया। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गोद भराई,अन्नप्राशन और प्रवेश उत्सव मनाया गया। बीडीओ लक्ष्मीनारायण मीणा ने बताया कि राजस्व विभाग ने नाम शुद्धी के 7 तथा रास्ता कटान हेतु 2 प्रस्ताव तैयार किये। कैंप के दौरान ही अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

08/07/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

चैलासी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन



नवलगढ़ @ पत्रिका. उपखंड के चैलासी ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में चैलासी प्रशासक सजना लांबा ने अध्यक्षता की। इस दौरान आबादी भूमि में बसे हुए 11 लोगों को उनके कब्जाशुदा भूमि के पट्टे वितरित किए गए। साथ ही टीबी से पीड़ित परिसारों को राशन किट वितरित किए गए। राजस्व विभाग द्वारा तहसीलदार महेंद्र सिंह रतनू के निर्देशन में सीमा ज्ञान, खाता विभाजन, नामांतरण आदि कार्य करवाए गए। शिविर में अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने सेवाएं दी। इस दौरान जिप सदस्य बीरबल सिंह गोदारा, पंसस सुभाष लांबा, नायब तहसीलदार रामस्वरूप बाकोलिया, सहायक विकास अधिकारी बलबीर सिंह ढाका, चैलासी वीडीओ नेहा चौधरी, पटवारी राकेश जागृत, कनिष्ठ सहायक शीशराम बोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

08/07/2025 | Jhunjhunu City | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- टोंक

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर
टोंक 08-07-2025

सह खातेदारों में सहमति से हुआ बंटवारा



टोंक। खरेड़ा शिविर में मौजूद शिविर प्रभारी रतनलाल मीणा व अन्य।

टोंक | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संकल्प शिविर का आयोजन सोमवार को खरेड़ा में आयोजित शिविर में राजस्व कार्मिकों की ओर से सह खातेदारों के बीच समझाइश करने से भूमि का सहमति से बंटवारा मौके पर हो गया। परिवादी गिरीश उपाध्याय खरेड़ा ने बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि ग्राम खरेड़ा के खाता संख्या 995 व 996 में दर्ज का मौके पर बंटवारा कर रखा था। लेकिन राजस्व रिकार्ड में बंटवारा करवाने के लिए सह खातेदार सहमत नहीं हो रहे थे। राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने के काफी प्रयास किए। शिविर प्रभारी रतन लाल मीणा की ओर से समझाइश करने पर सभी इस बात के लिए राजी हो गए। सहायक कलेक्टर काजल मीणा ने देशराज मीणा एवं श्योजी लाल मीणा के घर के सपने को पट्टा देकर पूरा किया।

दैनिक भास्कर
टोंक 08-07-2025

शिविर में टीबी मरीजों को बांटे पोषण किट



निवाई । पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत जुगलपुरा और चैनपुरा में शिविर लगे। इन शिविरों में टीबी मुक्त भारत अभियान को नई दिशा देते हुए 9 चिन्हित मरीजों को पोषण किट दी गई। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णुकांत खंगार ने बताया कि मरीजों को किट के साथ मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सहयोग भी दिया गया। इससे मरीज इलाज को लेकर सकारात्मक सोच बना सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की है। यह शिविर उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में जुगलपुरा की सरपंच शीला मीणा, सीएचओ सीमा चौधरी, एएनएम संगीता बैरवा, पीईईओ अनिता जैन, अध्यापक विनोद और चैनपुरा के सोनू स्वामी को निक्षय मित्र बनाया गया। इनके माध्यम से 9 जरूरतमंद मरीजों को पोषण किट सौंपी गई। मरीजों ने इन किटों को उम्मीद और संबल का प्रतीक बताया। शिविर में नोडल प्रभारी कमलेश कुमार लक्षकार, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन हाथीवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन करोल, सीएचओ सूरज गुर्जर, नर्सिंग ऑफिसर राधा चौधरी, फार्मासिस्ट आराधना सैनी, आशा सहयोगिनी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। निक्षय मित्रों ने चिकित्सा विभाग, उपखंड प्रशासन और राजस्थान सरकार का आभार जताया।

दैनिक भास्कर
टोंक 08-07-2025

अंत्योदय शिविर आज, रास्ते खुलवाने कब्जा हटवाने, सीमाज्ञान के काम होंगे

दत्तवास| ग्राम पंचायत सिरोही में 8 जुलाई मंगलवार को 10 से 5 बजे तक राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सबल शिविर लगेगा। ग्राम विकास अधिकारी बजरंग लाल मीणा ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग से जुड़े कई काम होंगे। रास्ते खुलवाने, अतिक्रमण हटवाने, लंबित सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांतरण, आपसी सहमति से बंटवारा, स्वामित्व मकान प्रॉपर्टी से जुड़े कार्य किए जाएंगे। बिजली निगम से झूलते तार खिंचवाने, टूटे व तिरछे पोल ठीक करवाने के काम होंगे। अधूरी पेयजल लाइन दुरुस्त की जाएगी। अवरोधक, नाला, नाली की सफाई होगी। पौधारोपण और पौधा रोपण कार्य भी होंगे। हरियालो राजस्थान योजना के तहत पौधे लगाए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा योजना और एनपीएसए से जुड़े प्रकरणों का समाधान किया जाएगा। टीकाकरण, विद्यालय परिसर की सफाई, शौचालय मरम्मत, खेल मैदान और चारागाह से अतिक्रमण हटाने के काम होंगे। श्मशान भूमि के रास्ते से अतिक्रमण हटाया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन भी लिए जाएंगे। ग्रामवासियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर स्थल पर पहुंचें और योजनाओं का लाभ उठाएं।

दैनिक भास्कर
टोंक 08-07-2025

50 पट्टे बांटे, 2800 पौधे लगाने का लक्ष्य

पीपलू | ग्राम पंचायत डोडवाड़ी और जवाली में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगे। डोडवाड़ी शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकर सिंह प्रभारी रहे। प्रशासक प्रधान गुर्जर, उपखंड अधिकारी गणराज बड़गौती, तहसीलदार कैलाश मीणा और ग्राम विकास अधिकारी महावीर गुर्जर मौजूद रहे। डोडवाड़ी में 30 नए आवासीय पट्टे वितरित किए गए। पंचायत राज विभाग ने 10 पुराने पट्टों का नवीनीकरण किया। राजस्व विभाग ने सीमा ज्ञान,नामांतरण, रास्ता प्रकरण और बंटवारे के मामलों का निपटारा किया। ग्राम पंचायत ने 1800 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया। बिजली निगम ने झूलते तार और पोल दुरुस्त किए। जलदाय विभाग ने सात स्थानों पर लीकेज ठीक किए और 9 समस्याओं का समाधान किया। कृषि विभाग ने 44 मृदा नमूने लिए और 43 मृदा स्वास्थ्य कार्ड मौके पर बांटे। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत दो ऑनलाइन आवेदन मिले। वन विभाग ने 35 पौधे वितरित किए। चिकित्सा विभाग ने 27 लोगों की ई-केवाईसी की और सात आयुष्मान कार्ड दिए। पशुपालन विभाग ने 47 पशुओं को मिनरल मिक्सर और अन्य दवाएं दीं। जंवाली में हुए शिविर में प्रभारी नायब तहसीलदार प्रभुलाल मीणा, प्रशासक संपत कंवर, गिरधर सिंह और ग्राम विकास अधिकारी विशाल यादव मौजूद रहे। यहां 20 नए आवासीय पट्टे बांटे गए। ग्राम पंचायत ने 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा।

समावेशी विकास का रोल मॉडल

न्यूज सर्विस/नवज्योति, टोंक। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में लोगों के चेहरों पर नजर आ रहा विश्वास बदलते जिले की तस्वीर है। इन शिविरों में शासन और प्रशासन आमजन के द्वार पर ही आकर अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को आगे लाने के प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही, शिविरों में अन्त्योदय की भावना के साथ लोगों के तत्काल हो रहे कार्यों से टोंक समावेशी विकास का रोल मॉडल बन रहा है। इन कैंपों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का पंजीकरण कर उन्हें इन समस्याओं से राहत दी जा रही है। इसके साथ ही, इन शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं के फायदे पहुंचाए जा रहे हैं। शिविर में समस्याओं से निजात मिलने एवं कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लोग भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला एवं उपखंड प्रशासन तथा शिविर प्रभारियों का आभार व्यक्त कर रहे है।

शिविर प्रभारी की समझाइश से सह खातेदारों में सहमति से हुआ बंटवारा: टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत खरेड़ा में सोमवार को आयोजित शिविर में राजस्व कार्मिकों द्वारा सह खातेदारों के बीच समझाइश कराने से भूमि का सहमति से बंटवारा मौके पर ही हो गया। परिवादी गिरीश उपाध्याय निवासी खरेड़ा ने बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि ग्राम खरेड़ा के खाता संख्या 995 व 996 में दर्ज का मौके पर बंटवारा कर रखा था। लेकिन राजस्व रिकार्ड में बंटवारा करवाने के लिए सह खातेदार सहमत नहीं हो रहे थे।

शिविर में वर्षों बाद आपसी सहमति से हुआ बंटवारा



न्यूज सर्विस/नवज्योति, टोडारायसिंह। पंचायत खरेड़ा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में राजस्व विभाग के प्रयास से 10 साल पुराना पैतृक बंटवारा आपसी सहमति से निपटाया गया। शिविर में प्रार्थी गिरीशकुमार पुर रामनारायण शर्मा निवासी खरेड़ा ने बताया कि मेरी सहखातेदारी भूमि ग्राम खरेडा के खाता से 995 तथा 996 में दर्ज का मौके पर बंटवारा कर रखा था, लेकिन राजस्व रिकार्ड से बंटवारा करवाने के लिए सहखातेदार सहमत नहीं हो रहे थे। जिससे अभी तक राजस्व रिकार्ड में बंटवारा नहीं हुआ था। पंचायत में आयोजित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बला पखवाड़ा शिविर में सहमति से बंटवारा के लिए उपस्थित हुए। जिस पर शिविर प्रभारी रतनलाल मीणा, अम्बर लाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार शर्मा राजस्व कार्मिकों द्वारा हम सभी सहखातेदारों को सहमति बंटवारा के लिए समझाया गया। जिससे हम सहखातेदारों में आपस में सहमत हुए व राजस्व रिकार्ड में सहमति बंटवारा करवाया गया। काफी समय बाद हमारा बंटवारा होने से हम सब खुश है, क्योकि अब इस हमारी सुविधा के अनुसार हमारे हिस्से में आई भूमि को उपजाऊ विकसीत कर सकेंगे। हम राजस्थान सरकार को अक्यवाद देते है कि समय-समय पर इस तरह के कैम्प आयोजित कर हमारे जैसे पीड़ित लोगों को लाभ पहुंचाते हैं। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार रतनलाल मीणा ने बताया कि पशुपालन विभाग 280, टीबी किट 2, वन विभाग 2100 पौधें वितरण, कृषि विभाग मृदा स्वास्थ्य कार्ड 50 सहित अन्य विभागों के कार्य किए गए।

अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा में रिजोदा में बांटे पट्टे

न्यूज सर्विस/नवज्योति, उनियारा। उनियारा के रिजोदा में "पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रार्थी देशराज मीणा पुत्र जगदीश मीना व श्योजीलाल मीना पुत्र श्रीपाल मीना, निवासी रिजोदा ने शिविर प्रभारी एवं सहप्रभारी के समक्ष ग्राम पंचायत रिजोदा द्वारा पट्टा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जाने पर शिविर प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शिविर में मौजूद प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी से पट्टा जारी करने की कार्रवाई करवायी गई। प्रार्थी देशराज मीणा पुत्र जगदीश मीना व श्योजी



लाल मीना पुत्र श्रीपालमीना को पट्टा वितरण किया गया।

शिविर दौरान पट्टा जारी करने पर प्रार्थी श्री देशराज मीणा व श्योजी लाल मीना ने शिविर प्रभारी तहसीलदार काजल मीणा, सभी अधिकारियों, प्रशासक महेन्द्र प्रताप मीना व ग्राम विकास अधिकारी, विकास अधिकारी, पंचायत समिति उनियारा का आभार जताया।

अत्योदय संबल पखवाड़ा में निक्षय पोषण किट वितरण



न्यूज सर्विस/नवज्योति, टोडारायसिंह। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत मोर में शिविर लगाया गया। ग्राम पंचायत मोर में जलदाय विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शिविर में ग्रामीणों को राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में आमजन को विशेष रूप से पीड़ित और अंतिम छोर पर के लोगों को लाभान्वित किया जाएं। पखवाड़े में सभी विभागों के अधिकारियों से शिविर में किए जा रहे कार्य के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक सुधार के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शिविर में मंत्री चौधरी ने देवकरण गुर्जर, हंसराज बैरवा, कविता खारोल को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय पोषण किट वितरण किए गए। कृषि विभाग द्वारा किए गए कार्य के उपरांत मंत्री चौधरी ने कृषक संतरा माली, रंगलाल माली के तारबंदी की स्वीकृति प्रदान की। वहीं राजेन्द्र बैरवा, सत्यनारायण माली, रामलाल माली, सुखलाल माली, बदाम धाकड़ को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। वहीं ग्राम पंचायत के कैलाशचंद माली, श्योजी माली एवं सुखलाल माली का सहमति से भूमि का बंटवारा किया गया। जलदाय मंत्री ने लक्ष्मण सिंह, बद्री भील, पानमल खटीक, भागचंद खटीक को आवसीय भूमि का पट्टा वितरण किया गया। सभी लाभार्थियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़े की सराहना कर आभार व्यक्त किया गया। अंत में मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण कर हरियालो राजस्थान पौधारोपण अभियान में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। शिविर उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत एवं अन्य सभी विभागों के ब्लॉक स्तर के अधिकरी उपस्थित रहे। आगामी शिविर ग्राम पंचायत भांवता एवं लक्ष्मीपुरा धाकडान में 8 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगाया शिविर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, पीपलू। ग्राम पंचायत डोडवाड़ी में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकर सिंह ने बताया कि शिविर में प्रशासक प्रधान गुर्जर, उपखंड अधिकारी गणराज बड़गौती,तहसील दार कैलाश मीणा, ग्राम विकास अधिकारी महावीर गुर्जर की मौजूदगी में 30 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। राजस्व विभाग ने पत्थर घड़ी का एक प्रकरण, सीमा ज्ञान के 22 प्रकरण, नामांतरण 27 व रास्ता प्रकरण 11, बंटवारा 15 का समाधान किया। पंचायत राज ग्राम पंचायत द्वारा 10 पुराने पट्टों का नवीनीकरण किया गया।

वहीं 30 नए आवासीय पट्टे जारी किए गए। 1800 पौधे लगाने का लक्ष्य ग्राम पंचायत द्वारा रखा गया। विद्युत विभाग ने 16 स्थानों पर झूलते तार व 20 विद्युत पोल सही किए गए। जलदाय विभाग ने सात स्थानों पर लीकेज की मरम्मत की। वही 09 समस्याओं का समाधान भी किया गया। कृषि विभाग द्वारा 44 मृदा नमूने संग्रहित किए गए वहीं 43 मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मौके पर वितरित किए गए। सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत दो ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए। वन विभाग ने 35 पौधों का वितरण किया गया।

चिकित्सा विभाग द्वारा 27 लोगों की ई केवाईसी तथा सात आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा 47 पशुओं को मिनरल मिक्सर सहित अन्य दवाइयां दी गई।

दीनदयाल उपाध्याय शिविर में बांटे पोषण किट

राजमहल. कस्बे के राजीव गांधी सेवा के साथ ही क्षेत्र की गांवड़ी पंचायत में सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन हुआ। गांवड़ी में आयोजित शिविर के दौरान श्री बालाजी सेवा समिति अंबापुरा (दोलता मोड) के सदस्यों की ओर से टीबी बीमारी से पीड़ित लोगों को दाल, तेल आदि के पोषण किट निःशुल्क वितरित किए गए। वहीं शिविर में समिति के मीडिया प्रभारी गजराज मीणा ने चिकित्सा विभाग की ओर से टीबी से बचाव, मिलने वाले निशुल्क उपचार,उचित पोषण की जानकारी दी गई। इस दौरान समिति के सदस्य वरिष्ट अध्यापक शंकर हाडा, पंकज, रामप्रसाद राजावत, राजपाल मीणा आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार राजमहल में 37 लोगों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया वहीं आठ मृदा नमूनों का संग्रहण किया।



राजमहल. गांवड़ी शिविर में टीबी के मरीजों को पोषण किट सौंपते बालाजी समिति के सदस्य।

अन्त्योदय की भावना से टोंक बन रहा है समावेशी विकास का रोल मॉडल

टोंक (खबरों की दुनिया)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में लोगों के चेहरों पर नजर आ रहा विश्वास बदलते जिले की तस्वीर है। इन शिविरों में शासन और प्रशासन आमजन के द्वार पर ही आकर अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को आगे लाने के प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही, शिविरों में अन्त्योदय की भावना के साथ लोगों के तत्काल हो रहे कार्यों से टोंक समावेशी विकास का रोल मॉडल बन रहा है। इन कैंपों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का पंजीकरण कर उन्हें इन समस्याओं से राहत दी जा रही है। इसके साथ ही, इन शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं के फायदे पहुंचाए जा रहे हैं। शिविर में समस्याओं से निजात मिलने एवं कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लोग भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला एवं



उपखंड प्रशासन तथा शिविर प्रभारियों का आभार व्यक्त कर रहे है। शिविर प्रभारी की समझाइश से सह खातेदारों में सहमति से हुआ बंटवारा टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत खरेड़ा में सोमवार को आयोजित शिविर में राजस्व कार्मिकों द्वारा सह खातेदारों के बीच समझाइश कराने से भूमि का सहमति से बंटवारा मौके पर ही हो गया। परिवादी गिरीश उपाध्याय निवासी खरेड़ा ने बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि ग्राम खरेड़ा के खाता संख्या 995 व 996 में दर्ज का मौके पर बंटवारा कर रखा था। लेकिन राजस्व रिकार्ड में बंटवारा करवाने के लिए सह खातेदार सहमत नहीं हो रहे थे। हमने राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने के काफी प्रयास किए। शिविर प्रभारी रतन लाल मीणा द्वारा समझाइश करने पर हम सभी इस बात के लिए राजी हो गए। बंटवारा होने पर सभी बेहद खुश है। सहायक कलेक्टर काजल मीणा ने देशराज मीणा एवं श्योजी लाल मीणा के घर के सपने को पट्टा देकर पूरा किया।उपखंड उनियारा की ग्राम पंचायत रिजोदा में आयोजित शिविर में देशराज मीणा एवं श्योजी लाल मीणा ने अपने घर का पट्टा बनाने का आवेदन किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला - अलवर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा

अन्त्योदय शिविर बन रहे ग्रामीणों के लिए राहत के केंद्र

अंत्योदय शिविरों में ग्रामीणों को मिल रही खुशियों की सौगातें

एक शिविर में ही वर्षों से अवरूद्ध तीन रास्ते खुले, ग्रामीणों के चेहरों पर आई मुस्कान

अलवर न्यूज

अलवर। राज्य सरकार द्वारा अंतिम छोर के तक के व्यक्तियों को लाभांवित करने हेतु लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे शिविरों में आमजन के हाथों-हाथ काम होने से यह शिविर राहत के केंद्र साबित हो रहे हैं तथा वर्षों पुराने राजस्व विवाद भी रजामंदी से दूर होने से ग्रामीणों के लिए खुशियों की सौगातें लेकर आए है।

मालाखेडा तहसील की ग्राम पंचायत सालपुर में आयोजित शिविर में वर्षों से अवरूद्ध तीन रास्तों सालपुर विद्यालय से पंचायत वाला रास्ता, नंगला चारण चौराहे से नंगला जोगी की ओर जाने वाले रास्ते एवं गांव नंगला में आबादी

हाथों-हाथ मिले मनरेगा जॉबकार्ड, लाभार्थियों ने कहा अब नहीं होगी काम की चिंता



जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को मालाखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हल्दीना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया और आमजन से सीधा संवाद कर शिविर की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त की कि उन्हें शिविर में क्या-क्या लाभ मिल रहे हैं। साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी और विकास अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आगामी शिविरों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें और अधिक से अधिक लोगों की परिवेदनाओं का मौके पर समाधान हो। डॉ. शुक्ला ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान भारत कार्ड अब तक नहीं बने हैं, उनके कार्ड शीघ्र बनवाए जाएं ताकि उन्हें चिकित्सा सुविधा का समय पर लाभ मिल सके। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने ग्राम हल्दीना के श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से इस अभियान में भाग लेने और लगाए गए पौधों की देखभाल करने का आह्वान किया। डॉ. शुक्ला ने श्मशान घाट के समुचित विकास हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसमें टीनशेड लगवाना, वर्षा जल निकासी के लिए इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछवाना तथा चारागाह भूमि एवं अन्य स्थलों पर भी पौधारोपण कराने के निर्देश शामिल हैं। उन्होंने पंचायत भवन तक जाने वाले रास्ते को जल्द दुरुस्त करवाने के आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी नवज्योति कांवरिया, विकास अधिकारी राजबाला मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। जिला कलक्टर का यह दौरा प्रशासन की संवेदनशीलता, पर्यावरण चेतना और आमजन की समस्याओं के प्रति तत्परता को दर्शाता है।

पंचायत भवन तक दुरुस्त करवाएं सड़क

अलवर @ पत्रिका. जिला कलक्टर आर्तिका शुक्ला ने मालाखेड़ा क्षेत्र का दौरा किया। उसके बाद ग्राम पंचायत हल्दीना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। हल्दीना श्मशान घाट में पौधरोपण कर श्मशान घाट के विकास और ग्राम पंचायत भवन तक सड़क दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने विभागों की ओर से लगाए गए ई-स्टॉल का निरीक्षण कर शिविर में आमजन के किए जा रहे काम का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों व आमजन से संवाद कर शिविर में लाभ प्राप्त करने, शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उपखण्ड अधिकारी व बीडीओ को निर्देश दिए कि शेष शिविरों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखें। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी नवज्योति कांवरिया, विकास अधिकारी राजबाला मीणा मौजूद रही।

दैनिक भास्कर
अलवर जिला 08-07-2025

सड़कों को दुरुस्त कराने और श्मशान के लिए भूमि चिन्हित करने की मांग

खेड़ली| गांव बहरामपुर में सोमवार को हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर में ग्रामीणों ने गांव की लिंक सड़कों को दुरुस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बहरामपुर से खेड़ली कस्बे की तरफ जाने वाली सड़क की हालत अत्यधिक जर्जर स्थिति में है। सड़क पर काफी गहरे खड्डे बने हुए हैं, जिससे लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और सड़क पर आने जाने की सारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा ग्राम पंचायत के गांव शाहपुर को जोड़ने वाली सड़क भी ग्रेवल बनी हुई है, जिसकी हालत खराब होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है। गांव प्रशासक इंद्रवती मीणा सहित ग्रामीणों ने उक्त सड़क पर डामरीकरण करने की मांग लिखित रूप से की। इसके अलावा गांव में श्मशान घाट को लेकर भूमि चिन्हित करने की मांग भी की गई। सरपंच ने बताया कि गांव में मृत लोगों के अंतिम संस्कार के लिए गांव में स्थित गोचर की जमीन खसरा 487/2 पर अंतिम संस्कार किया जाता है। श्मशान के नाम कोई भी भूमि नहीं होने के कारण वहां चार दिवारी या टीन शेड जैसी कोई सुविधा नहीं बन सकी है। ऐसे में बरसात होने या मौसम खराब होने पर शवों के दाह संस्कार में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- डीडवाना

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक नवज्योति nagaur - 08 Jul 2025 - Page 9

लोगों की समस्याओं का मौके पर ही हो रहा निस्तारण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, कुचामनसिटी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में लोगों के परिवादों को सुन उनका निदान कर रहे हैं। राजस्व सहित राज्य सरकार के 16 विभागों के अधिकारी मौके पर ही कार्य निपटाकर लोगों को राहत प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पलाड़ा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला कलक्टर डीडवाना कुचामन डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने की। जिला कलक्टर ने शिविर आयोजन का उद्देश्य ग्रामवासियों को बताया गया और लाभार्थियों को पट्टा वितरण, स्वामित्व कार्ड आदि का वितरण किया। श्रीमती मधुलिका शेखावत उपस्वास्थ्य केंद्र पलाड़ा को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। प्रशासक लीना कंवर ने शिविर के दौरान आम जन की समस्याओं से जिला कलक्टर को अवगत कराया गया। पंचायत समिति सदस्य विजय सिंह पलाड़ा ने ग्रामवासियों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए कहा एवं आम जन की समस्याओं का तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की सहायता से मौके पर निस्तारण करवाया।









डेगाना। ग्राम पंचायत खींवताना में सोमवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश माचरा एवं सरपंच भवरी देवी चॉयल ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी के मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित किए। उपखण्ड अधिकारी ने टीबी के मरीज को नियमित दवाई के साथ साथ पोषण किट लेना जरूरी बताया। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर कैलाश डूकिया ने बताया कि निक्षय मित्र योजना सरकार की एक प्रभावी पहल है जिससे न केवल रोगियों को सहायता मिलती है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। इसी क्रम में खींवताना सरपंच भवरी देवी को निक्षय मित्र बनाया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर श्रवण राम राव ने अभियान के बारे में बताया। वहीं खंड प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकिशोर सारण ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में बाबूलाल ,नर्सिंग ऑफिसर राकेश, दीपा चौधरी, प्रति चौधरी, एएनएम और आशा शारदा मंजू उपस्थिति रही।

रोल। ग्राम पंचायत रोल में सोमवार को प्रशासक मनफूलसिंह डिडेल की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा पट्टा वितरण, पेंशन सत्यापन, चिकित्सा विभाग द्वारा लोगों की शुगर व बीपी की जांच, टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण व स्क्रीनिंग, आभा आईडी कार्ड वितरण, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण, जरूरतमंदों को दवा वितरण, कृषि विभाग द्वारा सॉइल कार्ड वितरित किए। जावल एसडीएम अभिलाषा ने शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामप्रकाश जाखड़, डीएसओ अंकित पचार, तहसीलदार पेमाराम पूनिया, बीडीओ महावीर प्रसाद, एसिस्टेंट बीडीओ सुशील भाकर, रसद विभाग के ईओ रामावतार पूनिया, बिजली विभाग के एक्सईएन आरआर भाटी, जेईएन ज्योति स्वरूप, डॉ. राजेन्द्र सिंह कालवी, डॉ. विनीत सोनी, डॉ. लोकेन्द्र धायल, पीईईओ नरेन्द्र डिडेल, आरआई सीताराम फरड़ोदा, पटवारी श्रवण गोदारा, वीडीओ परमेश्वर, कृषि सुपरवाइजर सुनीला उपस्थित रहे।

आलनियावास। पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान किया। डेगाना विधायक अजय सिंह किलक ने कहा कि हर व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। शिविर में ग्राम पंचायत आलनियावास की ओर से पट्टे, प्रॉपर्टी आईटी और पौधे वितरित किए। शिविर में 5 नए जल कनेक्शन, 20 मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित कई कार्य हुए। पीएम श्री विद्यालय में कम वोल्टेज की समस्या से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलने की शिकायत पर प्रधानाचार्य करमा राम कडेला ने अलग कनेक्शन की मांग की। शिविर में प्रधान भैरूंदा जसवंत सिंह थाटा, उपखंड अधिकारी सुरेश के एम, नंदकिशोर टॉक, नायब तहसीलदार राधिका चौधरी, सरपंच पुष्पा देवी शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी भगवान सिंह, पटवारी रामनिवास बोरानिया, वीडीओ नोरतमल, कनिष्ठ सहायक छगनलाल दरट, ब्रह्मदेव शर्मा, वार्ड पंच जितेंद्र गॉड, घनश्याम सैनी, संतोष नाथ, पूर्व उपसरपंच जुगराज बावरी और रामकिशन लाटा भी शिविर में उपस्थित रहे।

पत्रिका

अत्योदय सबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों ने समस्याएं रखीं



गच्छीपुरा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को पट्टे वितरित करते जन प्रतिनिधि व अन्य।

गच्छीपुरा @ पत्रिका . ग्राम पंचायत गच्छीपुरा में सोमवार को नायब तहसीलदार सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभिन्न विषयों पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें जल जीवन मिशन के तहत वार्ड 7, 8, 13 व 14 में पेयजल समस्या, वार्ड 14 में ट्रांसफार्मर हटवाने, चकमादास की 6 हजार बीघा भूमि का पटवार हल्का बदलने, गांव का नाम गच्छीपुरा करने और रेलवे फाटक संख्या सी-60 खोलने जैसी मांगें प्रमुख रहीं। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा 31 नए पट्टे वितरित किए गए, साथ ही 32 लोगों को पुराने पट्टों के साथ स्वामित्व कार्ड सौंपे गए। इस अवसर पर सरपंच सुरेश मेघवाल, एडीओ भंवरलाल विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी भेरुराम गोदारा, उप सरपंच महेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

08/07/2025 | Kuchaman | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- श्रीगंगानगर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

ग्राम पंचायत 4 एसपीएस में बांटे पट्टे



सीमा सन्देश# अनूपगढ़। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को पंचायत 4 एसपीएस(सलेमपुरा) में आयोजित कैम्प में ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ उन्हे लाभान्वित किया गया। कैम्प में एसडीएम सुरेश राव, पंचायत समिति एडीओ गोविन्द सिह, सरपंच एवं प्रशासक प्रिया असवाल, ग्राम विकास अधिकारी बलविन्द्र सिंह और गिरदावर प्रभूराम के द्वारा 25 आवासीय पट्टो का वितरण किया गया व 3 प्रधानमन्त्री आवास योजना के लाभार्थियों को किस्त जारी व 12 लाभार्थियों के शौचालय स्वीकृत किये गये। वही कृषि विभाग द्वारा 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 5 डिग्गीयों की प्रशासनिक स्वीकृती और राजस्व विभाग के प्रकरणों का निस्तारण हुआ। कैंप के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय विद्यालय में 35 नामांकन दर्ज किए । इस अवसर पर एसडीएम सुरेश राव ने सभी विभागों से प्राप्त परिवादों का गुणवतापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। हरियालों राजस्थान की थीम पर पौधारोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया।

धरिंगावाली में शिविर लगाया



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत पंचायत समिति द्वारा 2 एमएम धरिंगावाली में शिविर लगाया गया। प्रभारी दलजीत सिंह हुंदल, सह प्रभारी नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, प्रशासक कमलजीत कौर, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र अरोड़ा, ग्राम विकास अधिकारी हेमंत लिंबा, बालकिशन लावा ने विभिन्न प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया। 1230 पौधों का रोपण किया गया। विद्युत, चिकित्सा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पशुपालन, शिक्षा, रसद, कृषि, बाल विकास परियोजना विभाग से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला - सवाई माधोपुर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 08-07-2025

शिविर: सीमाज्ञान के 9 प्रकरणों का निस्तारण किया

भास्करन्यूज | मित्रपुरा

मित्रपुरा तहसील मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर के तहत मित्रपुरा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर प्रभारी मित्रपुरा तहसीलदार बसंत कुमार शर्मा को नियुक्त किया गया।

शिविर में राजस्व विभाग में सीमाज्ञान के 10 प्रकरण आए। जिसमें से मौके पर 9 का निस्तारण किया गया। इसके अलावा नामांतरण के 25 प्रकरण आए। जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। और रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत रास्तों के 5 प्रकरण आए। जिसमें पांचों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग में पेंशन सत्यापन के लिए 81 पेंशनर्स का लक्ष्य था। जिसमें 31 का सत्यापन किया। ग्रामीण विकास में



मित्रपुरा। लाभार्थी को कार्ड वितरित करते कर्मचारी।

चयनित बीपीएल परिवार में 2 का सत्यापन किया गया। और द्वितीय चरण में 7 का सत्यापन किया गया। पंचायतीराज विभाग में पखवाड़ा अवधि के तहत नरेगा कार्य की 3, एफएफसी 15 और एसएफसी 4 का कार्य हुआ। इसके अलावा पखवाड़ा अवधि में 840 पौधरोपण किए गए। वन विभाग में 2250 पौधों का लक्ष्य रखा गया। जिसमें से 800 लगाए गए। पशु पालन विभाग में 7 रोगी पशुओं का इलाज किया गया। और गल घोटू के 120 पशुओं के टीके लगाए गए। विद्युत निगम में बिजली के झूलते तारों का 1 प्रकरण आया जिसका मौके पर निस्तारण किया गया। और बिजली के झूलते तारों का 2 प्रकरण आए। जिसमें से 1 का निस्तारण किया गया। जल संसाधन विभाग में 2 जलाशयों की सफाई का लक्ष्य दिया गया था। जिसका निस्तारण किया गया। लीकेज का 1 प्रकरण का निस्तारण किया गया। कृषि विभाग में 12 नमूने लिए गए। और 18 मृदा कार्ड वितरित किए गए। खाद्य विभाग में एनएफएसए के 103 प्रकरण लंबित थे। जिसमें से 12 का निस्तारण किया गया।

इसके अलावा नवीन पात्र परिवारों की आधार सीडिंग के 167 प्रकरण लंबित थे। जिसमें से 88 का निस्तारण किया गया। इसके अलावा एनएफएसए में ई केवाईसी हेतु 422 प्रकरण लंबित थे। जिसमें से 178 प्रकरणों की ई केवाईसी की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शंकर पोसवाल, प्रशासक लालाराम मीना आदि मौजूद थे।

अंत्योदय संबल पखवाड़ा में शासन पहुंचा अंतिम पंक्ति तक, बना जनविश्वास का उदाहरण मौके पर निस्तारित हुए राजस्व प्रकरण, पोषण किट से टीबी मरीज हुआ लाभान्वित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

सवाईमाधोपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सिनोली में एक महत्त्वपूर्ण जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर वास्तविक 'अंत्योदय' के भाव को साकार करना रहा। इस शिविर की में प्रशासनिक तत्परता, जनसुनवाई की संवेदनशीलता और योजनाओं की सीधी पहुंच के अद्वत समन्व्य ने यह सिद्व कर दिया कि जब शासन संकल्पित होता है, तो परिवर्तन जमीनी स्तरप पर स्पष्ट रूप से दिखता है।

राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधन बना विश्वास की नींव: इस शिविर में गौरी शंकर पुत्र कालू मीणा ने राजस्व अभिलेख में दर्ज अपने नाम को सम्मानजनक रूप में दर्ज करने हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी विनोद कुमार शर्मा (तहसीलदार, सवाई माधोपुर) ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए हल्का पटवारी एवं भू-अभिलेख निरीक्षक को निर्देशित कर मौके पर ही



आवश्यक कार्रवाई । शीघ्रता से प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवश्यक संशोधन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई।

इसी प्रकार राकेश पुत्र हंसराज गुर्जर ने अपनी कृषि भूमि का पारस्परिक सहमति से विभाजन करवाने का निवेदन किया, जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा तत्क्षण हल्का पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षक को मौके के अनुसार विभाजन तैयार करने के निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर ही दोनों राजस्व प्रकरणों का समाधान कर, आवश्यक प्रविष्टियाँ राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज की गईं जिससे लोगों को राहत की अनुभूति हुई। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विभाग की सहभागिता से टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जो भामाशाह की सहायता से संभव हो पाया। इससे न केवल मरीजों को पोषण सहायता मिली, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता भी उजागर हुई। शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले सभी नागरिकों ने शासन की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार वास्तव में गरीबों, वंचितों और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सरकार है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया। यह शिविर न केवल प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण बना, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि जब शासन संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य करता है, तो आमजन का विश्वास और भागीदारी दोनों मजबूत होते हैं।

संबल पखवाड़ा शिविर में आमजन को मिला लाभ



गंगापुर सिटी। सोमवार को गंगापुर सिटी की ग्राम पंचायत सलेमपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याएं सुनी तथा उनका त्वरित समाधान भी मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। शिविर में तहसीलदार बृजेश सिहरा सहित राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायत, सामाजिक न्याय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण रूप से उपस्थित रहे। जनता ने अपनी समस्याओं को खुलकर साझा किया और विभागीय टीमों ने तत्परता से समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की। यह शिविर जनसुनवाई और समाधान की दिशा में एक सफल एवं सराहनीय प्रयास साबित हुआ। इस अवसर पर गंगापुर पंचायत समिति प्रधान श्रीमति मंजू गुर्जर,भाजपा तलावड़ा मंडल अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य पुखराज सलेमपुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि रामभरोसी वैष्णव, सरपंच विनीता रैगर, घीसालाल बैंसला, रघुनाथ फौजी आदि ग्रामीण लोग मौजूद थे।

अंत्योदय संबल पखवाड़ा में शासन पहुंचा अंतिम पंक्ति तक

बना जनविश्वास का उदाहरण मौके पर निस्तारित हुए राजस्व प्रकरण, पोषण किट से टीबी मरीज हुआ लाभान्वित

सवाई माधोपुर ,7 जुलाई (का.स.) 7 जुलाई 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सिनोली में एक महत्त्वपूर्ण जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर वास्तविक 'अंत्योदय' के भाव को साकार करना रहा। इस शिविर की में प्रशासनिक तत्परता, जनसुनवाई की संवेदनशीलता और योजनाओं की सीधी पहुंच के अद्वत समन्व्य ने यह सिद्व कर दिया कि जब शासन संकल्पित होता है, तो परिवर्तन जमीनी स्तरप पर स्पष्ट रूप से दिखता है।

राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधन बना विश्वास की नींव–

इस शिविर में गौरी शंकर पुत्र कालू मीणा ने राजस्व अभिलेख में दर्ज अपने नाम को सम्मानजनक रूप में दर्ज करने हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी विनोद कुमार शर्मा (तहसीलदार, सवाई माधोपुर) ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए हल्का पटवारी एवं भू-अभिलेख निरीक्षक को निर्देशित कर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई । शीघ्रता से प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवश्यक संशोधन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई।

इसी प्रकार राकेश पुत्र हंसराज गुर्जर ने अपनी कृषि भूमि का पारस्परिक सहमति से विभाजन करवाने का निवेदन किया, जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा तत्क्षण हल्का पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षक को मौके के अनुसार विभाजन तैयार करने के निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर ही दोनों राजस्व प्रकरणों का समाधान कर, आवश्यक प्रविष्टियाँ राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज की गईं जिससे लोगों को राहत की अनुभूति हुई। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विभाग की सहभागिता से टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जो भामाशाह की सहायता से संभव हो पाया। इससे न केवल मरीजों को पोषण सहायता मिली, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता भी उजागर हुई। शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले सभी नागरिकों ने शासन की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार वास्तव में गरीबों, वंचितों और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सरकार है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया। यह शिविर न केवल प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण बना, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि जब शासन संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य करता है, तो आमजन का विश्वास और भागीदारी दोनों मजबूत होते हैं।



पत्रिका

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर में समस्याओं का किया निस्तारण

बाटोदा. बरनाला तहसील की जीवद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार भगवान सहाय मीणा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। शिविर में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, राजस्व, पंचायत राज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में मौके पर ही निस्तारित प्रकरणों का संबंधित विभागों ने प्रमाण पत्र जारी कर वितरित किए। जीवद शिविर में एक भूमि विभाजन का मामला आया, जिसमें शंभू, अंगद व रामदयाल पुत्र रणजीत मीणा ने विभाजन का आवेदन किया। मौके पर ही पटवारियों व भू अभिलेख निरीक्षक को निर्देश प्रदान कर विभाजन करवाया गया व विभाजन कर दस्तावेज आवेदकों को दिए गए। इस दौरान सरपंच प्रेम देवी, ग्राम विकास अधिकारी मनोज प्रजापत, कनिष्ठ लिपिक विमल कुमार सैन, पटवारी तेजराम मीणा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे। इधर बिंजारी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भी शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया।



बाटोदा . जीवद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में प्रमाण पत्र वितरित करते नायब तहसीलदार।

08/07/2025 | Sawaimadhopur | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

शिविर में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष, सुनी समस्याएं



गंगापुरसिटी. ग्राम पंचायत सलेमपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याएं सुनी। उनका त्वरित समाधान भी मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायत, सामाजिक न्याय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनता ने अपनी समस्याओं को खुलकर साझा किया और विभागीय टीमों ने तत्परता से समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की। इस अवसर पर प्रधान मंजू गुर्जर, भाजपा तलावड़ा मंडल अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य पुखराज सलेमपुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि रामभरोसी वैष्णव, सरपंच विनीता रैगर, घीसालाल बैंसला, रघुनाथ फौजी आदि ग्रामीण लोग मौजूद थे।

08/07/2025 | Gangapur City | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
सवाई माधोपुर 08-07-2025

अंत्योदय योजना के तहत अल्लापुर व बहरावंडा खुर्द में आज लगेगा कैंप

बहरावंडा खुर्द | उपखंड क्षेत्र में वर्तमान में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत अल्लापुर व बहरावंडा खुर्द में कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला प्रभारी सचिव के द्वारा कैंप का निरीक्षण करना प्रस्तावित है। ग्राम विकास अधिकारी रामबाबू जाट व एलडीसी राजेश बैरवा ने बताया कि आज दोनों ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी ग्रामीण पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं।इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारियो का आना प्रस्तावित है।

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 08-07-2025

अंत्योदय संबल शिविर : स्कूल में छात्रों को पाठ्य पुस्तकें बांटी

सवाईमाधोपुर | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगोर में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें बांटी गईं। वितरण का कार्य प्रधानाचार्य मीठालाल राजोरा, शिविर प्रभारी बृजराज मीणा और ग्राम पंचायत प्रशासक ने किया।शिविर में खाद्य सुरक्षा पेंशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का सत्यापन किया गया। पात्र लोगों को पट्टे भी वितरित किए गए। जरूरतमंदों को फूड किट भी दी गईं। इस मौके पर अतिरिक्त विकास अधिकारी बृजलाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी हरकेश गुर्जर, चंद्रकला मीणा, शारीरिक शिक्षक हरप्रीत कौर, कनिष्ठ सहायक सुनील अग्रवाल, बदरुद्दीन, अंसार मेंबर सहित सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 और 9 जुलाई को

न्यूज सर्विस/नवज्योति, सवाईमाधोपुर। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में 24 जून से 9 जुलाई, 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत दोंदरी, दोबड़ा कलां, पचीपल्या एवं हलोन्दा में, बामनवास की लिवाली में, गंगापुर सिटी की बिदरख्या एवं बामनबडौदा में, मलारना डूंगर की फलसावटा में, खण्डार की बहरावण्ड़ा खुर्द एवं अल्लापुर में, बरनाला की सुन्दरी में, मित्रपुरा की मोरण एवं बपूई में तथा 9 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत श्यामपुरा, कुण्डेरा एवं शेरपुर में, बामनवास की मीना कोलेता में, गंगापुर सिटी की बाढकलां में, मलारना डूंगर की मलारना डूंगर में, खण्डार की छाण में, बरनाला की फुलवाड़ा एवं भिनौरा में, मित्रपुरा की गोतोड़ एवं पीपलदा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में विशेष रूप से राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, पेयजल, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यान, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन (शहरी क्षेत्रों में), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां व कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 और 9 जुलाई को, इन पंचायतों में लगेंगे शिविर

सवाई माधोपुर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में 24 जून से 9 जुलाई, 2025 तक प्रात: 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत दोंदरी, दोबड़ा कलां, पचीपल्या एवं हलोन्दा में, बामनवास की लिवाली में, गंगापुर सिटी की बिदरख्या एवं बामनबडौदा में, मलारना डूंगर की फलसावटा में, खण्डार की बहरावण्ड़ा खुर्द एवं अल्लापुर में, बरनाला की सुन्दरी में, मित्रपुरा की मोरण एवं बपूई में तथा 9 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत श्यामपुरा, कुण्डेरा एवं शेरपुर में, बामनवास की मीना कोलेता में, गंगापुर सिटी की बाढकलां में, मलारना डूंगर की मलारना डूंगर में, खण्डार की छाण में, बरनाला की फुलवाड़ा एवं भिनौरा में, मित्रपुरा की गोतोड़ एवं पीपलदा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

शिविरों में विशेष रूप से राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, पेयजल, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यान, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन (शहरी क्षेत्रों में), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां व कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत 8 और 9 जुलाई को इन पंचायतों में लगेंगे शिविर

सवाई माधोपुर,7 जुलाई (का.स.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में 24 जून से 9 जुलाई, 2025 तक प्रात: 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत 8 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत दोंदरी, दोबडा कलां, पचीपल्या एवं हलोन्दा में, बामनवास की लिवाली में, गंगापुर सिटी की बिदरख्या एवं बामनबडौदा में, मलारना डूंगर की फलसावटा में, खण्डार की बहरावण्डा खुर्द एवं अल्लापुर में, बरनाला की सुन्दरी में, मित्रपुरा की मोरण एवं बपूई में तथा 9 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत श्यामपुरा, कुण्डेरा एवं शेरपुर में, बामनवास की मीना कोलेता में, गंगापुर सिटी की बाढकलां में, मलारना डूंगर की मलारना डूंगर में, खण्डार की छाण में, बरनाला की फुलवाडा एवं भिनौरा में, मित्रपुरा की गोतोड एवं पीपलदा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में विशेष रूप से राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, पेयजल, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यान, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन (शहरी क्षेत्रों में), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां व कार्य सम्पादित किये जायेंगे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- सीकर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

राजस्थान पत्रिका, सीकर 8/7/25

आज यहां लगेंगे शिविर

सीकर. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों की पहल मंगलवार को भी जारी रहेगी। जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत रूपगढ़, खूड, पलसाना की लढाणा, किशनपुरा, शिश्यू, बिहारीपुर, कल्याणपुरा थोइ, रामपुरा थोई, मोकलवास, दीपावास, जयरामपुरा, रलावता, बाजोर, मलकेड़ा, फतेहपुर की बलोद, गांग्यिासर, भींचरी, खीरवा, लालासी, नेछवा की तूनवा,नेछवा, पेवा, मांडोता में सुबह साढ़े नौ से शाम साढ़े पांच बजे तक शिविरों का आयोजन होगा।

(5)

दैनिक भास्कर, सीकर 8/7/25

आज 24 ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

सीकर | पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को 24 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 8 जुलाई को उपखंड दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत रूपगढ़, खूड़, पलसाना की लढ़ाणा, किशनपुरा, शिश्यूं, तहसील पाटन की बिहारीपुर, श्रीमाधोपुर की कल्याणपुरा थोई, रामपुरा थोई, अजीतगढ़ की मोकलवास आदि गांवों में कैंप लगेंगे।

(19)

दैनिक नवज्योति, जयपुर 3/7/25

जैतुसर और मालाकाली में लगे शिविर में 241 मामलों का निपटारा

रींगस। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चालू किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मालाकाली और जैतुसर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविर लगाया गया, जिसमें रींगस उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों के द्वारा 241 मामलों का निपटारा करके आमजन को राहत प्रदान की गई। एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि जैतुसर में लगे शिविर में नामांतरण के 11, खाता दुरुस्ती के 7, रास्ता प्रकरण 9, कुरेर्जात 5, पत्थरगढ़ी 6, सीमाज्ञान 12, मृदा नमूना संग्रहण 20, मृदा कार्ड 15, एनएफएसए आवेदन निस्तारण 8, पेंशन सत्यापन 7, दिव्यांग प्रमाण पत्र 5 और 13 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। वहीं मालाकाली ग्राम पंचायत में लगे शिविर में नामान्तरकरण के 10, खाता दुरुस्ती के 9, रास्ते के प्रकरण 12, कुरेर्जात 6, पत्थरगढ़ी के 8, सीमाज्ञान के 14, मृदा नमूना संग्रहण 36, मृदा कार्ड 6, एनएफएसए आवेदन निस्तारण 5, पेंशन सत्यापन 5 और 12 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत के प्रशासक धर्मसिंह बिजारणियां के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने पटवारी का बास से मालाकाली होते हुए रींगस आने वाले रास्ते को खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया जिस पर शिविर प्रभारी एसडीएम बृजेश कुमार ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।



(45)

महालगाट टाइम्स 8/7/25

आज कई ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

सीकर (मसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के अनुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 जुलाई को उपखण्ड दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत रूपगढ़, खूड, पलसाना की लढाणा, किशनपुरा, शिश्यू, तहसील पाटन की बिहारीपुर, श्रीमाधोपुर की कल्याणपुरा थोइ, रामपुरा थोई पंचायत समिति अजीतगढ़ की मोकलवास, दीपावास, खण्डेला की जयरामपुरा, रलावता, पिपराली की बाजोर, मलकेड़ा, फतेहपुर की बलोद (भा.) गांग्यासर, भींचरी, लक्ष्मणगढ़ की पालडी, खीरवा, लालासी, नेछवा की तूनवा, नेछवा, धोद की पेवा, मांडोता में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे।

५१

राजस्थान स्टेटमेंट,जयपुर 8/7/25

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में ग्रामीण हो रहे हैं लाभान्वित

(कार्यालय संवाददाता)

सीकर। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों राजपुरा, खेड़ी राड़ान व बीदसर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 1291 ग्रामीण लाभान्वित हुए।

52

राष्ट्रदूत 08-7-05

शिविर आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 जुलाई को उपखण्ड दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत रूपगढ़, खूड़, पलसाना की लढाणा, किशनपुरा, शिरथू, तहसील पाटन की विहारीपुर, श्रीमाधोपुर की कल्याणपुरा थोई,रामपुरा थोई पंचायत समिति अजीतगढ़ की मोकलवास, दीपावास, खण्डेला की जयरामपुरा, रलावता, पिपराली की बाजोर, मलकेड़ा, फतेहपुर की बलोद (भा.)गांग्यासर, भींचरी, लक्ष्मणगढ़ की पालडी, खीरवा, लालासी, नेछवा की तूलवा,नेछवा, घोद की पेवा, मांडोता में प्रात: 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

दैनिक भास्कर 08-7-25

ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में अंत्योदय शिविर में ग्रामीणों ने समस्याएं उठाई

- अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की
- लोक देवता बाबा झुझार सेवा समिति ने बाबा झुझार मंदिर भूमि को मंदिर के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा



शिविर में ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।

पाटन, (निसं)। ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत एक दिवसीय जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। कैंप में मुख्य रूप से नीमकाथाना एसडीएम राजवीर यादव, पाटन तहसीलदार सुभाष चंद्र, नायब तहसीलदार भोम सिंह मीणा, पाटन प्रधान सुवालाल सैनी, सरपंच अनिल कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। ग्रामीणों ने जोहड़ में पानी की आवक की समस्या, गांव की भूमि पर क्रशर मालिक द्वारा किए गए अवैध कब्जे और सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया। इन समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर लोक देवता बाबा झुझार सेवा समिति द्वारा बाबा झुझार मंदिर भूमि को मंदिर के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाबा झुझार सैकड़ों वर्ष पूर्व गायों की रक्षा करते हुए युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त हुए थे और उनका नाम राजस्थान के गौरवशाली इतिहास में दर्ज है। आज भी वे गांव में लोकदेवता के रूप में पूजे जाते हैं, किंतु मंदिर की भूमि अब तक राजस्व अभिलेखों में शामिल नहीं हो पाई है। शिविर में आए ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और प्रशासन से उम्मीद जताई कि उनको वर्षों पुरानी समस्याओं का अब स्थायी समाधान होगा।

सच मीडिया 08-7-15

स्यालोदड़ा गांव में हुआ अंत्योदय शिविर का आयोजन

ग्रामीणों की अनेक समस्याओं का हुआ निराकरण



● सच मीडिया

झबला। झबला क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सर्वांग पखवाड़े के तहत कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से जनता की अनेक समस्याओं का निराकरण भी किया गया। कैंप में नायब तहसीलदार भोम सिंह मीणा, सरपंच अनिल कुमार शर्मा, पटन प्रधान सुखलाल सैनी और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर जनता की समस्याओं को सुनकर उचित ढंग से उनका निराकरण किया। इस बीच ग्रामीणों ने जौहर में पानी की आवक की समस्या उठाई? तथा साथ ही साथ क्रेशर मालिक द्वारा गांव की जमीन और रास्ते पर किए गए अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया गया। लोक देवता बाबा झुझार सेवा समिति ने मंदिर भूमि को मंदिर के नाम आवंटन के लिए ज्ञापन दिया ग्रामीणों के अनुसार बाबा झुझार जी पंवार सैकड़ों वर्ष पूर्व गायों की रक्षा करते हुए युद्ध भूमि में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनसे संबंधित स्थल स्यालोदड़ा से कुछ दूरी पर ईमलोहा ग्राम है। वर्तमान में झुझार जी का मंदिर सतुपाड़ा ग्राम में बना हुआ है। जिसमें प्रतिवर्ष रामनवमी को मेला भरता है। इतिहास में नाम होने के बावजूद मंदिर भूमि राजस्व रिकॉर्ड में शामिल नहीं है। कैंप के अंतर्गत अनेक स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

सत्य मीडिया 08-7-25

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का हुआ आयोजन

● सत्य मीडिया

अजीतगढ़,सीकर। 2025 के अन्तर्गत श्रीमाधोपुर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत धोई, झाड़ली, पिपलपुर में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त तीनो पंचायतों के कैम्प में दिन भर लोगों में सरकारी योजनाओं में पंजीयन करवाने का उत्साह नज़र आया। उपखण्ड अधिकारी अनित कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में आम जन को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से कुल 18 विभागों के कार्य एक ही जगह संपादित से ग्रामीणजनों की कई शिकायतों/कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चारों ग्राम पंचायतो में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में राजस्व विभाग ने 40 नामान्तरण, 35 सीमाज्ञान, 19 पत्थारगड़ी, 19 खसरे के प्रकरण और 10 आपसी सहमति से बटवारा के प्रकरण, पंचायत राज विभाग 1174, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 23, कृषि विभाग 09, रसद विभाग 141, चिकित्सा विभाग 1085, पशुपालन विभाग 201, शिक्षा विभाग 108, सामाजिक सुरक्षा विभाग पेंशन 49, एबीपीएनएल 48, खन विभाग 70, बाल विकास परियोजना विभाग 69 प्रकरण निस्तारित किये गए।पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी अनित कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद, विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीमाधोपुर सुनील कुमार, विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ़ सुनिता कुमावत, प्रधान पंचायत समिति, सरपंच ग्राम पंचायत सहित सभी ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



दैनिक नवज्योति
shekhawati - 08 Jul 2025 - Page 4

जैतुसर और मालाकाली में लगे शिविर में 241 मामलों का निपटारा

रींगस। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चालू किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मालाकाली और जैतुसर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविर लगाया गया, जिसमें रींगस उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों के द्वारा 241 मामलों का निपटारा करके आमजन को राहत प्रदान की गई। एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि जैतुसर में लगे शिविर में नामांतरण के 11, खाता दुरुस्ती के 7, रास्ता प्रकरण 9, कुरेजांत 5, पत्थरगढ़ी 6, सीमाज्ञान 12, मृदा नमूना संग्रहण 20, मृदा कार्ड 15, एनएफएसए आवेदन निस्तारण 8, पेंशन सत्यापन 7, दिव्यांग प्रमाण पत्र 5 और 13 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। वहीं मालाकाली ग्राम पंचायत में लगे शिविर में नामान्तरकरण के 10, खाता दुरुस्ती के 9, रास्ते के प्रकरण 12, कुरेजांत 6, पत्थरगढ़ी के 8, सीमाज्ञान के 14, मृदा नमूना संग्रहण 36, मृदा कार्ड 6, एनएफएसए आवेदन निस्तारण 5, पेंशन सत्यापन 5 और 12 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत के प्रशासक धर्मसिंह बिजारणियां के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने पटवारी का बास से मालाकाली होते हुए रींगस आने वाले रास्ते को खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया जिस पर शिविर प्रभारी एसडीएम बृजेश कुमार ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।



समर सहारा 08-7-25

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

8 जुलाई को जिले की इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

समर सहारा/प्रेम सैनी/सीकर

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 जुलाई को उपखण्ड दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत रूपगढ़, खूड, पलसाना की लढाणा, किशनपुरा, शिरयू, तहसील पाटन की बिहारीपुर, श्रीमाधोपुर की कल्याणपुरा थोइ,रामपुरा थोई पंचायत समिति अजीतगढ़ की मोकलवास, दीपावास, खण्डेला की जयरामपुरा, रलावता, पिपराली की बाजोर, मलकेड़ा, फतेहपुर की बलोद (भा.)गांगियासर, भींचरी, लक्ष्मणगढ़ की पालडी, खीरवा, लालासी, नेछवा की तूनवा,नेछवा, धोद की पेवा, मांडोता में प्रात 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows.

समर सहारा 08-7-25

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में ग्रामीण हो रहे हैं लाभान्वित

सोमवार को राजपुरा, खेड़ी राइन व बीदसर ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ शिविर



समर सहारा/प्रेम सैनी/सीकर

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों राजपुरा, खेड़ी राइन व बीदसर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 1291 ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारुक अली, पंचायत समिति की विकास अधिकारी श्रीमती रेमा सहारण सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि सोमवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 29 निस्तारण, एनएफ एसए 20 आवेदन का निस्तारण और 300 पशुओं के टीकाकरण किया गया तथा 31 मामले सीमा ज्ञान के निस्तारण किये गये। 526 ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर सहित अन्य जांच की गई। 11 जलाशयों की साफ-सफाई, 500 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण,हरियाली राजस्थान अभियान के तहत 2373 पौधे लगाए, झुलते बिजली के तारों के 10 प्रकरण का निस्तारण, 6 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, 8 पेंशनर्स सत्यापन, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना 6 लाभान्वित किये गये।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- भरतपुर

—:: समाचार कतरन — 08 जुलाई 2025 ::—

पुरानी खातेदारी विवाद से राहत, मौके पर समाधान

भरतपुर। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत भरतपुर जिले में चल रहे शिविरों का असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

वर्षों से चली आ रही खातेदारी भूमि विभाजन की उलझन अब ग्रामीणों के लिए बोझ नहीं रही। उपखंड भुसावर की ग्राम पंचायत वल्लभगढ़ के दो सगे भाइयों कमल और किशनलाल को शिविर के माध्यम से बड़ी राहत मिली। इन भाइयों की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 1255 को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

उन्होंने उपखंड अधिकारी व शिविर प्रभारी राधेश्याम मीणा को प्रार्थना पत्र सौंपा। शिविर प्रभारी ने तुरंत पटवारी हलका व भू-अभिलेख निरीक्षक की सहायता से मौके पर ही विभाजन प्रस्ताव तैयार करवाया और तस्दीक भी करवाई गई।

शिविर में दो भाईयों को मिली राहत, खातेदारी भूमि विभाजन का हुआ समाधान

भरतपुर 8 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का समयदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधी वर्षों से लम्बित समस्याओं का निराकरण कर काश्तकारों को लाभान्वित किया जा रहा है।

उपखण्ड भुसावर की ग्राम पंचायत बल्लभगढ के निवासी कमल, किशनलाल पुत्रगण रामहेत को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर वरदान साबित हुआ। परिवार में खातेदारों की संख्या बढने के साथ समय पर खातेदारी भूमि का विभाजन नहीं होने से संयुक्त खातेदारों का सरकार की अनुदान योजनाओं, कृषि विभाग की बीमा योजना एवं अन्य नवाचारों का लाभ मिलने में परेशानी का सामना करना पड रहा था। सभी ने खाता विभाजन के अनेकबार प्रयास किये लेकिन आपसी सहमति नही बन पा रही थी। इसके कारण एक दशक से अधिक समय से यह समस्या चली आ रही थी। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर की जानकारी काश्तकारों को मिली उन्होंने पुन: प्रयास कर इस समस्या को दूर करने के लिए शिविर स्थल पहुंचे। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत आयोजित शिविर में सगे भाई कमल, किशनलाल ने शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा के समक्ष अपनी समस्या रखी। प्रार्थियों ने खसरा नम्बर 1255 का आपसी सहमति से विभाजन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी द्वारा प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवा करते हुए पटवारी हल्का एवं भू अभिलेख निरीक्षक की सहाय से मौके पर ही विभाजन प्रस्ता तैयार करवाये जाकर तस्दी किये गये। समस्त खातेदार द्वारा सहमति से विभाजन हो पर भाईयों ने मुख्यमंत्री श्र भजनलाल शर्मा एवं जि प्रशासन के प्रति आभार व्य किया। भाईयों ने कहा कि इ प्रकार के शिविर आयोजन एक साथ गांव में सभी खातेद उपस्थित हो जाते है, जिससे घ बैठे समस्या का हल हो पा है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला- दौसा

–:: समाचार कतरन – 08 जुलाई 2025 ::–

दैनिक पत्रिका 08/07/25

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



बांदीकुई. भांडेडा में बालिकाओं का जन्मदिन मनाते अधिकारी।



लवाण. शेरिसंह रजवास में ग्रामीणों को प्रमाण पत्र देते कर्मचारी।

बांदीकुई (बड़ियाल कलां). पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत भांडेडा मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी एवं आभानेरी उपतहसीलदार अगद राम नावरिया ने बताया कि शिविर में लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत एक वर्ष से छोटी पांच बेटी पूर्विका, रियांशी, आकृति, जीनल, पल्लवी का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान केक काटकर व उपहार देकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार सेठी ने ग्रामीणों को पशु पालन से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सरपंच रामदयाल सैनी, ग्राम विकास अधिकारी नवीन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

शेरसिंह रजवास (लवाण). उपखंड की ग्राम पंचायत शेरसिंह रजवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत कैम्प आयोजित हुआ। इसमें सीमाज्ञान, नामान्तरण व भूमि स्वामित्व के पट्टे मिलने पर ग्रामीणों में खुशी छाई रही और अब कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों में जाने से छुटकारा मिला। तहसीलदार नवलकिशोर शर्मा व एसडीएम कार्यालय के अरविंद शर्मा ने बताया कि शिविर में सीमाज्ञान के 01, नामान्तरण के 05, रास्ते के प्रकरण 01, स्वामित्व पट्टों के 10, बिजली के झूलते तारों को खिंचवाना, 4 पोल सही करवाना, तारों के सम्पर्क में आने वाले 5 पेड़ों की कटाई, 120 पशुओं का टीकाकरण, पेंशनर्स सत्यापन के 02 सहित सात मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए। विकास अधिकारी रामजीलाल मीणा, सहायक विकास अधिकारी रामअवतार मीणा और मास्टर ट्रेनर दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।



बांदीकुई. शिविर में लोगों को प्रमाण पत्र देते राजस्वकर्मी।

बांदीकुई. राज्य सरकार की ओर से संचालित पंडित दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड की ग्राम पंचायत उनबड़ा गांव में आयोजित शिविर में एक जने को अपनी जाति की पहचान मिलने पर खुशी के आंसू छलक उठे। जानकारी के अनुसार शिविर में लंबे समय से राजपूत समाज का एक खातेदार अपनी जाति सही करवाने के लिए बार बार कार्यालयों का चक्कर लगा रहा था। जहां उक्त मामला शिविर प्रभारी बांदीकुई उपखंड अधिकारी रामसिंह राजावत एवं सह प्रभारी तहसीलदार राजेश सैनी के संज्ञान में आया। जिस पर उन्होंने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए शिविर में मौजूद गिरदावर रमेश चंद सैनी एवं पटवारी अखिलेश शर्मा से शीघ्र जांच कराई तथा मौके पर ही पीड़ित की जाति बैरवा के स्थान पर राजपूत कराई। उक्त आदेश मिलते ही राजपूत खातेदार की आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे। शिविर में 6 प्रकरण नाम शुद्धिकरण, 4 प्रकरण सहमति बंटवारा के भी हल किए गए। (ग्रामीण)

दै. भास्कर 01/07/2025

लाडो योजना में मनाया बेटियों का जन्मदिन

बांदीकुई ग्रामीण| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय भांडेडा में शिविर आयोजित हुआ। उपतहसीलदार अंगदराम नावरिया ने बताया कि शिविर में लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत एक वर्ष से कम की पांच बेटियों का जन्मदिन मनाया गया। उन्हें उपहार दिए गए। शिविर में हरिपुरा के एक जने का नाम दुरुस्त करवाया गया। शिविर में नामातंकरण, पानी भराव सहित अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। इस मौके पर रामावतार सैनी ऑफिस कानूनगो, सरपंच रामदयाल सैनी,पशु डॉक्टर अंकित सेठी, राजस्व निरीक्षक श्याम राठौड़, वीडीओ नवीन अग्रवाल, राजकुमार सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।